आवश्यकता
शुभ भास्कर
दैनिक अखबार के लिए
संपूर्ण राज्य से विज्ञापन प्रभारी एवं जिला ब्यूरो चीफ एवं संवाददाता की आवश्यकता है।
बिहार झारखंड हेड संपर्क न० =
7764978689/+919625958256

दैनिक
# शुभ भास्कर
हर कदम आपके साथ...
झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान, मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा, पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड से एक साथ प्रकाशित
• वर्ष : 1 • अंक : 148 • नई दिल्ली, सोमवार 04 सितम्बर 2023 • पृष्ठः 12 • मूल्य : 04 रुपये RNIUP HIN/2015/64737



3 फ्रेंडशिप ट्रॉफी पर जेनिथ पब्लिक स्कूल जोगबनी....

# श्रीहरिकोटा से ही क्यों इसरो करता हैं हर रॉकेट को लांच

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सूर्य की खोज के लिए भारत के पहले पीएसएलवी-सी57/ आदित्य-एल1 मिशन को शनिवार को श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र से सफलता पूर्वक प्रक्षेपित किया गया। इससे पहले श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से भारत के तीसरे चंद्रयान मिशन को लांच किया गया था। 1971 से अब तक ज्याखदातर रॉकेट्स यहीं से लांच हुए हैं, इसके बाद सवाल यह उठता है कि इसरो श्रीहरिकोटा पर इतना भरोसा क्यों करता है। इसका जबाव हम आपकों दे रहे हैं। सबसे पहले श्रीहरिकोटा की लोकेशन। दरअसल इक्वेटर से इसकी करीबी इस जियोस्टेशनरी सैटलाइट के लिए उत्तम लांच साइट बनाती है। दक्षिण भारत में बाकी जगह की तुलना में श्रीहरिकोटा इक्वेटर यानी भूमध्यक रेखा के ज्यादा पास है। पूर्वी तट पर स्थित होने से इस अतिरिक्त 0.4 किलोमीटर /प्रतिसेंकड की वेलोसिटी मिलती है। ज्यादातर सैटलाइट को पूर्व की तरफ ही लांच किया जाता है। इस जगह में आबादी नहीं है। यहां इसरो के लोग रहते हैं या फिर स्थाहनीय मछुआरे। इसलिए ये जगह पूर्व दिशा की ओर की जाने वाली लॉन्चिंग के लिए बेहतरीन



मानी जाती है। इसके अलावा यहां तक पहुंचने वाले उपकरण बेहद भारी होते हैं, इन्हें दुनिया के कोने-कोने से यहां लाया जाता है। जमीन, हवा और पानी हर तरह से यहां पहुंचना बेहतर है और मिशन की लागत भी कम हो जाती है। श्रीहरिकोटा की स्थापना 1971 में हुई थी। इसमें दो लॉन्च पैड हैं जहां से पीएसएलवी और जीएसएलवी के रॉकेट लॉन्चिंग ऑपरेशन किए जाते हैं। आंध्रप्रदेश के तट पर बसे इस द्वीप को भारत का प्राइमरी स्पेस पोर्ट भी कहा जाता है यह नेशनल हाइवे 5 पर स्थित है। नजदीक के रेलवे स्टेशन से 20 किलोमीटर और चेन्नई के इंटरनेशनल पोर्ट से 70 किलोमीटर दूर है। यहां से रॉकेट लांच करने का एक कारण ये भी है कि ये आंध्र प्रदेश से जुड़ा एक द्वीप है, जिसके दोनों ओर समुद्र है। इसके बाद लॉन्चिंग के बाद किसी रॉकेट के अवशेष सीधे समुद्र में गिरते हैं। इसके अलावा अगर मिशन को किसी तरह का खतरा होता है, तब उस समुद्र की ओर मोड़कर जनहानि से बचा जा सकता है। रॉकेट लॉन्चिंग स्टेशन ऐसी जगह पर होनी चाहिए जो रॉकेट के इंटेंस वाइब्रेशन को झेल सके। श्रीहरिकोटा इस क्राइटेरिया को बखूबी निभाता है।

## गहरी नींद में सोने जा रहे विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर

**नई दिल्ली।** चंद्रमा की खोज में भारत के चंद्रयान-3 मिशन ने एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। मिशन का हिस्सा प्रज्ञान रोवर चंद्रमा की सतह पर सफलतापूर्वक 100 मीटर की दूरी तय कर चुका है। यह उपलब्धि तब आई है जब भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) चंद्रमा पर सूरज की रोशनी कम होने के कारण विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर दोनों को स्लीप मोड में डालने की तैयारी कर रहा है। यानी चांद पर मौजूद चंद्रयान-3 मिशन के दोनों हिस्से चैन की नींद सोने को तैयार हैं। इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने सूर्य मिशन के सफल लांच के बाद इसकी घोषणा की। सोमनाथ ने कहा कि चंद्रमा पर भेजे गए चंद्रयान-3 के रोवर और लैंडर ठीक से काम कर रहे हैं और चूंकि चंद्रमा पर अब रात हो जाएगी इसलिए इन्हें ''निष्क्रिय'' किया जाएगा। सोमनाथ ने कहा कि लैंडर 'विक्रम' और रोवर 'प्रज्ञान' अब भी काम कर रहे हैं और ''हमारी टीम अब वैज्ञानिक साजो-सामान के साथ ढेर सारा काम कर रही है।'' उन्होंने कहा, अच्छी खबर यह है कि लैंडर से रोवर कम से कम 100 मीटर दूर हो गया है और हम आने वाले एक या दो दिन में इन्हें निष्क्रिय करने की प्रक्रिया शुरू करने जा रहे हैं, क्योंकि वहां (चांद पर) रात होने वाली वाली है। इसरो प्रमुख ने पहले सूर्य मिशन 'आदित्य एल1' का श्रीहरिकोटा स्थित अंतरिक्ष केंद्र से सफल प्रक्षेपण होने के बाद मिशन नियंत्रण केन्द्र से अपने संबोधन में यह जानकारी दी।

## ख़ास ख़बर

### बथनाहा से टॉल प्लाजा हटाने को लेकर सांसद को सौंपा गया मांग पत्र



**फारबिसगंज** : भारत नेपाल को जोड़ने वाले मुख्य सड़क मार्ग एनएच 527 में बथनाहा रेलवे स्टेशन के पास स्थापित किए गए टॉल प्लाजा को हटाने की मांग को लेकर जोगबनी नगर परिषद के मुख्य पार्षद रानी देवी ने मेंबर ऑफ पार्लियामेंट प्रदीप कुमार सिंह को मांग पत्र सौंपा। मेंबर ऑफ पार्लियामेंट के आवास पर मुख्य पार्षद प्रतिनिधि रोहित यादव की अगुवाई में एक शिष्टमंडल ने मेंबर ऑफ पार्लियामेंट को पत्र सौंपकर बथनाहा रेलवे स्टेशन के पास से टॉल प्लाजा हटाने की मांग की है. मेंबर ऑफ पार्लियामेंट को सौंपे गए पत्र में बताया गया कि पहले एनएच 57 में फारबिसगंज से जोगबनी नेपाल जाने वाली सड़क एनएच 57ए था,जिसे नाम बदलकर अब एनएच 527 में परिवर्तित कर दिया गया है.बथनाहा रेलवे स्टेशन के पास बने टॉल प्लाजा को नियमों के विपरीत बताते हुए कहा कि हरियाबाड़ा में पहले से फोरलेन सड़क पर पहले से टॉल प्लाजा कार्यरत है.ऐसे में अररिया जिला मुख्यालय जाने के लिए जोगबनी नगर परिषद समेत नरपतगंज के दर्जनों गांवों को दो दो टॉल प्लाजा क्रॉस करना होगा,जो आम जनों के जेब से जबरन पैसे की निकासी किए जाने के समान है.इतने नजदीक नजदीक टॉल प्लाजा को नियमों को विपरीत बताते हुए 60 किलोमीटर के बाद हो टॉल प्लाजा होने के प्रावधान होने की बात कही गई। टॉल प्लाजा के खिलाफ बथनाहा सिविल सोसाइटी ने भी मोर्चा खोल दिया है.टॉल प्लाजा हटाने और आंदोलन के स्वरूप को लेकर बथनाहा में सिविल सोसाइटी की मीटिंग हुई.जिसमे समाजसेवी शत्रुघ्न यादव,अधिवक्ता राजेश चंद्र वर्मा,शिशिर मिश्रा,राकेश कुमार,नागेश्वर यादव,रजनीकांत मिश्रा,पार्षद पंकज कुमार समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हुए और टॉल प्लाजा हटाने की मांग को लेकर संघर्ष की रूपरेखा तैयार कर आंदोलन चलाने का निर्णय लिया।

### रक्षाबंधन पर झाड़ोल प्रधान ने बांधे रक्षासूत्र

**विशाखा व्यास/ दैनिक शुभ भास्कर/ राजस्थान/ उदयपुर/** लवीना संस्थान भाई'पोस्टर का विमोचन-रक्षाबंधन पर झाड़ोल प्रधान राधा देवी लवीना विकास सेवा संस्थान ओंगना में निवासरत इकत्तीस बीटी कॉटन के निराश्रित बालश्रमिकों को रक्षासूत्र बांधने पहुची।जहां निराश्रितों के मुख से हनुमान चालीसा सुन भावविभोर होकर तिलक लगा रक्षासूत्र बांधकर बच्चों को अल्पाहार कराया।संस्थान निदेशक भरत कुमार पूर्बिया ने बताया कि प्रधान मैडम प्रारंभ से ही इन बालको के बहिन बनने का फर्ज बखूबी निभा रही है।दोपहर में संस्थान में पहुच सरपंच सविता देवी ने भी बालको को रक्षासूत्र बांध मिठाई वितरण की।उसके पश्चात झाड़ोल डीएसपी बलवीरसिंह भी लवीना विकास सेवा संस्थान पहुंचे जहां पर संस्थान निदेशक पूर्बिया व व्यवस्थापिका प्रमीला पूर्बिया ने श्री नीमच माताजी की तसवीर भेंट कर स्वागत किया।डीएसपी द्वारा दीप प्रज्वलित कर 'हमारे पुलिस भाई'कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।उन्होंने बच्चों से हाथ मिलाते हुए कहा कि पुलिस उनकी दोस्त है वो हर वक्त उनके काम आयेगी।उसके पश्चात 'हमारे पुलिस भाई'अभियान के पोस्टर का विमोचन डीएसपी सर द्वारा किया गया।व्यवस्थापिका प्रमीला पूर्बिया द्वारा संस्थान कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।

### पुनर्वास कॉलोनी हेमंत जोशी की हत्या के मामले में फरार आरोपी डालने किया आत्मसमर्पण बताया खुद को निर्दोष

**विशाखा व्यास / दैनिक शुभ भास्कर/ डूंगरपुर/ राजस्थान/**पुनर्वास कॉलोनी हेमंत जोशी कहता है के मामले में फरार आरोपी दयालाल ने किया सागवाड़ा थाने में आत्मसमर्पण डूंगरपुर जिले के सागवाड़ा थाना अंतर्गत पिछले दिनों के हेमंत जोशी हत्याकांड में उसके पुत्र मुकेश जोशी व हेमंत की पत्नी सुशील जोशी को गिरफ्तार कार्यालय में पेश किया गया था वही दायरल पिता लाल शंकर भट्ट निवासी गधा एकलिंग जी मर्डर के दिन से फरार था 1 जिसके बाद दलाल ने सोशल मीडिया पर अपना वीडियो वायरल किया जिसमें उसने बताया कि इस पूरे कांड में वह मंत्र वहां खड़ा था इसमें मुख्य आरोपी हेमंत की बड़ी पुत्री भावना वह हेमंत का साला विनोद व हेमंत की पत्नी सुशीला है उसे इसमें फंसा जा रहा है और वह इसके लिए खुद का नार्को टेस्ट करवाने के लिए भी तैयार है।

**विकसित राष्ट्र में सांप्रदायिकता, भ्रष्टाचार, जातिवाद की कोई जगह नहीं होगी**

# पीएम मोदी ने भारत को 2047 तक विकसित देश बनाने की कही बात

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि विकसित राष्ट्र में सांप्रदायिकता, भ्रष्टाचार, जातिवाद की कोई जगह नहीं होगी। उन्होंने कहा कि भारत 2047 तक विकसित देश बन जाएगा। पीएम मोदी ने पिछले सप्ताह एक विशेष साक्षात्कार में कहा कि मुद्रास्फीति पर काबू पाने की कवायद में केंद्रीय बैंकों को नीतिगत रुख के बारे में समय पर और स्पष्ट सूचना देनी चाहिए ताकि प्रत्येक देश के महंगाई रोकने की लड़ाई के कदमों का दूसरे देशों पर नकारात्मक दुष्प्रभाव न पड़े। इस समय जहां अधिकांश विकसित अर्थव्यवस्थाएं आर्थिक सुस्ती, गंभीर किल्लत, ऊंची मुद्रास्फीति और अपनी आबादी की बढ़ती उम्र की समस्या का सामना कर रही हैं वहीं भारत प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है। पीएम मोदी ने कहा कि विश्व इतिहास में लंबे समय तक भारत दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में से एक था। बाद में उपनिवेशवाद के प्रभाव की वजह से हमारी वैश्विक पहुंच घट गई। लेकिन अब भारत एक बार फिर आगे बढ़ रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि हमने जिस रफ्तार से दुनिया की 10वीं से पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था तक लंबी छलांग



लगाई है वह दर्शाता है कि भारत को अपना काम बखूबी पता है।' उन्होंने लोकतंत्र, जनांकिकी और विविधता के साथ विकास (चार 'डी') को भी जोड़ते हुए कहा कि वर्ष 2047 तक का काल व्यापक अवसरों से भरपूर है और इस दौर में रहने वाले भारतीयों के पास वृद्धि की एक नींव रखने का बड़ा अवसर है जिसे आने वाले हजारों साल तक याद रखा जाएगा। भारत ने वित्त वर्ष 2021-22 के अंत में 3.39 लाख करोड़ डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के साथ ब्रिटेन को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल कर लिया था। भारत से आगे अब सिर्फ अमेरिका, चीन, जापान एवं जर्मनी ही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 2014 से पहले के तीन दशकों में देश में कई ऐसी सरकारें आईं जो अस्थिर थीं, जिसकी वजह से वे बहुत कुछ नहीं कर पाईं।

## भारत हमारा देश, हम कहीं भी कर सकते हैं जी-20 की बैठक

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन और पाकिस्तान को दो टूक शब्दों में कहा है कि भारत हमारा देश है, हम कहीं भी जी-20 की बैठक कर सकते हैं। पीएम ने कहा कि इन दोनों को भारत को यह कहने का कोई हक नहीं है कि वह अपने देश में राजनयिक बैठकों को किस जगह पर आयोजित करे। गौरतलब है कि दिल्ली में 9-10 सितंबर को होने जा रहे जी-20 शिखर सम्मेलन आयोजित होने वाला है। इससे पहले पीएम मोदी ने कश्मीर और अरुणाचल प्रदेश में भारत द्वारा जी-20 की बैठकें आयोजित करने के खिलाफ चीन और पाकिस्तान द्वारा उठाई गई सभी आपत्तियों को खारिज कर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मेजबान देश के लिए देश के हर हिस्से में राजनयिक बैठकें करना स्वाभाविक है और यह उसका आंतरिक मामला है। गौरतलब है कि मई में भारत ने कड़ी सुरक्षा के बीच चीन और पाकिस्तान के कड़े विरोध के बीच कश्मीर में एक महत्वपूर्ण जी-20 पर्यटन बैठक आयोजित की। चीन और पाकिस्तान ने कश्मीर में इस बैठक को



आयोजित करने के फैसले पर आपत्ति जताई थी, जिसे वे विवादित इलाका कहते हैं। हालांकि चीन जी-20 का मेंबर देश है, मगर पाकिस्तान इस संगठन का सदस्य नहीं है। बता दें कि चीन तो अरुणाचल प्रदेश पर भारत की संप्रभुता पर भी विवाद खड़ा करता है। जबकि भारत पहले ही चीन और पाकिस्तान के दावों को खारिज कर चुका है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि अगर हमने उन जगहों पर बैठकें आयोजित करने से परहेज किया होता, तो ऐसा सवाल वैध हो जाएगा। हमारा देश इतना विशाल, सुंदर और विविधतापूर्ण है। जब जी-20 की बैठकें हो रही हैं, तो क्या यह स्वाभाविक नहीं है कि बैठकें हमारे देश के हर हिस्से में होंगी।

## इंडिया गठबंधन में टीएमसी की मौजूदगी पर पश्चिम बंगाल कांग्रेस का विद्रोह गंभीर

**एजेंसी। कोलकाता**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और सीपीआई (एम) के महासचिव सीताराम येचुरी ने मुंबई में विपक्षी इंडिया ब्लॉक की तीसरी बैठक के दौरान मंच साझा किया। वहीं सीपीआई (एम) के राज्य सचिव मोहम्मद सलीम व बंगाल कांग्रेस के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने ने पांच सितंबर को धुपगुड़ी विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उपचुनाव के लिए प्रचार करते हुए तृणमूल कांग्रेस पर हमला बोला। राहुल गांधी, ममता बनर्जी और येचुरी राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के खिलाफ एकजुट विपक्ष को मजबूत बनाने के लिए एक ही लाइन अपना रहे हैं, जबकि चौधरी और सलीम ने स्पष्ट कर दिया कि बंगाल में तृणमूल कांग्रेस उनकी मुख्य दुश्मन है। सलीम और चौधरी दोनों ने तृणमूल कांग्रेस को भाजपा का गुप्त लाभार्थी बताया। रैली में सलीम और चौधरी ने कहा, नरेंद्र मोदी पूरे देश को लूट रहे हैं, ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल को लूट रही हैं। कांग्रेस धुपगुड़ी में सीपीआई (एम) उम्मीदवार ईश्वर चंद्र रॉय का समर्थन कर रही है। तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व ने सलीम और चौधरी के तीखे हमलों का खंडन किया है और दोनों को भाजपा का गुप्त एजेंट बताया है। पार्टी प्रवक्ता रिजु दत्ता ने मांग की है कि कांग्रेस आलाकमान



को चौधरी को अपनी ही पार्टी की राष्ट्रीय नीति की अनदेखी करने के लिए सावधान करना चाहिए। उन्होंने कहा, ऐसे समय में जब ममता बनर्जी, राहुल गांधी और सीताराम येचुरी राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा से लडऩे के लिए एक साथ हैं, सलीम और चौधरी भाजपा के गुप्त एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं। उनकी वजह से है कि 2021 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में दोनों पार्टियां शून्य पर आ गईं, क्योंकि उन्होंने विपक्षी वोटों को विभाजित करके भाजपा को फायदा पहुंचाने की कोशिश की। इस बीच, राज्य कांग्रेस में असंतोष की सुगबुगाहट शुरू हो गई है, क्योंकि पार्टी आलाकमान के निर्देश के बाद राज्य कांग्रेस के बागी नेता और कलकत्ता उच्च न्यायालय के वकील कौस्तव बागची, जो हमेशा पश्चिम बंगाल में कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस साझेदारी के खिलाफ मुखर रहे थे, को पश्चिम बंगाल में पार्टी की प्रवक्ता सूची से हटा दिया गया। बागची पर आरोप है कि वह तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ तो मुखर थे, लेकिन सार्वजनिक मंचों पर भाजपा के बारे में आश्चर्यजनक रूप से चुप थे।

## भाजपा किसान नेता हाड़ा ने रावतभाटा में चलाया सदस्यता अभियान

**दैनिक शुभ भास्कर / मोहन सिंह/ राजस्थान /** चितौड़गढ़ जिले की बेगूं विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा के आह्वान पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाये जा रहे सदस्यता अभियान के तहत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, संगठन महामंत्री चंद्रशेखर, भाजपा जिला अध्यक्ष मिठ्ठूलाल जाट के निर्देशानुसार रावतभीटा उपखंड में भाजपा किसान नेता कमलेंद्र सिंह हाड़ा ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ चारभुजा और हाट चौक में कैम्प लगाकर सदस्यता अभियान चलाया। सदस्यता हेतु भारतीय जनता पार्टी द्वारा जारी नंबर पर मिस कॉल करवाए तथा भारतीय जनता पार्टी का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान

भाजपा किसान नेता कमलेंद्र सिंह हाडा ने केंद्र की मोदी सरकार की चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत करवाया तथा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए हाड़ा ने वर्तमान सरकार को आड़े हाथ लिया,हाड़ा ने प्रतापगढ़ में आदिवासी महिला के साथ हुए घटना



की कड़ी निंदा की। हाड़ा ने कहा की वर्तमान कांग्रेस सरकार के शासन में आदिवासी अत्याचार,दुष्कर्म,पेपर लीक,बेरोजगारी एवं भ्रष्टाचार में राजस्थान देश में अग्रणीय है,हमें आज ही शपथ लें की आगामी चुनाव में इस भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेकेंगे। किसान नेता हाडा ने आगामी चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्यासी को वोट देकर राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बेगूं विधानसभा से भाजपा किसान नेता कमलेंद्र सिंह हाड़ा,बालू बंजारा,भेरू सिंह रावत,गजेंद्र सिंह जगपुरा, प्रवीण लाड़,लोकेन्द्र सिंह, रोहित पतरोड, मनोज मेहरा, नेमीचंद ओड, विष्णु सुथार,भव्य शर्मा,राहुल यादव,सुमित रेठूडिया सहित भाजपा कार्यकर्ता व आमजन उपस्थित रहे।

### संभागीय आयुक्त के जन्मदिन पर संस्थान ने किया अभिनंदन

**विधि भट्ट / दैनिक शुभ भास्कर / राजस्थान** /उदयपुर लवीना विकास सेवा संस्थान, ओंगना के संस्थान निदेशक भरत कुमार पूर्बिया द्वारा संभागीय आयुक्त श्री राजेन्द्र भट्ट के जन्मोत्सव पर सर्वप्रथम श्री नीमच माताजी के मंदिर में जाकर उनके दीर्घायु एवम स्वस्थ रहने की कामना करते हुए उनके जन्मोत्सव पर अभिनंदन पत्र भेंट किया गया।व्यवस्थापिका प्रमीला पूर्बिया ने संभागीय आयुक्त महोदय के जन्मदिन पर बीटी कॉटन के निराश्रितों को विशेष भोजन करा सांस्कृतिक संध्या का आयोजन रखा गया जिसमें होम के निवासरत बालको ने झूमते हुए नृत्य किया।

### सोनिया गांधी अस्पताल में भर्ती, सीने में इंफेक्शन की शिकायत

**नई दिल्ली** । कांग्रेस नेता सोनिया गांधी अस्पताल में भर्ती हैं। उनको सीने में इंफेक्शन की शिकायत के बाद कल शाम दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल ने कहा है कि वह कुछ समय से सीने में इंफेक्शन की शिकायत कर रही थीं और उन्हें नियमित जांच के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी की उम्र 76 साल है और वह उत्तर प्रदेश के रायबरेली से सांसद हैं। हाल ही में मुंबई में विपक्षी गठबंधन इंडिया की बैठक में शामिल होने के लिए वह गईं थीं। दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल के सूत्रों ने रविवार को कहा कि कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को हल्के बुखार की शिकायत के बाद भर्ती कराया गया और उनकी हालत स्थिर है। डॉक्टरों की एक टीम उनकी सेहत पर लगातार नजर रख रही है। गौरतलब है कि इस साल यह तीसरी बार है, जब सोनिया गांधी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जनवरी में उन्हें वायरल बुखार और चेस्ट में इंफेक्शन के इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मार्च में ब्रोंकाइटिस और बुखार के कारण उन्हें फिर से अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

**बैठक** हरी झंडी मिल जाने के बावजूद इस रेलखंड पर ट्रेन का परिचालन शुरू नहीं हो पाने को लेकर नागरिक संघर्ष समिति की बैठक

## फारबिसगंज सहरसा रेलखंड पर परिचालन शुरू करने को लेकर धरना प्रदर्शन के बाद जनाक्रोश मार्च और रेल रोको अभियान का हुआ शंखनाद

फारबिसगंज : फारबिसगंज सहरसा रेलखंड निर्माण कार्य पूरा और छह माह पहले रेल सुरक्षा आयुक्त के इंस्पेक्शन के बाद हरी झंडी मिल जाने के बावजूद इस रेलखंड पर ट्रेन का परिचालन शुरू नहीं हो पाने को लेकर फारबिसगंज के श्री मारवाड़ी अतिथि सदन में रविवार को नागरिक संघर्ष समिति की बैठक हुई।जिसमे 20 अगस्त को फारबिसगंज रेलवे स्टेशन के नवनिर्मित प्लेटफार्म पर सफलतापूर्वक धरना प्रदर्शन के बावजूद रेल बोर्ड और सरकार की ओर से सकारात्मक कदम नहीं उठाए जाने पर नागरिक संघर्ष समिति के सदस्यों ने आक्रोश



व्यक्त किया।नागरिक संघर्ष समिति के अध्यक्ष शाहजहां शाद की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में रेल परिचालन को लेकर आगे के आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई।सोशल मीडिया पर ट्विटर ट्रेंड के बाद धरना प्रदर्शन के बाद नागरिक संघर्ष समिति के सदस्यों ने संघर्ष का रास्ता अख्तियार करने का निर्णय लिया और इसके तहत 14 सितंबर को जनाक्रोश मार्च और 23 सितंबर को रेल रोको अभियान की शुरुआत करने का ऐलान किया।जनाक्रोश मार्च के लिए 13 सितंबर को वृहत तौर पर प्रचार प्रसार और जनसंपर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक में कुसहा त्रासदी के बाद से ही फारबिसगंज स्टेशन से सहरसा के लिए बंद हुए ट्रेन परिचालन का डेढ़ दशक बीत गया।छोटी रेल लाइन से बड़ी रेल लाइन में आमान परिवर्तन के बाद जनवरी माह में ही निर्माण कार्य पूरा कर लिए जाने और रेल सुरक्षा आयुक्त की ओर से निरीक्षण के बाद ट्रेन परिचालन शुरू करने की हरी झंडी मिल जाने के बावजूद ट्रेन परिचालन शुरू नहीं होने को लेकर जनप्रतिनिधियों की उदासीन रवैया पर नाराजगी जाहिर की गई।मौजूद लोगो ने फारबिसगंज सहरसा दरभंगा रेलखंड को राजनीतिक शिकार बनाने की बात कही और लेटलतीफी के लिए पॉलिटिकल माइलेज की होड़ और सियासी षडयंत्र बनाया जाना करार दिया। बैठक में नागरिक संघर्ष समिति के अध्यक्ष शाहजहां शाद,उपाध्यक्ष रमेश सिंह, सचिव पवन मिश्रा, प्रवक्ता राशिद जुनैद, पूनम पांडिया,डीआरयूसीसी सदस्य बछराज राखेचा, मांगीलाल गोलछा, शाद अहमद,राहिल खान,अधिवक्ता किशोर कुमार दास, वाहिद अंसारी, अशरफ अली, अज्ञातशत्रु अग्रवाल,सुभाष अग्रवाल, नौशाद आलम, गुड्डू अली, इनामुल हक़, रमेश मेहता, सुमन डागा, मुफ्ती याकूब नदवी, विद्यानंद पासवान आदि मौजूद थे।

# खास ख़बर

## राजद नेता प्रकाश पासवान लोजपा में हुए शामिल



**अररिया।** आगामी लोकसभा के चुनाव को देखते हुए लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) अररिया को विस्तार किया गया, जिसमें ढ़ोलबजा निवासी राजद के पूर्व नेता, श्री प्रकाश पासवान जी को माननीय अध्यक्ष व सांसद श्री चिराग पासवान जी के निर्देशानुसार, अनुसूचित जाति जनजाति, के प्रदेश अध्यक्ष परशुराम पासवान जी के द्वारा प्रकाश पासवान जी को अररिया ज़िला लोजपा रामविलास अनुसूचित जाति जनजाति का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया।अररिया जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश पोद्दार ने कहा कि श्री प्रकाश पासवान जी का पार्टी में आने से अररिया लोजपा को काफी मजबूती मिलेगी, और बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे, जिला अध्यक्ष बनाए जाने अररिया जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश पोद्दार के अलावा आईटी सेल के जिला अध्यक्ष अमित कुमार पासवान, छात्र जिला अध्यक्ष मनीष राज सूर्य भारती, युवा जिला अध्यक्ष मोहम्मद मुकर्रम तथा जिले के सभी लोजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी ।

## आपसी समन्वय से प्रभावकारी होगी ट्राफिक व्यवस्था : न्यौपाने



**बिराटनगर/कृष्ण कुमार वर्मा।** बिराटनगर में ट्राफिक व्यवस्थापन सचेतना अभियान तथा दुर्घटना न्यूनीकरण करने के लिए स्थानीय नागरिक के साथ समन्वय व सहकार्य आवश्यक होने की बात जिला ट्राफिक पुलिस कार्यालय मोरंग के ट्राफिक पुलिस प्रमुख सुमन न्यौपाने ने नेपाली कांग्रेस विराटनगर महानगर समिति सदस्य तथा नेपाली कांग्रेस प्रचार,प्रसार समिति के जिला सदस्य एवम नेपाल सोनार समाज मोरंग के अध्यक्ष महेश साह स्वर्णकार, भारत नेपाल रेलयात्री सहजीकरण समिति के संयोजक राजेश कुमार शर्मा ,नेपाली कांग्रेस महासमिति सदस्य रामबाबु पासवान, नेपाली कांग्रेस वार्ड वडा सभापति रामसुन्दर राजवंशी,व पत्रकार पवन विक्रम शाह के द्वारा मोरंग जिला मे नव पद स्थापित ट्राफिक पुलिस निरीक्षक सुमन न्यौपाने को कार्यालय स्वागत तथा भेंट कार्यक्रम मे उक्त बातें कही । स्वागत तथा भेंट के क्रम मे मोरंग जिला ट्राफिक पुलिस प्रमुख न्यौपाने ने दुर्घटना न्यूनिकरण करने व ट्राफिक नियम सम्बन्धी विभिन्न सचेतनामुलक कार्यक्रम करने ट्राफिक पुलिस की भुमिका व सक्रियता को और प्रभावकारी बनाने के लिए आम जन का आपसी सहयोग व समन्वय आवश्यक होने व सामाजिक रुप में सहयोग की अपेक्षा करने की बात कही ।

## सिमराही में अज्ञात वाहन की ठोकर से एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई



**संवाददाता /दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर, सुपौल ।** जिले के राघोपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सिमराही बाजार में रविवार की दोपहर एक अज्ञात वाहन की ठोकर से एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। घटना को लेकर मिली जानकारी अनुसार प्रतापगंज थाना क्षेत्र के बेलही वार्ड नंबर 3 निवासी 55 वर्षीय अशर्फी रजक को सिमराही दुर्गा मंदिर के समीप किसी अज्ञात बाइक चालक ने पीछे से ठोकर मार दिया और बाइक चालक वहां से भाग निकला, जिसके बाद वो जख्मी होकर सड़क पर गिर गया। बाद में स्थानीय लोगों द्वारा उसे रेफरल अस्पताल राघोपुर पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सुपौल रेफर कर दिया। जिसके बाद परिजन उसे लेकर सदर अस्पताल सुपौल चले गए। लेकिन वहां से भी उसे रेफर कर दिया गया। इसी बीच सदर अस्पताल में ही उसकी मौत हो गई। जिसके बाद परिजन उसके शव को घर लेकर चले आये। मामले को लेकर थानाध्यक्ष रजनीश कुमार केशरी ने बताया कि घटना की जानकारी नहीं मिली है। आवेदन प्राप्त होने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## एक बोतल नेपाली शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर भेजा जेल




**डॉक्टर विनीत शेखर/ दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली ,सुपौल ।** जिले के :निर्मली पुलिस ने गस्ती के दौरान नगर पंचायत कार्यालय के पास सड़क मार्ग पर एक बोतल नेपाली शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर नगर पंचायत कार्यालय के पास सड़क मार्ग पर नगर पंचायत निर्मली वार्ड नं. 8 निवासी संतोष साह उर्फ बाबा को एक बोतल नेपाल निर्मित मामा श्री के साथ गिरफ्तार कर थाना लाया गया। जहाँ पुलिस ने पूछताछ कर मध्यनिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। गिरफ्तार शराब कारोबारी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# गोली मारकर 25 वर्षीय युवक की हत्या मामले में घटना स्थल पर पहुंचे डीएसपी



**जयनगर /मधुबनी ,दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)।** जयनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बेलही दक्षिणी पंचायत के इस्लामपुर कमलाबांध के समीप में बीते शनिवार की रात अज्ञात हमलावरों ने की गोली मारकर हत्या मामले में शनिवार को जयनगर डीएसपी विपल्व कुमार,प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना अध्यक्ष आशुतोष रंजन स्पॉट पर पहुंचे। घटना स्थल सहित आस-पास बारीकी से जांच- पड़ताल किया। पूछताछ भी की। डीएसपी ने पीड़ित परिवार से बात की और घटना की पूरी जानकारी ली इसके बाद परिजनों को आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द सभी आरोपियों की गिरफ्तारी कर लिया जायेगा।डीएसपी के साथ मौजूद प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना अध्यक्ष आशुतोष रंजन ने कहा कि घटना के बाद से ही पुलिस इसका खुलासा करने को लेकर गंभीरतापूर्वक कार्य कर रही है ।पुलिस हर स्तर से जांच कर रही है, बहुत जल्द सबकुछ स्पष्ट हो जायेगा।मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। मृतक को दो बेटा और एक बेटी है। पत्नी ने बताया कि उनकी मौत से पूरा परिवार हमारा बिखर गया है। पति बेल्डिंग दुकान में काम कर घर का खर्चा चलाते थे। बच्चे की भी पढ़ाई-लिखाई उन्हीं की कमाई से होती थी।अब कैसे घर चलेगा। कैसे परिवार चलेगा, इसकी चिंता सता रही है।

## कांग्रेस चली गांव की ओर कार्यक्रम को सफल बनाने पर किया गया विचार-विमर्श



**राजकुमार झा/ दैनिक शुभ भास्कर ,छातापुर, सुपौल ।** जिले के छातापुर प्रखंड मुख्यालय बाजार स्थित राजस्व कचहरी के समीप चबुतरा पर रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओ की बैठक हुई, जिसमें कांग्रेस चली गांव की ओर कार्यक्रम को सफल बनाने पर विचार विमर्श किया गया, प्रखंड कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष प्रो सच्चिदानंद यादव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रदेश प्रतिनिधि डा रमेश प्रसाद यादव, प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रखंड संगठन प्रभारी शमसेर आलम, यूवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष अमरदीप कुमार, जिलाध्यक्ष चुनचन कुमार सहित विधानसभा क्षेत्र के कई नेता व कार्यकर्ता सामिल हुए, बैठक में सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैलचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया, बैठक में वक्ताओ ने कहा कि बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के आहवान पर पुरे प्रखंड क्षेत्र में कांग्रेस चली गांव की ओर कार्यक्रम सघन रूप से चलाया जा रहा है, पार्टी कार्यकर्ताओ को प्रत्येक पंचायत के गांव गांव जाकर देश के वर्तमान हालात को बताना है और कांग्रेस की नीति व विचारधारा को जन जन तक पहूंचाना है, कार्यक्रम की सफलता के लिए समर्पित भाव से दायित्व निर्वहन करने की जरूरत है, ताकि आगामी लोकसभा चुनाव में इसका लाभ मिल सके, बैठक में सुशील कुमार मंडल, इंद्र नारायण कुसियैत, ललन कुमार यादव, मो महिउद्दीन, काशी कुमार यादव, मो फिरोज आलम, मो खलीउर्रहमान, मो मुर्शीद आलम, मो तबरेज आलम, मिथलेश झा, सूर्य नारायण मंडल, सत्येंद्र कुमार, जट्टू कुमार, शिव कुमार मंडल, प्रेम कुमार सिंह, मनोज सरदार, विमलेश यादव, ओम प्रकाश कुमार, इरशाद, उमेश कुमार राम, परमानंद यादव, कारी प्रसाद यादव,मो सरफराज, औरंगज़ेब, राजा सिंह बब्बू, मो मुस्ताक, इरशाद, संजय कुमार, मंजेश कुमार, शंभू यादव, मनोज कुमार मंटू, मो बारीक, ललित सरदार, राजकुमार मेहता उर्फ पप्पू मेहता, मो नजीर, सत्यनारायण यादव, ब्रह्मदेव यादव, ब्रह्मदेव राम, बाबूनंद यादव, नव कुमार यादव आदि शामिल हुए।

## अज्ञात चोरों नें दो कपड़ा दुकान में चोरी की घटना को दिया अंजाम



**जितेंद्र कुमार / दैनिक शुभ भास्कर ,त्रिवेणीगंज,सुपौल।** जिले के त्रिबेनीगंज अनुमंडल अंतर्गत जदिया में अज्ञात चोरों ने जदिया पुलिस को चुनौती देते हुए थानें के नजदीक और बीच बाजार में शनिवार की देर रात दो अलग-अलग वस्त्रालय के दुकान में घुसकर कर और गल्ले तोड़कर कर 6 लाख 20 हजार रुपये की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। घटना के बाद बाजार के व्यापारियों में डर समा हुआ है और जदिया पुलिस के गस्ती पर भी सवाल उखाड़ना शुरू कर दिया है। जानकारी देते हुए माँ गायत्री वस्त्रालय के मालिक सुनील अग्रवाल ने बताया कि देर रात में अज्ञात चोरों ने दुकान में लगे टिन का चादरा हटाकर कर दुकान में प्रवेश किया है तथा गल्ले तोड़कर कर 6 लाख रुपये नगद चोरी कर लिया । दुकान से कपड़ा आदि समानों की चोरी नहीं हुई है ।गल्ले में रखे नगद रुपये गायब है ।वही दूसरी वस्त्रालय के मालिक अरविंद चौधरी ने बताया कि पीछे चोर दुकान में घुसकर गल्ले से 20 हजार नगद रुपये चोरी कर ली । सुबह में दुकान पर आए तब चोरी की घटना का पता चल पाया । दोनों पीड़ित दुकानदार चोरी की घटना की सूचना जदिया पुलिस को दी । जदिया पुलिस ने दुकान पर पहुँच कर चोरी की घटना की जांच की । चोरी की घटना से दुकानदारों में भय का माहौल व्याप्त हो गया है । जदिया थाना अध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि चोरी की घटना के मामले में तीन संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है । घटना की छानबीन की जा रही है । तथा सीसीटीवी फुटेज आदि को खंगाला जा रहा है ।

# विद्यालयों तथा महाविद्यालयों में 75% उपस्थित पर छात्र-छात्राओं के समक्ष उत्पन्न समस्याओं पर चर्चा की




**अररिया।**अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर ईकाई अररिया की एक बैठक शिवपुरी स्थित परिषद कार्यालय परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता परिषद के नगर अध्यक्ष प्रोफेसर अनिल मिश्रा ने किया। बैठक में शिक्षा विभाग द्वारा दिए गए निर्देश के अनुसार विद्यालयों तथा महाविद्यालयो में 75% उपस्थित पर छात्र-छात्राओं के समक्ष उत्पन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर बैठक को संबोधित करते हुए परिषद के पूर्णिया विश्वविद्यालय प्रमुख प्रोफेसर एमपी सिंह ने कहा कि महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं के 75% उपस्थिति के निर्देश का अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद स्वागत करता है लेकिन इसके कारण छात्र-छात्राओं के समक्ष जो समस्याएं आने वाली हैं, उनका समाधान भी जरूरी है। एमपी सिंह ने कहा कि छात्र-छात्राओं के नामांकन के लिए जो मेरिट लिस्ट जारी किया जाता है, उसमें शिक्षा विभाग को यह निर्देश देना चाहिए कि छात्र-छात्राओं के नामांकन के लिए चयन उसी जिले के महाविद्यालय में हो, जिस जिले के वे हैं। अन्य जिलों में नामांकन होने पर खासकर छात्राओं को बहुत सी कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है तथा अभिभावकों पर आर्थिक बोझ भी बढ़ेगा। 75% उपस्थिति का फरमान जारी हो चुका है लेकिन महाविद्यालयों में शिक्षकों की कमी को कौन पूरा करेगा? अधिकतम महाविद्यालय में बहुत विषयों में शिक्षक ही नहीं हैं तो पठन-पाठन सुचारू रूप से कैसे संभव होगा? सरकार शिक्षकों की कमी को अविलंब पूरा करें नहीं तो इसका खामियाजा महाविद्यालय प्रशासन को भुगतना पड़ सकता है। इस अवसर पर जिला संयोजक अजीत रंजन ने कहा कि आगामी 5 सितंबर को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा जिले के प्रत्येक इकाई में शिक्षक दिवस को धूमधाम से मनाया जाएगा। बैठक में नगर मंत्री अंकित कुमार झा,अनमोल गुप्ता, पीयूष गुप्ता, निरंजन कुमार यादव, राहुल आर्यन, अंकित सिन्हा, विकास कुमार,राजेश कुमार, अंकित यादव,नितिन राज आदि उपस्थित थे।

## टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच प्रतापगंज और अचलपुर के बीच खेला गया



**जितेन्द्र कुमार / दैनिक शुभ भास्कर, त्रिवेणीगंज ,सुपौल ।** जिले के त्रिवेणीगंज नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 24 स्थित मध्य विद्यालय डपरखा प्रांगण में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सात दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ रविवार को किया गया। जिसका उद्घाटन सामाजिक कार्यकर्ता राजेन्द्र प्रसाद यादव, योगेंद्र यादव, संतन यादव, सूरज कुमार, मुकेश, सरदार, राजीव कुमार, आर्मी अमित कुमार, उपेन्द्र साह, पूर्व सरपंच मुनिया देवी, शिवम पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल पवन कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच प्रतापगंज और अचलपुर के बीच खेला गया। जिसमें अचलपुर की टीम ने टॉस जीत का पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 20 ओवर की खेल में अचलपुर की टीम ने 147 रन का स्कोर खड़ा किया। जिसमें मुकेश ने सर्वाधिक 44 रन का योगदान दिया। वहीं प्रतापगंज के गेंदबाज सुनील और अकबर ने तीन-तीन विकेट लिए। वही 148 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रतापगंज की टीम ने महज 16 ओवर में सभी विकेट खोकर 141 रन ही बना पाई। जिसमें संदीप ने सर्वाधिक 68 रन की पारी खेली। वही अचलपुर टीम की गेंदबाज मुन्ना ने छह विकेट चटकाएं। इसी प्रकार अचलपुर की टीम ने 7 रन से विजयी होकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। वहीं संबोधित करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता राजेन्द्र यादव ने कहा कि क्रिकेट का खेल अनिश्चितता का खेल है इसमें जीत हार निश्चित नहीं है मैदान में दो खिलाड़ी खेलने उतरते हैं तो एक की जीत व एक की हार निश्चित है। इसलिए आप सभी धैर्य से खेलें और हमेशा कोशिश करें कि आगे बढें। टूर्नामेंट में कमेंट्री की भूमिका में त्रिलोक कुमार और जहांगीर आलम, स्कोरिंग में सचेन्द्र कुमार एवं राहुल कुमार जबकि अंपायर की भूमिका में आदित्य एवं सतीश कुमार रहे। मौके पर त्रिलोक कुमार, बबलू कुमार, ज्योतिष कुमार, मुकेश, सतीश, देवगन आदि मौजूद थे।

## प्रकाश झा के निधानोंपरांत पंडित अजय झा से मिलने पहुंचे समाजसेवी संजय मिश्रा



**अररिया ।** सीमांचल कंस्ट्रक्शन के अभिन्न अंग, प्रकाश झा के दुःखद निधन पर, परशुराम परिषद के राष्ट्रीय संयोजक,पंडित अजय झा से मिलने व जिज्ञासा करने पहुंचे समाजसेवी संजय मिश्रा ने बताया प्रकाश झा जी के निधन से हम सभी दुखी हैं। उन्होंने सीमांचल कंट्रक्शन सहित समाज के लिए एक उत्कृष्ट सामाजिक सेवक के रूप में चर्चित रहे। संजय मिश्रा जी ने दिवंगत प्रकाश बाबू के बहनोई पंडित अजय झा जी के साथ मिलकर उनके कार्यों को सराहा है और उनके परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएँ और सहानुभूति प्रकट किया। बताते चले कि सड़क दुघर्टना के शिकार हुए 48 वर्षीय प्रकाश झा के निधन से अररिया में मातमी सन्नाटा पसर गया। मृतक प्रकाश झा पंडित अजय झा के साले व परशुराम परिषद से भी जुड़े हुए थे । सड़क दुघर्टना के कारण शुक्रवार की देर रात पूर्णियां के एक निजी अस्पताल में ईलाज के दौरान उनका निधन हो गया। सरल और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी प्रकाश जी के निधन से जहां ब्राह्मण समाज मर्माहत हैं वहीं अररिया खरैया बस्ती वार्ड 13 उनके निज निवास पर कोहराम मचा हुआ है। बता दें कि सड़क दुर्घटना में अररिया बाजार समिति के निकट वे गंभीर रूप से घायल हो गये थे । बेहतर ईलाज के लिए उन्हें पूर्णिया के मैक्स 7 अस्पताल में भर्ती किया गया जहां ईलाज के दौरान वे परमधाम चले गए। ॐ शांति।

## "वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम" के तहत एस एस बी 52 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ने छात्र/छात्राओं को कराया भारत-नेपाल सीमा का भ्रमण



**अररिया /डा. रूद्र किंकर वर्मा।** भारत सरकार, गृह मंत्रालय के तत्वाधान व श्री महेंद्र प्रताप कमांडेंट, 52 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अररिया के निर्देशन में वाहिनी द्वारा प्राथमिक विद्यालय गरैया तथा +2 उच्च राजकीयकृत विद्यालय कुआरी के छात्र/छात्राओं को भारत-नेपाल सीमा का भ्रमण कराया गया। यह कार्यक्रम "वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम" विषय पर आधारित है जिसमें कुल 70 छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। कंपनी कमांडर उप निरीक्षक जबर सिंह ने छात्र/छात्राओं को एस एस बी के गठन तथा कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी व भविष्य में केन्द्रीय पुलिस बलों में भर्ती होकर देश सेवा करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही छात्र/छात्राओं को सीमा पर ले जाकर नोमेंस लैंड तथा बॉर्डर पिलर के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा पड़ोसी मित्र राष्ट्र नेपाल की भाषा, संस्कृति आदि की जानकारी से अवगत कराया गया। श्री महेंद्र प्रताप, कमांडेंट ने कहा कि स्कूलीय बच्चों को भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा और कैम्प भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्र/छात्राओं को भारतीय सशस्त्र बलों की ड्यूटी, जवानों की कार्यशैली तथा अंतरराष्ट्रीय सीमा की जानकारी देना है। इस भ्रमण से छात्र/छात्राओं में देश के जवानों के प्रति सम्मान की भावना बड़ेगी व केन्द्रीय सशस्त्र बलों में भर्ती होने हेतु इच्छा जाग्रत होगी। इस अवसर पर स०उ०नि० शंकर सिंह, मु० आ० रितेश कुमार सिंह और आ० अशोक जी० मौजूद रहे।

बैठक | विभिन्न खेलों के कप्तान ने अपने - अपने विचार व्यक्त किये

# पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 के मैच रेफरी एवं विभिन्न खेलों में भाग ले रहे विद्यालयों के प्रधान एवं कप्तान की बैठक



**पूर्णियां।** पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 दिनांक 29 सितम्बर से पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया में आयोजित होने जा रही है। पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 के बैडमिंटन, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, शतरंज, टेबल टेनिस, फुटबॉल एवं क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग ले रहे बालक एवं बालिका वर्ग के प्रतियोगिता में अभी तक रजिस्ट्रेशन करा लिए विद्यालयों , क्लब एवं विभिन्न खेलों के मैच रेफरी की बैठक में लिए गए कई अहम् निर्णय। बैठक की अध्यक्षता बिहार अंडर 16 आयु वर्ग पूर्व चयन समिति सदस्य व ईस्ट जोन पूर्व चैयरमेन व क्रिकेट प्रशिक्षक सह पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा ने की। बैठक में विद्यालय प्रधान सिस्टर बंदिता, फुटबॉल सचिव श्री अजीत सिंह, टेबल टेनिस प्रशिक्षक स्वरुप कुमार दास , क्रिकेट प्रशिक्षक मो नैयर अली, मो मंजर मोहशिम, एस एस प्रसाद पिंटू, एस एस सिंह गुड्डू, सैयद जब्बार हुसैन, जितेंद्र कुमार सिन्हा " गोपी " बास्केटबॉल के प्रशिक्षक पुनीत कुमार, बैडमिंटन प्रशिक्षक, विक्की कुमार, अनुराधा कुमारी सिंह, वॉलीबॉल महिला सिनियर खिलाड़ी खुशी कुमारी, राजीव कुमार के साथ - साथ विभिन्न खेलों के कप्तान ने अपने - अपने विचार व्यक्त किये। बैठक में खिलाड़ियों की उत्साह देखते ही बनती थी। खिलाड़ियों एवं विभिन्न खेलों के पदाधिकारी गण पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 की शुरुआत की बेसब्री से प्रतीक्षा कर रहें है। रजिस्ट्रेशन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर 2023 है। टाईसीट ड्रॉ के माध्यम से दिनांक 22/09/2023 बनाई जाएगी। सर्व समिति से निर्णय लिया है कि जो पुरस्कार राशि रखी गई है। उसी पुरस्कार राशि को विभिन्न आयु वर्गों में विभक्त कर दी जाए और अधिक से अधिक खिलाड़ियों को खेलने का मौका दी जाए।

# जान जोखिम में डालकर जुगाड़ नाव से नदी पार करने को विवश हैं लोग



**राजकुमार झा/ दैनिक शुभ भास्कर ,छातापुर,सुपौल ।** जिले के छातापुर प्रखंड अंतर्गत आजादी के 76 साल बीत जाने के बाद भी लालगंज पंचायत के परियाही गांव स्थित गेड़ा नदी पर पुल नहीं बनने से चचरी के सहारे लोग आवागमन करने को विवश हैं। लेकिन इस बार गांव वालों के उम्मीद पर उफानई गेड़ा नदी ने पानी फेर दिया है। नदी में उफान की वजह से चचरी पानी मे बह गई है। चूंकि नदी पार करना गांव वालों की मजबूरी है लिहाजा गांव के लोग जुगाड़ के नाव बना कर नदी पार कर रहे हैं। जिससे हर पल दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। जान जोखिम में डालकर नदी पार करना गांव वालों की मजबूरी बन गई है। इसमें चार पांच ड्रम को जोड़कर नाव जैसा बना लिया गया है। और उसी पर चढ़कर नदी पार कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जनसहयोग से हर साल नदी पर बांस का चचरी पुल बनाकर लोग नदी पार करते रहे हैं। लेकिन इस बार उफनाईं गेरा नदी ने चचरी को ध्वस्त कर दिया है। जिसके चलते आवाजाही प्रभावित हो गई। दशकों से लोग नदी में पुल निर्माण की बाट जोह रहे हैं। हालांकि नहर मार्ग को पक्कीकरण कर मुख्यालय बाजार छातापुर से पड़ियाही घाट को जोड़ दिया गया है। लेकिन घाट के पास नदी पर पुल निर्माण के लिए पहल नहीं हो रही है। गेंडा नदी के पश्चिमी पार पड़ियाही एवं भरतपुर गांव की हजारों की आबादी बसी हुई है। यहां के लोग को प्रखंड मुख्यालय छातापुर तक आवागमन करने के लिए प्रतापगंज प्रखंड के सूर्यापुर होते हुए आवागमन करना पड़ता है। या फिर जान जोखिम में डालकर गेंडा नदी को पार करना पड़ता है। मालूम हो कि लालगंज पंचायत की अधिकांस आबादी नदी के पश्चिमी पार है। जिसे छातापुर मुख्यालय आने जाने में नदी के कारण काफी दूरी तय करनी पड़ती है। स्थानीय लोगो ने बताया कि नदी पर पुल नहीं होने से प्रखंड मुख्यालय बाजार की दूरी पांच किलोमीटर तय करने की जगह उन्हे घूमकर करीब 15 से 20 किलोमीटर की दूरी तय कर करनी पड़ती है। ग्रामीणों का आरोप है कि हर बार नेताजी चुनाव के समय नदी पर पुल बनाने का आश्वासन देकर वोट ले लेते हैं और चुनाव जीतने के बाद अपना वादा भूल जाते हैं। आधुनिकता और विकास के इस दौर में जब पुल पुलिया और सड़को का जाल बिछाया जा रहा है ऐसे में परियाही के लोगों की एक पुल बनने की आस कब पूरी होगी यह भविष्य के गर्त में हैं। लेकिन जिस जुगाड़ नाव के सहारे लोग उफनाई नदी को पार कर रहे हैं इससे लोगों पर जान का खतरा है। प्रशासन को इस दिशा में समुचित पहल करनी चाहिए। सिओ उपेन्द्र कुमार जलस्तर बढ़ने के कारण समस्या उत्पन्न हुई है, नाव की व्यवस्था को लेकर जिला से बात किया जाएगा।

## ख़ास ख़बर

### विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**दरभंगा (मो. जीलानी अंसारी)।** अलीनगर अंचल अंतर्गत धमसाईन धमुआरा ग्राम कचहरी में जिला विधिक सेवा प्राधिकार दरभंगा की ओर से विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पैनल अधिवक्ता राजनाथ यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जानकारी के अभाव में लोग विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते हैं। उन्होंने बिहार पीड़ित प्रतिकर स्कीम के बारे में बताते हुए कहा कि माब लिंचिग अपराध है। यह कतई उचित नहीं है कि अपराधी को आम जनता सजा दे। अपराधी को सजा देना न्यायालय का कार्य है और इस कार्य में पुलिस एवं आम जनता की सहायता अपेक्षित है। माब लिंचिग से पीड़ित परिवार को मुआवजा पाने का अधिकार है। ऐसे लोग प्राधिकार में जरूर आवेदन करें। प्राधिकार सहायक कुमार गौरव ने कहा कि शनिवार को बेनीपुर न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा। इसमें सुलहयोग्य आपराधिक मामले, बैंक ऋण मामले आदि का निपटारा किया जाएगा। मौके पर पीएलवी विनोद कुमार महतो सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### सर्वदलीय समिति के अध्यक्ष व प्रधान महासचिव का चुनाव संपन्न



**सन्हौला।** प्रखंड के जिला परिषद कार्यालय डाक बंगला में श्री प्रवीण कुमार राणा की अध्यक्षता में सर्वदलीय समिति सन्हौला का दूसरे दिन बैठक आहूत किया गया । इस बैठक में कहलगांव प्रखण्ड के सर्वदलीय समिति के अध्यक्ष श्री पवन कुमार भारती मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। बैठक मोहम्मद जुनाव आलम को सर्वदलीय समिति के अध्यक्ष चुना गया वहीं प्रधान महासचिव श्री राहुल कुलकर्णी एवं मीडिया प्रभारी श्रीकांत कुमार दास तथा कोषाध्यक्ष श्री रविंद्र यादव को सर्व समिति से चुना गया । कमेटी के बिस्तार पर भी विचार किया गया बैठक शांति प्रिय हुई । इस बैठक में साह अनवर आलम, शेख गुलाम रब्बानी, मोहम्मद इदरीश, शेख गुलाम रब्बानी, कृष्णानंद सागर मुखिय, अब्दुल, फिरोज, मोहम्मद अमजद, राहुल कुलकर्णी, सुबोध कुमार दास, मोहम्मद अंसारी, श्रीकांत कुमार दास, ब्रह्मदेव यादव, मोहम्मद आरिफ, चंद किशोर महतो, धनंजय मंडल, प्रवीण ठाकुर, गौतम कुमार, इलियास, रविंदर यादव, पिंटू कुमार, नियाजउद्दीन, एजाज अहमद, विलास कुमार चौधरी, मोहम्मद साजिद हुसैन, मोहम्मद आलम, मोहम्मद इरशाद आलम, मोहम्मद इस्माइल के अलावा दर्जनों सदस्य उपस्थित थे।

### कटिहार जिला के ट्रेफिक पुलिस का चेकिंग जारी



**दैनिक शुभ भास्कर, जिला ब्यूरो चीफ, रूपेश मिश्रा।** कटिहार अंबेडकर चौक पर आज भी ट्रेफिक चेकिंग देखने को मिला कब कहाँ आपके आगे आ जाएगा ट्रेफिक पुलिस आप बिना हैलमेट या कार चालक बिना सीट बेल्ट का आप उस समय कुछ सोच नहीं पाएंगे ये कटिहार ट्रेफिक पुलिस आम जनमानस के हित के लिए ये चेकिंग अभियान चला रहे हैं .आप लाखों के वाहन से चलते हैं लेकिन आपको ये पता नहीं आपका जिवन का क़ीमत आपके लिए और परिवार के लिए बहुमूल्य हैं. फिर भी आप बिना हैलमेट के चलते हो तो आपके लिए ट्रेफिक पुलिस का ड्यूटी मिला है.आपको सचेत करे अगर आप नहीं मानते हैं. तो आपको आर्थिक दंड के रूप हैलमेट नहीं पहनने या सीट बेल्ट नहीं लगाने आपके वाहन मे उचित काग़ज़ात नहीं रहने के लिए आपको सावधान करने के लिए वो अपना ड्यूटी करते हैं. यातायात प्रभारी पुलिस अवर निरीक्षक दिनेश कुमार अपने ड्यूटी पर दिखाई देते और यातायात दल हमेशा साथ रहते वो जब भी कोई मोटर साइकिल वाला और बिना सीट बेल्ट वाला जब भी रोड पर मिलते उनको समझाते नहीं कोई मानते तो चलान काट कर हाथ में देते हैं. इसलिए कोई भी वाहन चालक जोभी हो अगर आप घर से निकले सेफ निकले और सुरक्षित घर वापस आए और इस बार अलग तरीके से भी राखी के पर्व में बहन ने भी संदेह दिया था भाई को राखी का बंधन निभाना हैलमेट पहन कर ही मोटरसाइकिल चलाना.

# हेल्पिंग बिहार फाउंडेशन ने देव रिसोर्ट में किया शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित



**दैनिक शुभ भास्कर, सुभाष चंद्र झा, सहरसा।** हेल्पिंग बिहार फाउंडेशन के तत्वाधान में रविवार को शिक्षक सम्मान समारोह का कार्यक्रम शहर के स्थानीय देव रिसोर्ट में आयोजित किया गया ।जिसमें कोसी के ऐसे शिक्षकों को सम्मानित किया गया जिन्होंने समाज में अपने योगदान से छात्र-छात्राओं का चरित्र तथा व्यक्ति निर्माण करने में अहम योगदान दिया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में कोसी के विधान परिषद सदस्य डॉक्टर अजय सिंह, सोनबरसा के पूर्व विधायक किशोर कुमार मुन्ना, जदयू प्रदेश महासचिव निखिल मंडल, रमेश झा महिला महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्य रेनू सिंह ,भाजपा महिला मोर्चा लाजवंती झा, महिषी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ गौतम कृष्ण, श्री राम सेवा संघ के संस्थापक वह देव रिसोर्ट के ऑनर प्रभाकरण देव, जदयू नेता मो मोहिउद्दीन राइन, हेल्पिंग बिहार फाउंडेशन के संस्थापक प्रभात रंजन, हेल्पिंग बिहार फाउंडेशन के अध्यक्ष आशीष सिंह ने कार्यक्रम की विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्वलन कर किया। इस कार्यक्रम के अध्यक्षीय भाषण के दौरान प्रभात रंजन ने कहा कि हेल्पिंग बिहार फाउंडेशन का स्थापना वर्ष 2020 में कोविड-19 महा मारी के दौरान सहरसा शहर के आम जनमानस के सेवा के उद्देश्य से बनाया गया था। हेल्पिंग बिहार फाउंडेशन की स्थापना का उद्देश्य जन सेवा के साथ-साथ शैक्षणिक कार्यों तथा सामाजिक कार्यों के प्रति आम छात्रों एवं आम नागरिकों को जागरूक करना एक महत्वपूर्ण उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि विगत 2 वर्षों में हेल्पिंग बिहार फाउंडेशन के माध्यम से सड़क सुरक्षा अभियान, शिक्षक सम्मान समारोह, गरीबों के बीच में कंबल वितरण,वृक्षारोपण से लेकर कई प्रकार के शैक्षणिक कार्यक्रम जैसे गरीब बच्चों के लिए निशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना रहा है। वही मुख्य अतिथि के रूप में सोनबरसा के पूर्व विधायक किशोर कुमार मुन्ना ने हेल्पिंग बिहार फाउंडेशन के द्वारा किए गए कार्यों को सराहा और कहा कि यह एकमात्र ऐसा संस्था है जहां शिक्षकों को अपनी मन की बात करने के लिए प्लेटफार्म दिया जाता है।उन्होंने कहा कि हेल्पिंग बिहार फाउंडेशन ने सहरसा जैसे छोटे शहर में जनसेवा समाज सेवा के क्षेत्र में एक लंबी लकीर खींच दी है। वहीं कोसी के विधान परिषद सदस्य डॉक्टर अजय सिंह ने कहा कि यह मुझे देखकर काफी अच्छा लग रहा है कि छात्रों और शिक्षकों दोनों को एक मंच पर लाने वाली संस्था के रूप में हेल्पिंग बिहार फाउंडेशन काम कर रही है। उन्होंने इस दौरान छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अगर आपके पास जज्बा हो तो बार-बार असफल होने पर भी एक दिन आप सफल जरूर होंगे।बस अपने जज्बे को हमेशा बरकरार रखिए। उन्होंने कहा कि आप जो सपने देखते हैं उसे पूरा करने के लिए हौसला और जज्बा बरकरार रखिए एक दिन आपका सपना जरूर पूरा होगा। उन्होंने कहा कि हेल्पिंग बिहार फाउंडेशन भी इसी कड़ी में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। 2020 में यह स्थापित हुई और आज 2 वर्षों के पश्चात अपने मेहनत और लगन के बल पर समाज के बीच अपनी छाप छोड़ रही है। वहीं पूर्व प्राचार्य रेनू सिंह, के एसओझा ने भी हेल्पिंग बिहार फाउंडेशन संस्था के कार्यों को सराहा । डॉ गौतम कृष्ण ने छात्र छात्राओं को बताया कि किस प्रकार गरीबी में रहते हुए उन्होंने बिहार प्रशासनिक सेवा का अधिकारी बनने का सफर तय किया। उन्होंने कहा कि अगर आपके पास हौसला हिम्मत जज्बा है तो आप एक दिन सफल जरूर होंगे ।आपको कोई भी नहीं रोक सकेगा।

## दो मोटरसाइकिल से शराब ले जा रहे व्यक्ति को किया गिरफ्तार



**सरोज कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर ,किशनपुर, सुपौल।** जिले के किसनपुर थाना पुलिस ने शनिवार की रात गुप्त सूचना के आधार पर दो मोटरसाइकिल से शराब लेकर आ रहे दो शराब कारोबारी को 30 लीटर शराब दो मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष राघव शरण ने बताया कि समकालीन अभियान में छापेमारी कर रहे दल को गुप्त सूचना मिला नौआबाखर पंचायत के हासा गांव से दो शराब कारोबारी शराब लेकर आने वाला है इस दौरान गश्ती दल के द्वारा उक्त जगह पर छापेमारी के लिए गया तो दो बाइक पर सवार दो व्यक्ति आ रहा था जैसे ही पुलिस वाहन को देखा तो दोनों व्यक्ति तेज गति से भागने लगा तत्पश्चात गश्ती दल में शामिल पुलिस बल के द्वारा भाग रहे दोनों मोटरसाइकिल सवार को खदेड़ कर पकड़ा गया और तलाशी ली गई तो एक व्यक्ति शिवपुरी पंचायत के नरही गांव निवासी विद्यानंद यादव के बाइक पर बंधे बौरा की तलाशी ली गई तो उक्त बौरा से 24 लीटर शराब बरामद हुआ दूसरे मोटर सायकिल चालक कमलजरी गांव निवासी प्रमोद कुमार के मोटरसाइकिल पर बंधे बोड़ा की तलाशी ली गई तो 6 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद किया गया। उक्त दोनों व्यक्ति व मोटरसाइकिल एवं शराब को थाना लाया गया और दोनों के विरुद्ध शराब अधिनियम 2016 के तहत कांड संख्या 201/ 23 दर्ज कर न्यायिक हिरासत सुपौल भेज दिया गया। बताया कि विद्यानंद यादव के ऊपर पूर्व से ही थाना में शराब मामले का केस दर्ज है। वहीं दूसरी ओर समकालीन अभियान के तहत शराब कारोबार में वर्षों से फरार चल रहे रंजीत कुमार को भी गिरफ्तार किया गया।

## हज़ारीबाग उर्दू मध्य विद्यालय मंडई सदर में लाइब्रेरी वैन लाई गई



**संवाददाता /हज़ारीबाग सोहैल किरमानी।** रूम टू रीड संस्था के द्वारा उर्दू मध्य विद्यालय मंडई सदर में लाइब्रेरी वैन लाई गई शनिवार को हज़ारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय द्वारा इस वैन को चलाया गया है । रीडिंग कैंपेन कक्षा एक से आठ के बच्चों के साथ आयोजित की गई जिसमें बच्चों को प्रत्येक दिन 20 मिनट पढ़ने के लिए शपथ दिलवाया गया, और न सिर्फ खुद बल्कि अपने आसपास के साथियों को भी पढ़ने के लिए प्रेरित करने के बाद कही गई, बच्चों के बीच ओपन लाइब्रेरी लगाकर अपनी मनपसंद किताब पढ़ने की आजादी दी गई, साथ ही उन्हें कहानी कहने और सुनने के लिए अवसर दिया गया और अपने मन से उन्हें जो तस्वीर पसंद है वह चार्ट पेपर में बनाने को कहा गया है छात्रों के आत्म संवर्धन के लिए रूम टू रीड का यह प्रयास बहुत सराहनीय है इस मौके पर वार्ड पार्षद मोहम्मद फिरोज खलीफा, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मोहम्मद शकील अख्तर, प्रधानाध्यापिका अख्तरी खातून ,साइंस शिक्षिका हरिम कुदसी, खुर्शीद परवीन, मोहम्मद महताब आलम, मोहम्मद सलाहुद्दीन,मोहम्मद अत्ताउल्लाह, आबदा खातून, सोनाली भट्टाचार्य, मंजू कुजूर और बाल संसद के मंत्रियों ने सक्रिय भूमिका निभाई ।

# डॉ ललितेश मिश्र के निधन पर जिला पत्रकार संघ ने किया शोक सभा का आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर, सुभाष चंद्र झा, सहरसा।** शहर के जाने-माने वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार डॉ ललितेश मिश्रा के निधन पर रविवार को रेनबो रिसोर्ट में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नवीन निशांत ने किया एवं संचालन आलोक झा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित पत्रकारों द्वारा डॉक्टर मिश्र के चित्र पर पुष्पांजलि कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।इसके साथ ही 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस मौके पर पत्रकारों ने कहा कि आज दुख की बेला है। डॉ मिश्र का निधन मन को झकझोर दिया है। उनका करियर रांची के कॉलेज में प्राध्यापक के रूप में शुरू किया। वही एमएलटी कॉलेज में अंग्रेजी के प्राध्यापक रूप में वर्षों सेवा कर सेवानिवृत्त हुए।इसके साथ ही अंग्रेजी हिंदुस्तान टाइम्स एवं द टेलीग्राफ संवाददाता के रूप में कार्य किया।वे विराट व्यक्तित्व के स्वामी थे। उनके कलम में अद्भुत क्षमता थी।जिसके कारण अंग्रेजी हिंदी मैथिली भाषाओं में अनेक पुस्तकों की रचना करते हुए समसामयिक विषयों पर आलोचनात्मक लेख काफी प्रासंगिक है। इसके साथ ही उन्होंने मैथिली साहित्य को अंग्रेजी में अनुवाद कर विश्व पटल पर रखने का कार्य किया।उनका जीवन एकेडमिक कैरियर प्रोफाइल के रूप में सदैव चमकता रहेगा। उनके लेखन पर उन्हें विभिन्न राष्ट्रीय पुरस्कार भी प्राप्त हुआ। हमें उनके जीवन से सीख लेकर उनके बताए मार्गों पर चलने का संकल्प लेना चाहिए।नई पीढ़ी के लिए समाज के प्रहरी के रूप में काम करने का संकल्प ही उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर विनय कुमार मिश्रा, विनय कसौधन, दिनेश चौधरी, ज्ञान मूर्ति, राजेश कुमार, मनीष सिंह, रितेश हनी, पंकज कुमार सिंह,नीरज कुमार सिंह, धीरज कुमार सिंह,आनंद झा, अरविंद झा, राजीव झा, विक्की सिंह, संजू गुप्ता, अमरेंद्र कांत, मोहम्मद जियाउद्दीन, बी एन सिंह पप्पन, त्रिलोक झा, कुंदन सिंह,प्रणव कुमार, शिव कुमार,गौरव कुमार, मोहम्मद अजहरूद्दीन, मुकेश चुन्नू, अनु वर्मा,मनोज कुमार सिंह एवं सुभाष चंद्र झा सहित अन्य मौजूद थे।

### फ्रेंडशिप ट्रॉफी पर जेनिथ पब्लिक स्कूल जोगबनी का कब्जा



**अररिया।** नेताजी सुभाष स्टेडियम में मॉडर्न स्पोर्ट्स क्लब के द्वारा फ्रेंडशिप ट्रॉफी का फाइनल मैच से पहले जूनियर खिलाड़ियों प्रदर्शनी मैच का आयोजन किया गया जिसमें जेनिथ पब्लिक स्कूल जूनियर 6/0 मॉडर्न स्पोर्ट्स क्लब जूनियर को हराया इसके बाद पूर्व का स्थगित मैच का फाइनल मैच मॉडर्न स्पोर्ट्स क्लब अररिया बनाम जेनिथ पब्लिक स्कूल जोगबनी के बीच खेल शुरू हुआ मध्यांतर तक दोनों टीमें एक दूसरे पर हावी रहे पहले हाफ में दोनों टीमें शुन्य शुन्य से बराबरी पर रहे ।मध्यांतर के बाद जेनिथ पब्लिक स्कूल जोगबनी अभिषेक कामत एवं विराज रेगमी ने एक-एक गोल दाग कर 2/0 फ्रेंडशिप ट्रॉफी पर जेनिथ पब्लिक स्कूल ने कब्जा किया रेफरी के भूमिका में बबलू ,मरांडी, सदरे आलम एवं गफ्फार आलम ने निभाई मॉडल स्पोर्ट्स क्लब अररिया के द्वारा खेल समाप्त होने के बाद इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं प्रिंट मीडिया निम्नलिखित पत्रकारों को सम्मानित किया गया 1.मनीष कुमार 2.रवि कुमार 3.आमिर रजा 4.शाहिद बशीर मुन्ना 5.राजीव सिंह 6.तपेश कुमार7.विकास प्रकाश। मैच के मुख्य अतिथि प्रोफेसर जाहिद हुसैन ,खुर्शीद खान डायरेक्टर जेनिथ पब्लिक स्कूल ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों को सम्मानित किया ।क्लब केअध्यक्ष सत्येंद्र नाथ शरण, सचिव इश्तियाक आलम, मुस्तकीम जुबेरी जकीउल हुदा शादाब समीम सिकंदर कुमार, तंजीला अहमद जुन्नु शकील अंसारी चांद आजमी, वकार अहमद गोपाल झा भारी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

### चलो बाबा बागेश्वर धाम छपरा से सीधी एसी बस सर्विस शुरू



**दैनिक शुभ भास्कर, सारण/ब्यूरो पवन कुमार सिंह।** अब सारण जिले के श्रद्धालुओं के लिए एक बहुत बड़ी खुशखबरी आई है पूरे देश में प्रख्यात बाबा बागेश्वर धाम के दर्शन के लिए अब अलग-अलग जगह से भटककर तकलीफें नहीं सहनी पड़ेगी क्योंकि अब छपरा से ही बाबा बागेश्वर धाम के दर्शनों के लिए 2/2 एसी बस शुरू हो गई है। जी हां अब छपरा में बैठीए और सीधे पहुंचे छतरपुर और दर्शन कीजिए आचार्य धीरेंद्र शास्त्री के और बाबा बागेश्वर धाम सहित हनुमान जी के आशीर्वाद प्राप्त करिए। इसके साथ ही बस सर्विस आपको विश्व के प्रख्यात पर्यटन स्थल खजुराहो का भी दर्शन करवाएगा। छपरा में टिकट बुकिंग के लिए शंकर ट्रेडर्स साहेबगंज एडवोकेट सुशील अग्रवाल से छपरा में संपर्क कर सकते हैं अन्यथा दिए गए नंबरों पर भी संपर्क कर आप अपनी टिकट बुक कर सकते हैं। टिकट दो प्रकार का है एक सिर्फ यात्रा के लिए 3100 और दूसरा 5100खाना पीना रहना सहित है। यात्रा तीन दिवसीय है जिसमें एक दिन जाना एक दिन आना और एक दिन रुकना है।टिकट बुक करने के लिए संपर्क करें 9899507762, 912 278873 3

### प्रेस क्लब ने सदर अस्पताल में सफाई अभियान चलाया



**मो. सदरे आलम नोमानी सीतामढी।** प्रेस क्लब सीतामढ़ी द्वारा सदर अस्पताल सीतामढ़ी के बाहर और अंदरूनी परिसर से स्वकच्छता अभियान चलाया गया । " स्वक्छ भारत अभियान - कायाकल्प " के तहत चलाये जा रहे इस कार्यक्रम में अध्यक्ष राकेश रंजन , सचिव आदित्यानन्द आर्य , हिमांशु शेखर , त्रिपुरारी शरण , आशुतोष कुमार , रहमान , सत्यम बियाहुत , उमा कुमार , अविनाश कुमार , सत्यम पांडे , अमित कश्यप सहित अस्पताल प्रबंधक विजय झा , नर्सिंग ऑफिसर भगवान प्रजापति , ओमकान्त शर्मा , सौरभ शर्मा , नीरा कुमारी , पीरामल के अकरम ख़ान , पंडित आकाश बाबू , ममता कार्यकर्ता , सफ़ाई कर्मी , सुपरवाइज़र रमेश कुमार , कमलेश कुमार आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे ।

### लायंस क्लब ने सदर अस्पताल में सफाई अभियान चलाया



**मो. सदरे आलम नोमानी सीतामढी।** लायंस क्लब सीतामढ़ी सेंट्रल के तत्वावधान में आज सदर अस्पताल सीतामढ़ी के अंदरूनी और बाहरी परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया । " स्वक्छ भारत अभियान - कायाकल्प " के तहत सदर अस्पताल द्वारा कराये जा रहे विभिन्न कार्यक्रम के अंतर्गत इस स्वक्छता अभियान में लायंस क्लब सीतामढ़ी सेंट्रल के अध्यक्ष राकेश कुमार , माननीय सदस्य साजिद अली ख़ान , राजेश कुमार , राजेश रंजन , मनोज कुमार , संजीव कुमार , विजय चंद्र झा सहित अस्पताल के नर्सिंग ऑफिसर भगवान प्रजापति , अंकिता , ईना , पीरामल से अकरम ख़ान , पंडित आकाश बाबू , रमेश , कमलेश आदि प्रमुख रूप से सम्मिलित रहे ।

हाल-चाल | लोगों की समस्याओं को सुना और उन्होंने हर संभव निदान करने का आश्वासन दिया

# विधायक रामविलास कामत के द्वारा पूर्वी कोसी तटबंध के भीतर बाढ़ प्रीत से हाल-चाल की जानकारी



**सरोज कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर, किशनपुर, सुपौल।** जिले के किसनपुर प्रखंड अन्तर्गत पिपरा बिधायक रामविलास कामत ने रविवार को पूर्वी कोसी तटबंध के भीतर बाढ़ पीड़ितों से मिलकर उनके हाल-चाल की जानकारी ली। लोगों की समस्याओं को सुना और उन्होंने हर संभव निदान करने का आश्वासन दिया है । बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के भ्रमण के बाद विधायक श्री कामत ने बताया कि मौजहा पंचायत के वार्ड 8 के लगभग डेढ़ सौ परिवार की कोसी नदी में घर कट जाने के बाद सभी विस्थापित परिवार कोसी पुल पर शरण लेकर रह रहे हैं। उन्होंने विस्थापित परिवारों को आश्वासन दिया कि भले ही और जगह की शिविर बंद हो गया हो लेकिन इस जगह की शिविर अभी चालू ही रहेगा। उन्होंने कहा कि यह परिवार बाढ़ प्रभावित नहीं है। बल्कि बाढ़ विस्थापित परिवार है जहां इन लोगों का खेत से लेकर खलिहान हुआ घर सहित काटकर नदी में विलीन हो चुकी है। ऐसे स्थिति में हम डीएम और बीडीओ से बात कर जब तक इन लोगों का घर बनाने की सही ठिकाना नहीं मिल जाता है तब तक के लिए शिविर चालू ही रहेगा। और कहा कि पूर्वी कोसी तटबंध से लेकर पीरगंज, थाढिधाता ,मौजहां सुजानपुर, दुबियाही तक आने वाली मुख्य सड़क जगह-जगह गड्ढे व जर्जर हो चुके हैं। कहा कि विभाग के है विभाग के जेई को निर्देश दिया हैगया है कि जल्द ही जर्जर हुआ टूटे हुए सड़क की मरम्मती कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। मौके पर जिला परिषद सदस्य हसनैन नोमानी,पैक्स अध्यक्ष पप्पू कुमार, प्रखंड अध्यक्ष दिलीप कुमार यादव, पूर्व मुखिया जगन्नाथ महतो, रमेश यादव, पप्पू कुमार,संतोष यादव आदि मौजूद थे।

# तीन मांग को लेकर स्थानीय बेरोजगार संघर्ष समिति के द्वारा अनिश्चितकालिन जाम



**शुभ भास्कर| मोहम्मद कलीमुद्दीन,प्रखंड अनुमंडल संवाददाता ,जादूगोड़ा।** आगामी 4 सितंबर से राखा स्थित एक्सेल इंडिया लिमिटेड कंपनी के गेट को तीन मांग को लेकर स्थानीय बेरोजगार संघर्ष समिति के द्वारा अनिश्चितकालिन जाम करने के लिए तैयारी बैठक किए। समिति के अध्यक्ष सह ग्राम प्रधान बलराम मारडी ने बताया की 4 सितंबर सुबह 8:00 बजे से ग्रामीण संघ मांदल-नगाड़ा के साथ गेट को जाम करेंगे जब तक हमारी मांगों को नहीं माने जाएंगे हम लोग नहीं हटेंगे। जाम को सफल बनाने के लिए हमारे आसपास के 19 मौजा के ग्राम प्रधानों को विधिवत निमंत्रण दिया गया है। यहां के कुछ स्थानीय नेता और जनप्रतिनिधि के द्वारा स्थानीय लोगों का निंदा किया जा रहा है जो आने वाले समय में उनको भोगना पड़ेगा। समिति के संरक्षक प्रमुख रामदेव हेंब्रम ने बताया की सरकार का यह नारा है क्षेत्र से पलायन को रोका जाए अगर ऐसी स्थिति बनी रही तो पलायन को रोका नहीं जा सकता है। स्थानीय लोगों को उनके हक और अधिकार के लिए हमारी लड़ाई जारी रहेगी,हम हमारे माटी, रोटी और बेटी बचाने का काम कर रहे हैं। और हमें विश्वास है,इस जन आंदोलन से क्षेत्र में गांव में एक नया संदेश जा रहा है आने वाले समय में दलालों को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। बैठक में मुख्य रूप से समिति के सचिव लिटाराम मुरमू, साहिबा हेंब्रम, भुंडा मुर्मू, बागुन केराई, दिनेश और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## ख़ास ख़बर

### करंट लगने से एक युवक की मौत

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो। सासाराम ( रोहतास )**। जिले के तिलौथू थाना क्षेत्र के बेलवाई बाधार में बिजली का करंट लगने से एक युवक की मौत मौके पर ही हो गई । यह घटना रविवार की दोपहर कैमूर पहाड़ी की तलहट्टी में अवस्थित कैथी गांव से पश्चिम बाधार में घाटी बताई जाती हैं । मृतक स्वर्गीय ननकू यादव का 55 वर्षीय पुत्र धनेश यादव था । बताया जाता है कि घटना के वक्त वह बीलवाई बाधार में सुख रहे धान के फसल को बचाने हेतु ट्रांसफार्मर पर चढ़कर फ्यूज बना रहा था । तभी वह तार के संपर्क में आ गया । जिससे उसे करंट का तेज झटका लगा और वह मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया । घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष कृपाल जी ने बताया कि इस मामले की जानकारी अब तक मुझे नहीं मिली है।

### दिनारा प्रखंड में 803 लोगों पर धारा 107 के तहत निरोधात्मक कार्रवाई

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)**। जिला प्रशासन के निर्देश पर आगामी पर्व त्योहार पर शांति ब्यवस्था के मद्देनजर प्रखंड के दिनारा थाना क्षेत्र में 608 भानस ओपी के 177 एवं नटवार थाना के 18 लोगों पर सीआरपीसी की धारा 107 के तहत निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। दिनारा थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि नोटिस पर उपस्थिति दर्ज नहीं वाले लोगों के विरुद्ध अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।वहीं विवादों के निपटारे को लेकर 15 लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत द्वारा निर्गत नोटिस का तामिला कराया गया है।

### अररिया पुलिस विभिन्न मामले में नौ नामजद को किया गिरफ्तार

**अररिया**। पुलिस अधीक्षक कार्यालय, अररिया से प्राप्त जानकारी के मुताबिक 03/09/2023 को अररिया जिला अंतर्गत पुलिस की कार्रवाई एवं उपलब्धि से सम्बन्धित विवरण में कुल गिरफ्तार अभियुक्तों की संख्या 09 है जबकि 01 देशी कट्टा, 03 खोखा,कफ सिरप - 289 ली०,विदेशी शराब - 11 लीटर देशी शराब 49 लीटर,कार -01 मोटर साइकिल – 04 बरामदगी करने में सफ़लता मिली है। अररिया पुलिस आपकी सेवा एवं सुरक्षा में सदैव तत्पर है।

### नहर में स्कार्पियो पलटी चालक की मौत दो घायल



**दैनिक शुभ भास्कर, सासाराम (रोहतास)**। दुर्गावती से निकलने वाली मुख्य नहर में अनियंत्रित होकर पलटा स्कॉर्पियो दो गंभीर रूप से घायल एक के मृत्यु होने की सूचना है। बता दे की दुर्गावती परियोजना से निकलने वाली मुख्य नहर में एक स्कॉर्पियो पलट गई जिससे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का इलाज स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया ।जहां उनकी इलाज की जा रही है ।घायल डेहरी ऑन सोन के राम भूषण सिंह के 42 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार पन्नालाल के 39 वर्षीय पुत्र अमन कुमार बताई जा रहे हैं ।वही ग्रामीणों का कहना है कि एक व्यक्ति लापता है जिसकी खोजबीन की जा रही है। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि घटनास्थल पर पहुंचकर गायब युवक की तलाश की जा रही है।चालक का शव बरामद कर लिया गया है। चालक डेहरी के रहने वाले जग नारायण प्रसाद के 30 साल के बेटे कौसिद नारायण की मौत हो गई है। उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, सासाराम भेजा गया।

### बालू का अवैध उठाव को रोकने के लिए प्रशासन ने रास्ते को जेसीबी से कटवाया



**शुभ भास्कर, मोहम्मद कलीमुद्दीन, प्रखंड अनुमंडल संवाददाता ,जादूगोड़ा, पूर्वी सिंहभूम**। गुड़ाबांदा थाना क्षेत्र में नदी घाट से लगातार बालू का उठाव अवैध तरीके से किये जाने की सुचना प्रशासन को बार बार मिल रही थी उसपर गुड़ाबांदा बीडीओ सह सीओ स्मिता नगेशिया और थाना प्रभारी परवेज आलम के नेतृत्व में शनिवार को पुलिस ने स्वर्णरेखा नदी घाट में बालू उठाव के रास्तों को जेसीबी से काटकर बंद किया। इसी रस्ते से विगत कई दिनों से आधी रात को अवैध रूप से बालू का उठाव किया जा रहा था । बालू माफियाओं द्वारा रात में जेसीबी लगाकर बालू का उठाव करने की सूचना पुलिस प्रशासन को मिल रही थी। प्रशासन इसपर त्वरित कार्रवाई करते थाना क्षेत्र के कोईमा,स्वर्गछिड़ा, केंदुआपाल समेत अन्य घाट में नदी में नदी की ओर जाने वाले सड़कों को जेसीबी से काटकर बंद कर दिया है ।प्रभारी सीओ स्मिता नगेशिया ने बताया कि अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी ।

# विश्व गिद्ध दिवस के अवसर पर समाज में गिद्ध की जरूरत

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो सुनील कुमार, सासाराम(रोहतास)**। जिले के किशुनपुरा गांव में नेहरू युवा केन्द्र से संबद्ध मां दुर्गा कल्ब के सदस्यों को संबोधित करते हुए कवि एस कुमार ने बताया कि सृष्टि का सफाई कर्मी रुपी एक विशाल मांसाहारी पक्षी है गिद्ध, जो अपनी मुर्दाखोर और गंदगी खाने की प्रकृति के लिए जाना जाता है। पारिस्थितिक तंत्र को बनाये रखने में इस पक्षी का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है क्योंकि गंदगी खाकर यह कई प्रकार की बीमारियों के प्रसार को रोकता है। इस संबंध में आगे किशुनपुरा गांव निवासी कवि लेखक एस कुमार ने गिद्ध के बारे में महत्त्वपूर्ण तथ्य को बताया कि गिद्ध की प्रजातियों दो समूहों में विभाजित हैं। जिसमें पहला नई दुनिया के गिद्ध और दूसरा पुरानी दुनिया के गिद्ध प्रजाति होतीहै l नई दुनिया के गिद्ध अमेरिका और कैरिबियन देशों में पाए जाते हैं, जबकि पुरानी दुनिया के गिद्ध यूरोप, एशिया और अफ्रीका में पाए जाते हैं। दुनिया भर में गिद्ध की २३ प्रजातियाँ हैं।ऑस्ट्रेलिया और अंटार्कटिका को छोड़कर हर महाद्वीप पर कम से कम एक प्रजाति का गिद्ध अवश्य पाया जाता है। गिद्ध का जीवनकाल प्रजाति के अनुसार भिन्न-भिन्न होता है. ब्लैक वल्चर का जीवनकाल जहाँ लगभग 10 वर्ष होता है, वही किंग वल्चर का जीवनकाल लगभग 30 वर्ष होता है । गिद्ध सबसे ऊँची उड़ान भरने वाला पक्षी है. इसकी प्रजाति रूपेलस ग्रिफन वल्चर ने 1973 में आइवरी कोस्ट में सबसे ऊँची उड़ान 37000 फ़ीट की भरी थी। ये ऊँचाई माउंट एवरेस्ट (29029 फ़ीट) से भी बहुत अधिक है। इतनी ऊँचाई पर ऑक्सीजन की कमी के कारण अन्य पक्षी प्रायः मर जाते हैं। कई रैप्टर्स के विपरीत गिद्ध अपेक्षाकृत सामाजिक होते हैं। वे अक्सर बड़े झुंडों में रहते हैं, उड़ते हैं और खाना खाते हैं। गिद्धों के समूह को कमीटी वेन्यू या वोल्ट कहा जाता है. उड़ान भरते हुए गिद्धों के समूह को 'केटल' कहा जाता है। जब गिद्धों का समूह मरे हुए जानवर को एक साथ खा रहा हो, तो उस समूह को लेकर कहा जाता है। गिद्ध मांसाहारी होते हैं। वे ऐसे मृत पशुओं और सड़ा हुआ मांस खा सकते हैं, जो अन्य जानवरों के लिए विषाक्त हो सकता है. इस कारण गिद्धों का पारिस्थितिक तंत्र में एक महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है, क्योंकि वे मृत पशुओं और सड़े हुए मांस को खाकर बीमारियों का प्रसार रोकते हैं। ऐसा नहीं है कि गिद्ध सिर्फ़ सड़ा हुआ मांस ही खाते हैं। पाम नट वल्चर अखरोट, अंजीर, मछली और पक्षियों को भी खाते हैं. ये कीड़े और ताज़ा मांस भी पसंद करते हैं।अफ़्रीकी गिद्ध प्रजाति लैप्पेट फेस्ड वल्चर मुर्गी के जीवित बच्चों को खाना बहुत पसंद करते है।भोजन करते समय गिद्ध अपनी सामाजिक व्यवस्था बनाए रखते हैं। आकार में बड़े और मजबूत चोंच वाले गिद्ध पहले भोजन करते हैं। छोटे गिद्ध बड़े और प्रमुख प्रजातियों के गिद्ध द्वारा छोड़े गए भोजन के अवशेष खाते हैं।गिद्ध की दृष्टि और गंध क्षमता तेज होती है। इस कारण वे एक मील या इससे भी अधिक दूरी से मृत जानवर खोज सकते हैं। पुरानी दुनिया के गिद्धों की सूंघने की शक्ति बहुत अच्छी नहीं होती। इसलिए शिकार खोजने के लिए वे अपनी तीव्र दृष्टि पर अधिक निर्भर होते है. इसके विपरीत नई दुनिया के गिद्धों की सूंघने की शक्ति तेज होती है। गिद्ध एक बार में अपने शरीर के वजन का 20% भोजन खा सकते हैं। गिद्धों के सिर और गर्दन पर पंख नहीं होते। इस कारण जब वे मृत और सड़े हुए जानवरों को खाते हैं, तो बैक्टीरिया और अन्य परजीवी उनके पंखों में घुसकर संक्रमण का कारण नहीं बन पाते। इसलिए भी ऐसी सामग्री खाकर भी ये स्वस्थ रह पाते हैं, जिन्हें खाकर अन्य जानवर संक्रमित हो जाएँ।गिद्धों को अक्सर दूसरे मांस खाने वाले जानवरों के साथ शिकार को खाते हुए देखा जाता है। इसका कारण गिद्ध के नाखून कुंद और पैर कमज़ोर होते हैं।



यदि मृत जानवर का शरीर चीर कर खोलने के हिसाब से बहुत कठोर हो, तो दूसरे शिकारी जानवरों द्वारा उस लाश के चीर जाने का इंतजार करते है और फिर उसे खाते हैं। गिद्ध के पेट का अम्ल अन्य जानवरों या पक्षियो के पेट में पाए जाने वाले अम्ल से काफ़ी तीव्र और प्रबल होता है। इस कारण गिद्ध खतरनाक बैक्टीरिया से संक्रमित सड़े हुए जानवरों को खा पाता है. ये अम्ल उन बैक्टीरिया को नष्ट कर देते हैं और इस तरह गिद्ध उनके दुष्प्रभाव से बेअसर रहता है। गिद्ध के पेट में पाया जाने वाला अम्ल हैज़े और एंथ्राक्स जैसी बीमारियों के जीवाणुओं को भी नष्ट कर सकता है।वेयरडेड वल्चर दुनिया का एकमात्र ऐसा जीव है, जो अपने भोजन में ७० से ९०% तक हड्डियों को खा लेता और आराम से पचा जाता है।अफ्रीकन वाइट वेकेड का समूह 3 मिनट में मृतजीव के 50 किलोग्राम (110 पाउंड) मांस को चीर सकता है। यह एक मिथक है कि गिद्ध स्वस्थ पशुओं का शिकार करते हैं। गिद्ध अधिकांशतः मृत जानवरों को खाते हैं। जब भोजन दुर्लभ हो और आस-पास कोई मरा हुआ जानवर उपलब्ध न हो, तो सामान्यतः वे बीमार, घायल या दुर्बल जीव का शिकार करते हैं। गर्म दिनों में अपने पैरों को ठंडा करने के लिए गिद्ध उस पर पेशाब करते हैं। इस प्रक्रिया को यूरोहाईड्रोसिस कहा जाता है। उनकी ये आदत उन्हें बीमारियों से बचाने में भी सहायक होती है. मृत जानवरों के सड़े हुए मांस पर चलने और बैठने से जो बैक्टीरिया या परजीवियों इनके पैरों पर जा जाते हैं, वे इनके मूत्र में पाए जाने वाले अम्ल से नष्ट हो जाते हैं। पुरानी दुनिया के गिद्धों के पैर अपेक्षाकृत मजबूत होते हैं, लेकिन नई दुनिया के गिद्धों के पैर कमजोर होते हैं।दुनिया का सबसे बड़ा और भारी गिद्ध दक्षिण अमेरिका में पाया जाने वाला एंडियन कंडक्टर है. इसके पंखों का विस्तार 10-11 फीट तक होता है। दुनिया का सबसे छोटा गिद्ध 'हूडेड वेल्चर है। उप-सहारा अफ्रीका में पाया जाने वाला ये गिद्ध कौवे के आकार का होता है. इसके पंखों का विस्तार मात्र ५ फीट तक होता है। राजा गिद्ध सबसे रंग-बिरंगे गिद्ध होते हैं। उनके सिर और गर्दन का रंग लाल, पीला और नीला होता है। आँखें लाल रंग के छल्लों के बीच सफ़ेद रंग की होती हैं। शरीर ऊपर से बादामी और नीचे से सफेद होता है। गर्दन का किनारा स्लेटी रंग का होता है। उनके पंखों का फैलाव लगभग 2 मीटर होता है और शरीर लगभग 80 सेमी (31 इंच) लंबा होता है. राजा गिद्ध दक्षिणी मैक्सिको से अर्जेंटीना तक पाए जाते हैं। रूपेलस गिरीफन वल्चर सूर्योदय के लगभग दो घंटे बाद उड़ना शुरू करते हैं और पूरा दिन ऊँचाई पर उड़ान भरते हुए बिताते हैं। जब गिद्ध को डराया जाए, तो गिद्ध अपने शरीर के वजन को हल्का करने के लिए उल्टी करते हैं, ताकि वे आराम से ऊँची उड़ान भर सकें. उल्टी शिकारियों को रोकने के लिए एक रक्षा तंत्र के रूप में भी कार्य करती है। अधिकांश गिद्ध खुले स्थानों में निवास करते हैं। अक्सर वे चट्टानों पर, ऊँचे पेड़ों या जमीन पर समूहों में घूमते हैं। पुरानी दुनिया के गिद्ध कभी-कभी पेड़ों या फिर चट्टानों पर लकड़ी का मचान जैसा समतल घोंसला बनाते हैं। कुछ गिद्ध घोंसला नहीं बनाते। गिद्ध आकाश में आस-पास उड़ते हुए एक-दूसरे को आकर्षित करने की कोशिश करते हैं। नर गिद्ध मादा को आकर्षित करने के लिए अपना उड़ान कौशल दिखाते समय उसके पंखों के किनारों को छूता है। सामान्यतः गिद्ध आजीवन एक ही साथी के साथ रहते हैं।पुरानी दुनिया के अधिकांश बड़े गिद्ध एक बार में केवल एक ही अंडा देते हैं। नई दुनिया के छोटे गिद्ध एक बार में दो अंडे देते हैं और एक महीने से अधिक समय तक उन्हें सेते हैं। जबकि नई दुनिया के बड़े आकार के गिद्ध एक बार में एक अंडा देते हैं और उसे लगभग दो महीने तक सेते हैं। अन्य शिकारी पक्षियों की तुलना में गिद्ध धीरे-धीरे परिपक्व होते हैं। गिद्ध एक बच्चे जन्म के बाद 2 से 3 महीने तक घोंसले में रहते हैं और भोजन के लिए अपने माता-पिता पर निर्भर रहते हैं। 3 से 6 महीने की उम्र में गिद्ध के बच्चे उड़ने के लिए पूरी तरह तैयार हो जाते हैं। उस समय उनका आकार पूर्ण परिपक्व गिद्ध के समान विकसित हो चुका होता है और उनके पूरे पंख भी आ चुके होते हैं। कुछ गिद्ध लगभग ख़ामोश रहते हैं। उनमें सिरिंक्स नहीं होता। उनकी आवाज़ घुरघुराने, सिसकने, चोंच किटकिटाने तक ही सीमित हैं, जिन्हें जटिल वोकल कोर्डस की आवश्यकता नहीं पड़ती।अधिकांश गिद्धों के गले में एक बड़ी थैली होती है,जहाँ वे भोजन को स्टोर कर रखते हैं। उष्ण वायु गिद्ध को अधिक ऊँचाई में उड़ान भरने और बिना पंख फड़फड़ाये लंबे समय तक उड़ने में सहायक होती हैं। टाईबेटन स्काई ब्यूरियल एक धार्मिक अनुष्ठान है, जिसमें शरीर को काटकर गिद्धों को खिलाया जाता है। 1990 के दशक के बाद 97 से 99% गिद्धों विलुप्त हुए हैं। इसका प्रमुख कारण पशु दवा डाइक्लोफ़िनक है, जो पशुओं के जोड़ों के दर्द की दवा है। जब कुछ देर पहले इस दवा का सेवन किया हुआ पशु मर जाता है और उसे गिद्ध खा लेता है, तो उसके गुर्दे काम करना बंद कर देते हैं और वह मर जाता है। इस दवा के दुष्प्रभाव को देखते हुए पशुओं के जोड़ों के दर्द की नई दवा मेलोसाईकन ईज़ाद कर ली गई है। विषाक्तता से साथ ही गिद्धों को पवन टरबाइन, बिजली के तार निवास स्थान के विनाश, खाद्य हानि और अवैध शिकार का भी खतरा है, जो उनकी विलुप्ति का कारण बन रहे हैं। गिद्ध की प्रजातियों में से लगभग 16 संकटग्रस्त है। अफ्रीका और भारत में गिद्ध विलुप्ति के कगार पर हैं।

**भारत में पाई जाने वाली गिद्ध की प्रमुख प्रजातियाँ हैं** : पहला भारतीय गिद्ध , दूसरा लंबी चोंच का गिद्ध , तीसरा लाल सिर वाला गिद्ध चौथा बंगाल का गिद्ध जीपीएस बंगालेनसीस तथा पांचवां सफ़ेद गिद्ध होता है l वर्तमान में भारत में गिद्धों की संख्या 1980 के 40 मिलियन से घटकर 100000 रह गई है। प्रति वर्ष सितंबर के पहले शनिवार को 'अंतर्राष्ट्रीय गिद्ध जागरूकता दिवस' मनाया जाता है। हम इन गिद्धों को, जो पारि-तन्त्र में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इनको संरक्षित करने हेतु अपना योगदान देकर हरित क्रांति को सभी को मिलकर सफल बनाने की जरूरत है।

## बी पी मंडल का105 वीं जयंती धुमधाम से मनायी

**प्रवीण कुमार,कटिहार**। कटिहार टाऊन हाँला में श्री कृष्ण आस्था मंच एवं एन एफ रेलवे ओबीसी एम्पलाइज एसोसिएशन कटिहार के संयुक्त तत्वावधान में बीपी मंडल जयंती समारोह धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर पिछले वर्ग राज्य आयोग के सदस्य तारकेश्वर ठाकुर ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर लक्ष्मण यादव, दिल्ली विश्वविद्यालय, शंभू कुमार सिंह, पत्रकार नेशनल दस्तक दिल्ली, लौकहा के विधायक सह सभापति याचिका समिति बिहार विधानसभा के अलावे मोहम्मद उस्मान हलालखोर,पूर्व सदस्य अति पिछड़ा वर्ग आयोग,एके मौर्या,क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एनएफ रेलवे ओबीसी इंप्लाइज एसोसिएशन मालीगांव,राजद के जिलाध्यक्ष सह



जिला परिषद के उपाध्यक्ष इशरत प्रवीण,कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुनील यादव,कांग्रेस नेत्री सुनीता देवी, राजकमल बामसेफ सीडब्लूसी सदस्य प्रवीण कुमार ने भाग लिया। समारोह की अध्यक्षता इंजीनियर गिरजा सिंह ने किया। जबकि मंच संचालन राजन प्रसाद गुप्ता और बीएल यादव द्वारा किया गया।बीपी मंडल के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। मंडल आयोग की अनुशंसा को शत प्रतिशत लागू करने की मांग की गई। साथ ही सरकारी नौकरियों की तरह प्राइवेट कंपनियों में भी पिछड़ों वर्गों के लिए आरक्षण देने की बात कही गई।पिछड़े वर्गों के लोगों से अपने हक और हुकूक की लड़ाई लड़ने के लिए सड़क पर उतारने का आह्वान किया गया। संविधान और लोकतंत्र पर खतरा मड। रहा है। संविधान को बचाने के लिए हम सभी को जागरूक होना होगा एवं आपसी एकता और भाईचारा का संकल्प लिया गया।

### बक्सर हिंदी साहित्य सम्मेलन के द्वारा गोष्ठी का आयोजन

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)**। शांति सदन भवन, सिविल लाइंस बक्सर में बक्सर हिंदी साहित्य सम्मेलन, बक्सर संबद्ध बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन, पटना के तत्वाधान से बक्सर हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष श्री महेश्वर ओझा 'महेश' जी का जन्मोत्सव मनाया गया, जिसमें श्री महेश्वर ओझा 'महेश' (अध्यक्ष), श्री रामेश्वर नाथ मिश्र 'विहान' (उपाध्यक्ष), श्री शिव बहादुर पाण्डे 'प्रीतम' (महामंत्री), श्री अश्विनी राय 'अरुण' (अर्थमंत्री), श्री रामेश्वर प्रसाद वर्मा, श्री ओम प्रकाश केशरी 'पवननंदन', श्री रामाधार सिंह, श्री अतुल मोहन प्रसाद, साहित्यकार के अलावे बक्सर के अन्य गणमान्य सज्जन सभा में उपस्थित थे। हिंदी साहित्यिक गोष्टी के संचालन की जिम्मेदारी श्री रामेश्वर नाथ मिश्र 'विहान' जी (उपाध्यक्ष) ने सम्हाली, उन्होंने काव्य पाठ का आरंभ मंगलाचरण श्री कृष्ण वंदना से की, श्री अश्विनी राय 'अरुण' (अर्थमंत्री) ने अपनी मातृ वंदना बहुत सुंदर भाव पूर्ण कविता सुनाई। पवननंदन जी ने अपनी स्वरचित कविता सुनाई। श्री शशि भूषण मिश्र जी ने जिंदगी का सवाल नामक गान गाया। श्री रामधार सिंह जी ने महेश जी की कविता का गान किया। श्री महेश जी (अध्यक्ष) ने अपनी स्वरचित ओज पूर्ण कविता 'काव्य की गरिमा' का काव्य पाठ किया। श्री रामेश्वर प्रसाद वर्मा जी ने श्री महेश जी की दीर्घायु की कामना की एवं उन्होंने काव्य पाठ भी किया। श्री भगवान पाण्डे जी ने बहुत सुंदर कविता सुनाई। श्री शिव बहादुर पाण्डे जी (महामंत्री) ने अपनी स्वरचित गजल का सुंदर गान किया। श्री अतुल मोहन प्रसाद जी ने अपनी स्वरचित काव्यपाठ के उपरांत एक लघु कथा 'जनहित याचिका' शीर्षक कथा सुनाई। धन्यवाद ज्ञापन श्री अश्विनी राय 'अरुण' (अर्थमंत्री) ने किया। तत्पश्चात श्री अश्विनी राय 'अरुण' (अर्थमंत्री) जी की दिवंगत माता के शोक में सभा ने खड़े होकर दो मिनट का मौन धारण किया। अंत में सभा के अध्यक्ष श्री महेश जी के द्वारा सभा का विसर्जन किया गया।

### विधान पार्षद ने नगर निगम के वार्डों का किया निरीक्षण



**प्रवीण कुमार, कटिहार**। नगर निगम के वार्ड नंबर 22 दुर्गास्थान विजयनगर प्रोफेसर कॉलोनी में विधान पार्षद अशोक अग्रवाल द्वारा सड़क गली का निरीक्षण किया।वहां के लोगों की समस्याओं से अवगत हुए और सबों की समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया। लगातार विधान परिषद अशोक अग्रवाल द्वारा शहर को स्वच्छ बनाने की दिशा में अपनी ओर से लगातार प्रयास किया जा रहा है। आज उसी को लेकर विधान पार्षद द्वारा शहर का निरीक्षण कर वहां की मूलभूत समस्या से अवगत हुए लोगों ने अनेकों समस्याओं से विधान पार्षद अशोक अग्रवाल को अवगत कराया। जिसको लेकर विधान परिषद अशोक अग्रवाल ने जल्द ही उन सबों की समस्याओं का निदान करने का आश्वासन दिया।

पठन-पाठन | यह घोषणा अन्य घोषणाओं की तरह हवा हवाई होकर ना रह जाए इस पर बिहार सरकार को विशेष निगरानी रखनी होगी

## मेडिकल प्रैक्टिसनरों के भी समय सारणी में बदलाव होः भाकपामाले

**मोतिहारी, अशोक वर्मा**। बिहार सरकार ने सरकारी स्कूलो कॉलेजों में पठन-पाठन की व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए निजी कोचिंग संस्थानों के समय सारणी को बदल दिया है, जिसके तहत सुबह 9:00 बजे से लेकर 4:00 तक सभी कोचिंग संस्थान बंद रहेंगे। यह घोषणा अन्य घोषणाओं की तरह हवा हवाई होकर ना रह जाए इस पर बिहार सरकार को विशेष निगरानी रखनी होगी ।यह एक सराहनीय पहल निश्चित रूप से है, के के पाठक जो अभी शिक्षा विभाग के सर्वे सर्वा है, अब उनकी जिम्मेदारी कुछ ज्यादा बढ़ गई ।पूरे बिहार में एक मुहिम चलाकर इस कानून को लागू करने में उनकी अहम भूमिका हो सकती है, लेकिन इस कदम से शिक्षा व्यवस्था में परिवर्तन होगा या नहीं होगा यह प्रश्न अभी बना हुआ है क्योंकि सरकारी विद्यालयों के शिक्षको मे गुणवत्ता, अनुशासन आदि मे काफी गिरावट आई हैजो आज बीमारी बन क्रॉनिक रूप ले लिया है ।शिक्षक सिर्फ शिक्षक नहीं रह गए वे सरकार का हर आदेश चाहे गांव में खुले सौच कर रहे हैं लोगों का सर्वे हो या फिर जनगणना , मतगणना या अन्य कोई काम हो, बेधड़क इन्हें लगाया जाता रहा है जिसके कारण स्कूल के पठन पाठन सिस्टम में व्यवधान उत्पन्न होता रहा है। शिक्षकों के अंदर पढ़ाने की जो प्रवृत्ति थी वह धीरे-धीरे लुप्त होती गई और उनकी रुचि पठन पाठन मे न रहकर कर्मचारी की शैली मे सिमट कर रह गई है । वर्तमान नए कानून सफल हो इसके प्रति समाज आशांवित है लेकिन जिस तरह सभी कानून का बिहार में अंजाम हुआ और हो रहा है, अगर इसका भी वही हश्र हो जाए तो कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी। इस कानून के बनने से इतना तो हुआ है कि इसका अनुसरण चिकित्सा सेवा में भी किया जा सकता है। जिस तरह आज सरकार चिकित्सा सेवा पर काफी धन खर्च कर रही है, अब



उसे सफल करने का समय आ गया है। हर तरह के प्राइवेट प्रैक्टिस को सुबह 9:00 बजे से लेकर 4:00 बजे तक बंद कर दिया जाए तो इसका अच्छा परिणाम निकल कर सामने आएगा। चिकित्सा सेवा के लिए एक आपातकालीन शब्द आता है ,लेकिन बिहार के सारे अस्पतालों में आपातकालीन सेवा की सुविधा उपलब्ध है ।मोतिहारी सदर अस्पताल को देखने से ऐसा लगता है कि निजी नर्सिंग होम भी इसके सामने फेल है लेकिन व्यवस्था ,टाइल्स ,साफ सफाई आदि निजी नर्सिंग होम के बराबरी में आ गया है लेकिन चिकित्सा व्यवस्था अभी भी निजी सेक्टर के समान नही है ।अभी जो सरकारी डॉक्टर अस्पतालों में नौकरी कर काफी हैंडसम सैलरी ले रहे हैं वे मरीजों को अपने प्राइवेट क्लीनिक या नर्सिंग होम में ही दलालों के माध्यम से भेजकर दोहरी कमाई कर रहे है । सरकारी एंबुलेंस, पैथोलॉजी, एक्स-रे ,अल्ट्रासाउंड एवं सीटी स्कैन सेवा की व्यवस्था आदि को बिहार सरकार ने लगभग सभी अस्पतालो मे मुहैया करा दिया है ,तो क्यों नहीं शिक्षा सेवा की तरह चिकित्सा सेवा को भी उस दायरे में बांध दिया जाए । 8:00 बजे सुबह से लेकर संध्या 5:00 बजे तक कोई भी प्राइवेट क्लीनिक नहीं चलाएंगे। इसका इतना सुंदर परिणाम होगा जिसका असर आगामी विधानसभा चुनाव में सत्ता में बैठी पार्टी को मिल सकती है । यह जनहित का मामला है आम लोगों का पॉकेट अभी प्राइवेट चिकित्सकों से इलाज करने के लायक कर नहीं रह गए हैं। साधारण सी बीमारी के लिए भी अगर वे प्राइवेट डॉक्टर के यहां जाते हैं तो कम से कम पॉकेट में दो चार हजार रू लेकर के हीं जाना पड़ता है ,और बड़ी बीमारी है तो लाख दो चार लाख आरंभिक खर्च आता है जो बाद में जमीन और मकान तक बेचना पड़ता है। यह व्यवस्था बिहार में है। बिहार की जो सरकार है उसे प्रगतिशील सरकार कही जा सकती है । वामपंथी 16 विधायक इसमें है और आरजेडी के भी प्रगतिशील विधायक इसमे हैं। तो यह अभी अनुकूल समय है। इस कानून के लागू हो जाने से सरकारी डॉक्टर रिजाइन करना नहीं सोचेंगे क्योंकि प्राइवेट प्रैक्टिस पर बैन लगा हुआ रहेगा, मजबूरन उन्हें काम करना ही पड़ेगा ।इस बाबत भाकपा माले के जिला सचिव विष्णु देव यादव ने बताया कि विहर मे जो कोचिंग शिक्षा नीति बनी है यह बहुत सराहनीय कदम है लेकिन सरकार अगर चिकित्सा सेवा के साथ इसे भी जोड़ दे कि सुबह 8:00 से लेकर 5:00 बजे तक प्राइवेट प्रैक्टिस कोई नहीं करेगा तो पूरे बिहार में क्रांति आ जाएगी। गरीबों की दुआएं मिलेगीऔर भविष्य के लिए यह कदम काफी लाभप्रद हो सकता है, बिहार का कायाकल्प हो जाएगा जो पूरे देश के लिए एक अनुकरणीय कानून बन जाएगा । सरकार को इस दिशा में काम करने की जरूरत है। प्रोफेसर जगदीश विद्रोही जो एक कोचिंग चलाते हैं, ने बताया कि सरकार ने जो नियम बनाया है, हम लोग इस कानून को मानेंगे लेकिन यह कानून सिर्फ शिक्षकों के लिए ही क्यों ?और भी बहुत से ऐसे क्षेत्र हैं जहां काफी अनियमिताएं हैं, वहां भी लागू होना चाहिए चाहे ब्लॉक में जो कर्मचारी है वे घर पर प्राइवेट प्रैक्टिस के रूप में भी अपना कार्यालय खोलकर जमकर रूपया कमाई कर रहे हैं।

## ख़ास ख़बर

### गरीबों का आम जनता का समस्या दूर करने हेतु आवाज उठाऊंगा



**कैमुर रोहतास ,शुभ भास्कर ।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी रोहतास जिला कार्यालय सासाराम में बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष आशुतोष सिंह का स्वागत समारोह बहुत ही धुमधाम से किया गया,जिसका नेतृत्व महिला नेत्री सुषमा देवी ने किया,इस अवसर पर एनसीपी के जिला उपाध्यक्ष आमिर इकबाल बाली जी ने बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष आशुतोष सिंह को स्वागत करते हुए कहा कि हमारे जिला अध्यक्ष रहे आशुतोष सिंह एक जुझारू और गरीबों के मसीहा के रूप में जाने-माने नेता जाने जाते हैं और बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर हमारे पार्टी पूरे बिहार में मजबूत होगी,स्वागत समारोह के अवसर पर आशुतोष सिंह बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि हम बहुत ही खुशनसीब हैं कि मुझे बहुत ही धूमधाम से सासाराम रोहतास में सम्मानित किया जा रहा है,प्रेम स्नेह के साथ स्वागत किया जा रहा है,मैं चाहूंगा कि जिस तरह रोहतास जिला मे पार्टी मजबूत किया हूं,उसी तरह पूरे बिहार में पार्टी को मजबूत करने का काम करूंगा और गरीबों का आम जनता का समस्या दूर करने हेतु आवाज उठाऊंगा और जरूरत पड़ेगा तो विरोध प्रदर्शन आंदोलन जनता के समर्थन में हम करेंगे,इस अवसर पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के स्वागत समारोह में सैकड़ो लोग शामिल हुए जिसमें मुख्य रूप से विमलेश सिंह,परशुराम सिंह,रामबाबू,सुषमा देवी,अमिर इकबाल बालीजी,सतीश पासवान,अनिल सिंह,संजय दुबे,येनुल खान,लता सिंन्हा,धनंजय दुबे,पंकज गौड़,विनोद चौधरी,विशेश्वर प्रसाद गुप्ता,संतोष यादव,गुड्डु अंसारी,आकाश पासवान,बंटी पाठक सैकड़ो लोग स्वागत समारोह में शामिल हुए ।

### समकालीन अभियान के तहत तीन शराबी को पुलिस ने किया गिरफ्तार भेजा जेल



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता,भगवानपुर (कैमूर)** । थाना प्रशासन द्वारा समय कालीन अभियान के तहत थाना क्षेत्र के कुड़वा सड़क के पास से तीन शराबियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल। जिस संदर्भ में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अनिल प्रसाद के द्वारा बताया गया, की समकालीन अभियान के तहत भगवानपुर पुलिस जा रही थी की रास्ते मे ग्राम कुड़वा सड़क से शराब के नशे में धुत्त तीन शराबीयों को गिरफ्त में लेते हुए स्वास्थ्य जांच कराया गया स्वास्थ्य जांच में शराब पीने की पुष्टि होने के उपरांत तीनों शराबियों को गिरफ्तार कर लिया गया। जिन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। गिरफ्तार तीनों आरोपिइ चैनपुर थाना क्षेत्र के मेड़ ग्रामवासी सुनील महतो पिता भगवान महतो, नेता सिंह पिता लालमुनी सिंह, रवि कुमार पिता छागुर बिन्द बताये जा रहें हैं।

### अति पिछड़ा वर्ग से अलग करने की मुहिम चलाने की वजह से वैश्य समाज द्वारा राजद एमएलसी रामबली सिंह चंद्रवंशी का किया गया विरोध



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता ,भभुआं (कैमूर)** । राजद एमएलसी रामबली सिंह चंद्रवंशी के भभुआं आगमन पर वैश्य समाज के द्वारा एमएलसी द्वारा वैश्य समाज को अति पिछड़ा वर्ग से अलग करने के मुहिम चलाने की वजह से जमकर किया गया विरोध। आपको बताते चलें कि देश में आरक्षण की मलाई चाटने (भिक्षा लेने) की लोभ में देशवासियों द्वारा अपने आप को पिछड़ा अति पिछड़ा वर्ग बनाने की होड़ लगी हुई है। सरकार द्वारा वर्तमान समय में जातिवादी कानून के तहत सत्ता में बने रहने के लिए, वैश्य समाज को अति पिछड़ा वर्ग की श्रेणी में रखा गया है। जिसका की राजद एमएलसी रामबली सिंह चंद्रवंशी के द्वारा विरोध किया जा रहा है। साथ ही वैश्य समाज को अति पिछड़ा वर्ग से हटाने के लिए मुहीम भी चलाया जा रहा है। जिसके विरोध में राजद एमएलसी के भभुआं आगमन पर वैश्य एवं चौरसिया समाज के लोगों द्वारा लिक्ष्वी भवन के पास उनके वाहन के सामने बैठकर विरोध किया गया। स्थल पर उपस्थित वैश्य समाज के अध्यक्ष कैप्टन त्रिवेणी शाह ने कहा कि तेली तमोली वैश्य समाज के लोगों को मूल अति पिछड़ा वर्ग में लाया गया था।

# अनियंत्रित वाहन के चपेट में आने से एक युवक की मौत एक घायल



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता,रामपुर(कैमूर)** । प्रखंड अंतर्गत करमचट थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव निवासी लक्ष्मण यादव की 22 वर्षीय पुत्र चंदन यादव चेनारी जाने के क्रम में अनियंत्रित ट्रैक्टर के चपेट में आने से बुरी तरह से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार अपने गांव से दो पहिया वाहन से चेनारी जा रहे थे तभी तेज रफ्तार के टवाहन के चपेट में आने से घायल हो गए जिन्हें स्थानीय लोगों ने सदर अस्पताल लाने के क्रम में मौत हो गई। कैमूर जिला पार्षद सह बसपा नेता विकास सिंह को घटना की सूचना मिलने पर यथाशीघ्र सदर अस्पताल पहुंचकर परिजनों से मुलाकात किया। जिला पार्षद विकास सिंह ने बेलगाम वाहनों पर जिला प्रशासन से नियंत्रण लगाने एवं बेवजह तेज रफ्तार चलने वाले गाड़ियों पर लगाम लगाने का जिला प्रशासन से मांग किया है। विकास सिंह ने करमचट थाना अध्यक्ष से यथाशीघ्र गाड़ी वाहन को चिन्हित करके गिरफ्तार करने का मांग किया है। जिला पार्षद विकास सिंह ने बताया कि नावाडीह गांव निवासी लक्ष्मण यादव अत्यंत गरीब परिवार से बिलॉन्ग करते हैं। उन्होंने मृतक चंदन यादव का सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया। जिला पार्षद विकास सिंह जिला प्रशासन से अत्यंत गरीब परिवार को बिहार सरकार से आर्थिक सहायता की मांग किया। जिला पार्षद ने अत्यंत गरीब परिवार को आर्थिक मदद भी अपने स्तर से मुहैया कराया। उन्होंने युक्त घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि अनियंत्रित वाहनों ने एक परिवार का घर उजाड़ने का कार्य किया। एक पिता अपने पुत्र को भविष्य के लिए लालन-पालन करता है लेकिन बेवजह उसकी जान चला गया। दूसरी तरफ दो पहिया वाहन पर सवार चंदन यादव के साथ विनोद बिंद घायल हो गए हैं उनका प्राइवेट इलाज चल रहा है। मौके पर पंचायत समिति सदस्य पेडा सिंह, रामप्रवेश यादव,कमलेश सिंह, ब्रजेश राम,गणेश राम, शिक्षक अरुन सिंह, भोलू यादव सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## अघोषित बिजली कटौती से उपभोक्ताओं में रोष



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता,चांद (कैमूर)** । प्रखंड में अघोषित बिजली कटौती से उपभोक्ताओं में भारी रोष है।सुखे की मार झेल रहे किसानों को फसल जीवित रखने में काफी परेशानी हो रही है। पिछले चार दिनों से प्रखंड में बिजली की आपूर्ति बाधित हो रही है। उपभोक्ताओं ने कहा विद्युत आपूर्ति करने में बिजली विभाग के अधिकारी भेदभाव कर रहे हैं। प्रखंड में पिछले चार दिनों से शाम एवं रात्रि को बिजली काट जा रही है। उपभोक्ता अमित कुमार सिंह विक्की सिंह आदि ने कहा बिजली कटौती से उपभोक्ताओं को रात्रि में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। किसानों को धान की फसल बचाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रखंड में अधिकतर गांवों में कर्मनाशा फीटर से बिजली की आपूर्ति की जाती है।इस संबंध में कर्मनाशा फीटर के आपरेटर लक्ष्मी प्रसाद ने कहा कर्मनाशा फीटर को 500 मेगावाट बिजली कम मिल रही है। उन्होंने ने कहा बारिश नहीं होने एवं सुखे के चलते बिजली की खपत बढ़ जाने से आपूर्ति में समस्या आ रही है। उन्होंने ने कहा बारिश होने के बाद बिजली आपूर्ति सामान्य हो जाएगी।

## सदर अस्पताल में 15 दिनों से नहीं हो रहा सीबीसी मरीज हो रहे परेशान



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता भभुआं,(कैमूर)** । भभुआं सदर अस्पताल में 15 दिनों से सीबीसी नहीं हो रहा है जिसको लेकर मरीज काफी परेशान हैं। वहीं सदर अस्पताल में 24 घंटे पैथोलॉजी जांच का दायित्व ट्रिपल पी मोड में है। इस केंद्र में बीते 15 दिनों से सीबीसी जांच नहीं हो रही है मरीज ने बताया कि हम लोग काफी दूर से आते हैं लेकिन सीबीसी जांच नहीं होने के कारण बाहर कराए जाने पर लगभग ढाई सौ से 300 रूपए वसूलकर सीबीसी जांच किया जा रहा है। इस संबंध में सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉक्टर विनोद कुमार ने बताया कि इसकी सूचना उससे संबंधित विभाग को दिया गया है लेकिन इंजीनियर सीबीसी मशीन को ठीक करने के लिए प्रयास किया जा रहा है। लगातार उसपर काम हो रही है जल्द ही सीबीसी ठीक हो जाएगा जिससे मरीजों को राहत मिल सकेगी।

## रक्त की ये यूनिटें कैंसर, थैलेसिमिया , लावारिस मरीज, एनमिक गर्भवती समेत अन्य जरूरतमंद मरीजों के उपचार मे सहायक होगी




**रामगढ़ कैमुर ,शुभ भास्कर** । रक्त के अभाव मे किसी भी मरीज की जान न जाए , इसके लिए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन भभुआ कैमूर शाखा द्वारा " राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस " के अवसर पर दिनांक 1 अक्तूबर 2023 दिन- रविवार को रेफरल अस्पताल, रामगढ़, जिला- कैमूर मे रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है । रक्त की ये यूनिटें कैंसर, थैलेसिमिया , लावारिस मरीज, एनमिक गर्भवती समेत अन्य जरूरतमंद मरीजों के उपचार मे सहायक होगी । इस रक्तदान शिविर मे शामिल रक्तदाताओं को आईएमए कैमूर एवं बिहार सरकार की तरफ से प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। लोगों मे फैली भ्रांतियां हैं जैसे रक्तदान से शरीर कमजोर हो जाता है और उस रक्त की भरपाई होने मे काफी समय लग जाता है ।इतना ही नही लोगो मे यह गलतफहमी भी व्याप्त है कि खून देने से रोगप्रतिरोधक क्षमता कम हो जाने के कारण बीमारियां जल्द पकड़ लेती हैं । इन्ही भ्रांतियो को दूर करने के लिए राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस मनाया जाता है । वह व्यक्ति जिनकी आयु 18 से 60 वर्ष के बीच है , वजन 45 किलो से अधिक हो , जिसे एचआईवी, हेपटाइटिस बी , सी , रक्ताल्पता, मधुमेह इत्यादि की बीमारी न हो वह रक्तदान कर सकता है । एक बार मे 350 ml रक्त दिया जाता है । उसकी क्षतिपूर्ति चौबीस घंटे के अंदर हो जाती है और गुणवत्ता की पूर्ति महीने भर मे हो जाती है । दूसरे जो नियमित रक्तदान करते हैं उन्हे हृदय संबंधित बीमारियां कम परेशान करती हैं । तीसरी अहम बात यह है कि हमारे रक्त की संरचना ऐसी है कि उसमे समाहित रेड ब्लड सेल तीन माह मे स्वयं ही नष्ट हो जाते है लिहाजा प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति तीन माह मे एक बार रक्तदान कर सकता है । आईएमए कैमूर शाखा जिलेवासियों से अपील करता है कि रक्तदान शिविर मे अधिक से अधिक संख्या मे भाग लेकर जरूरतमंद रोगियो की जीवन रक्षा मे सहयोगी बने स्थान- रेफरल अस्पताल, रामगढ़ । रजिस्ट्रेशन हेतु संपर्क करें - 9304243566

### मौसम के बेरूख़ी व भीषण गर्मी से किसान व लोग परेशान

**बिक्रमगंज(रोहतास)** । मौसम के बेरूख़ी से भादो माह में वर्षा न होने से गर्मी का तापमान बढ़ गया है। वर्षा न होने से नहर के निचले हिस्से में पानी की घोर किल्लत हो गया है।किसान अपनी धान की फसल बचाने को पंपिंग सेट व मोटर का उपयोग करने लगे हैं।वही दुसरी ओर पड़ रही भीषण गर्मी से लोग परेशान हैं।जेठ माह की तरह घरो में लगे पंखा व कुलर से ही लोग गर्मी से राहत लेने को विवश है। अवकाश प्राप्त शिक्षक राम चंद्र पाण्डेय ने कहा कि मानव प्रकृति से बहुत ही छेड छाड कर रहे हैं। पहले के लगे बगीचे को काट दिया लेकिन लगाया एक भी पेड़ नहीं जिसका आज प्रकृति दण्ड दे रही है।भादो माह में ही मड़जरनी के बारे कहावत प्रचलित था कि जब जब उसे अपने बेटे की याद आती है तो रोने लगती थी तो धरती पर बारिश होने लगती थी। भी आज तो वह भी कहावतें निराधार दिखने लगा है। उधर चिकित्सक बीएन ओझा ने कहा कि इस भीषण गर्मी में लोगो को अपने खान पान पर विशेष ध्यान देना होगा नहीं तो डायरिया बिमारी का शिकार हो सकते है। पानी पीने में कमी न करें तला हुआ खाद्य पदार्थ से बचें।

### प्रशासन द्वारा तीन वारटियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता,चांद(कैमूर)** । थाना प्रशासन द्वारा तीन वारंटीयों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल। थाना अध्यक्ष सचिन कुमार द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि कोर्ट से निर्गत एन बी डव्लू वारंट पर कार्यवाही करते हुए होशिला पाण्डेय व श्रीकांत पांडेय पिता राम-लखन पांडेय, गांव छोटका चांद, विरेंद्र यादव पिता सुदर्शन यादव गांव कोवडा को छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया। जिन्हें जेल भेजा जा रहा है।

### समकालीन अभियान मे चार शराबी और दो वारंटी गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता,दुर्गावती (कैमूर)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत थाना प्रशासन द्वारा समय कालीन अभियान में चार शराबी व दो वारंटीयों को किया गया गिरफ्तार। आपको बताते चलें की पदाधिकारियों के निर्देश पर दुर्गावती पुलिस के द्वारा समकालीन अभियान चलाया गया। जिसके तहत दुर्गावती पुलिस ने शराब के नशे की हालत मे चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। वही दो वारंटियों को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार लोगों में वीरेंद्र मुसहर एवं बैजनाथ जायसवाल ग्राम डिङखिली थाना दुर्गावती जिला कैमूर के निवासी है तथा अजीत राजभर एवं मुन्ना राजभर ग्राम रामपुर थाना राजपुर जिला बक्सर के निवासी हैं। ये चारों लोग शराब के नशे की हालत में गिरफ्तार किए गए हैं। वहीं पुलिस ने दो वारंटी को भी गिरफ्तार कर लिया है । जिसमें शंभू राम एवं गोलू सिंह दोनों ग्राम कुड़ारी थाना दुर्गावती जिला कैमूर के निवासी है। वही इस संबंध मे थाना अध्यक्ष दुर्गावती राजीव रंजन सिंह ने बताया कि वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर दुर्गावती थाना क्षेत्र में समकालीन अभियान चलाया गया जिसके तहत शराब के नशे मे चार लोगों को और दो वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है।

### 1761 बोतल शराब के साथ दो गिरफ्तार बोलेरो जप्त भेजें गए जेल



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता ,दुर्गावती (कैमूर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कर्मनाशा नहर मोड़ के समीप रविवार की सुबह दुर्गावती पुलिस ने एक बोलेरो से 1761 बोतल शराब बरामद किया तथा दो धंधेबाजों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार धंधेबाज आकाश यादव ग्राम गगतर थाना अजीयांव बाजार तथा राजकुमार यादव ग्राम उज्जैन डिहरा थाना पियरो दोनों जिला भोजपुर के निवासी बताए जा रहे हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्गावती पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एक बोलेरो से शराब की खेप यूपी से बिहार में भेजी जा रही है।सूचना मिलते ही दुर्गावती पुलिस की टीम कर्मनाशा नहर मोड़ के पास पहुंच गई।और उक्त बोलेरो के आने का इंतजार करने लगी। थोड़ी ही देर में उक्त बोलेरो आती हुई दिखाई दी नजदीक आने पर जब पुलिस ने बोलेरो को रोककर उसकी तलाशी ली तो बोलेरो के अंदर 1680 बोतल 8 पीएम टेट्रा पैक 180 ml और 81 बोतल रॉयल चैलेंज शराब मिला। कुल मिलाकर टोटल 1761 बोतल शराब बरामद किया गया। इसके बाद पुलिस के द्वारा दोनो धंधेबाजों को बोलेरो के साथ दुर्गावती थाने लाया गया जहां पर पूछताछ करते हुए मेडिकल जांच के बाद जेल भेज दिया गया।

बैठक | पाँच सितम्बर को प्रखंड मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया जाएगा

## दुर्गावती प्रखंड मुख्यालय पर 11 सूत्री मांगो को लेकर 5 सितंबर के दिन पंच सरपंच सन्ग 11 सूत्री मांगो को लेकर देंगे धरना



**शुभ भास्कर ,कैमुर दुर्गावती** । कैमूर जिले के दुर्गावती स्थानीय प्रखंड मुख्यालय स्थित शिव मंदिर प्रांगण में सरपंच संघ की बैठक संपन्न हुई. बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने की ।बैठक के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि आगामी पाँच सितम्बर को प्रखंड मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया जाएगा. उपस्थित सदस्यों ने बैठक के दौरान अपनी 11 सूत्री मांगों पर चर्चा की.इस दौरान सरपंच संघ के प्रखंड अध्यक्ष ने बताया कि आने वाले 5सितम्बर को एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी ऋचा मिश्रा व प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा.मांगों को लेकर आंदोलन तेज करने की भी चर्चा की गई . इसकी जानकारी प्रखंड कार्यालय को दे दी गई है.मौके पर खडसरा पंचायत के सरपंच विकास कुमार सिंह के अलावा सरपंच प्रतिनिधि खामीदौरा पंचायत राजेन्द्र गुप्ता, चाहरिया पंचायत धर्मेन्द्र कुमार कनोजिया सचिव ,जेवरी पंचायत वसीम खान डुमरी पंचायत ,ईबरार खान आदि बैठक में शामिल रहे।

## रिटायर्ड लिपिक का विदाई समारोह संपन्न



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो,सासाराम (रोहतास)**। जिले के प्रखंड कार्यालय डेहरी में कार्यरत मोहम्मद मुस्तफा जो 31 अगस्त 2023 को सेवानिवृत हुए ,का विदाई समारोह प्रखंड सभागार में आयोजित किया गया। इस विदाई समारोह की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी पुरुषोत्तम त्रिवेदी द्वारा किया गया ।प्रखंड कार्यालय में कार्यरत सभी कर्मियों द्वारा मुस्तफा जी के कार्यों की सराहना की गई ।प्रधान सहायक श्री जियाउर रहमान द्वारा उनके कार्यों की प्रशंसा करते हुए बताया गया कि मुस्तफा जी एक कुशल व्यवहारिक व्यक्ति हैं जो कार्यों को बड़ी सहजता के साथ और विनम्रता के साथ पूर्ण करते हैं। नईमुद्दीन अंसारी द्वारा बताया गया कि मुस्तफा जी को जो भी कार्य सौंप गए वह सब ससमय ईमानदारी पूर्वक और लग्नशीलता के बदौलत कार्य को पूर्ण करते थे। शिक्षक संघ के अध्यक्ष श्री अखिलेश्वर कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि मुस्तफा जी विनम्र स्वभाव के व्यक्ति हैं। जिनकी विनम्रता पूरे प्रखंड में चर्चा का विषय बना रहता है। प्रखंड विकास पदाधिकारी पुरुषोत्तम द्विवेदी द्वारा मुस्तफा जी के कार्यों की प्रशंसा की गई एवं उनके उज्जवल भविष्य स्वस्थ जीवन की कल्पना की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि मुस्तफा जी अपना समय परिवार के साथ खुशी और उल्लास पूर्वक व्यतीत करें ,यही हमारी कामना है ।अंत में मुस्तफा जी ने सबों के प्रति आभार प्रकट किया । प्रखंड विकास पदाधिकारी के प्रति विशेष रूप से आभार प्रकट करते हुए उन्होंने बताया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री पुरुषोत्तम त्रिवेदी का सहयोग हमेशा से मिला है। और सर का सहयोग प्रखंड के सभी कर्मियों को इसी प्रकार से मिलता रहे। अंत में सम्मान पूर्वक माल्यार्पण के साथ मुस्तफा जी को ससम्मान प्रखंड कार्यालय से विदाई दी गई।

## खास ख़बर

### तुरना गांव के पास नहर में मिला शव, हत्या का अशंका

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता,गाजीपुर।** नंदगंज थाना के तुरना गांव के समीप नहर में रविवार की सुबह अज्ञात युवक की क्षतविक्षत शव मिलने से सनसनी फ़ैल गई। युवक लाल रंग का टीशर्ट और भूरे रंग का लोअर पहना था।ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का शिनाख्त करने की बहुत प्रयास की मगर पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मर्चरी हाउस भेज दिया। अशंका जताया जा रहा है कि युवक की हत्या कर शव को नहर में फेंक दिया गया है। और पानी के सहारे बहकर यहां आया है।उधर, पुलिस का कहना है, कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही कुछ स्पष्ट हो सकेगा।

### 6 सितंबर को 30 साल बाद श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर बन रहा अद्भुत संयोग

**बिक्रमगंज(रोहतास)** । हिंदू पंचांग के अनुसार भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि के दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया जाता है । शास्त्रों के अनुसार माना जाता है कि इस दिन भगवान विष्णु के अवतार श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था । इस साल अष्टमी तिथि दो दिन पड़ने के कारण लोगों को तिथि को लेकर काफी असमंजस है । हिंदू पंचांग के अनुसार 6 सितंबर को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दिन अद्भुत योग बन रहा है । आपको बताते चले कि गृहस्थ और वैष्णव कब मनाएं कृष्ण जन्मोत्सव ।

### 30 वर्ष बाद जन्माष्टमी पर बना अद्भुत योग

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस साल श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर काफी अद्भुत योग बन रहा है । हिंदू पंचांग के अनुसार 6 सितंबर को पूरे दिन सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है । बता दें कि सर्वार्थ सिद्धि योग के दौरान चंद्रमा वृषभ राशि और रोहिणी नक्षत्र होने पर विशेष संयोग बन रहा है । कृष्ण पक्ष की अष्टमी पर मध्य रात्रि में रोहिणी नक्षत्र बन रहा है , जिसके चलते 6 सितंबर को सर्वार्थ सिद्धि योग निर्मित हो रहा है ।कब मनाएं गृहस्थ और वैष्णव के लोग श्रीकृष्ण जन्मोत्सव ? बता दें कि गृहस्थ और वैष्णव लोग अलग-अलग श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाते हैं । जन्माष्टमी के पहले दिन गृहस्थ लोग और दूसरे दिन साधु-संत लोग भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाते हैं । ऐसे में इस बार गृहस्थ लोग 6 सितंबर और वैष्णव लोग 7 सितंबर 2023 को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाएंगे ।

### स्मार्टफोन पाकर छात्राओं के खिले चेहरे

**दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय ,जखनियां गाजीपुर** । भुड़कुड़ा थाना क्षेत्र के माता कुसुम देवी गर्ल्स डिग्री कॉलिज कुड़िला में एमएससी के 84 छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण किया गया।इस मौके पर मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष रघुवंश सिंह और विशिष्ट अतिथि कोतवाल तारावती ने छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण के दौरान छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रघुवंश सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों का जितना ख्याल मुख्यमंत्री माननीय योगी जी कर रहे हैं उतना ख्याल पूर्व की सरकार नहीं कर पाई,एमएससी के छात्रों को स्मार्टफोन देकर ऑनलाइन पठन पाठन करने और देश दुनिया की घटनाक्रम जानने के लिए अच्छी पहल है। उन्होंने कहा की हर अभिभावक अपने बच्चों शिक्षा जरूर दिलाए। इस मौके पर कोतवाल तारावती, भाजपा मंडल अध्यक्ष उमाशंकर यादव, प्रबंधक विपिन सिंह ,प्राचार्य दिनेश सिंह यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### सांसद सांस्कृतिक महोत्सव को लेकर सहायक नगर आयुक्त ने की मीटिंग



**वाराणसी।** आदमपुर जोन में काशी सांसद सांस्कृतिक महोत्सव की जोन स्तर की मीटिंग सहायक नगर आयुक्त की अध्यक्षता में रविवार को सम्पन्न हुई, जिसमे राजेश वर्मा डेप्युटी कलेक्टर, रामनगर प्रभु नारायण राजकीय इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ प्रभात झा, कॉर्डिनेटर रहमत अली, धीरेंद्र सिंह, बाल भारती इंग्लिश स्कूल लोहटिया से कॉर्डिनेटर अनूप लाल यादव, DAV इंटर कॉलेज इफ्तिखार अहमद, भारतीय जनता पार्टी महानगर उपाध्यक्ष साधना वेदांती, बीजेपी मंडल महामंत्री अभय कुमार यादव, पार्षद प्रतिनिधि प्रदीप कुमार, वार्ड अध्यक्ष बृजेश जैसवाल, पार्षद तुफैल अंसारी, वरिष्ठ लिपिक प्रभात शारदे, कंप्यूटर ऑपिरेटर शनि उपस्थित रहे।

### मारपीट के मामले में चार अभियुक्त गए जेल



**बिक्रमगंज(रोहतास)।** कछवां थाने की पुलिस ने मारपीट के मामले में चार अभियुक्त को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया । थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम मंगरांव (नोआंव टोला) निवासी कछवां थाना कांड संख्या 128/ 23 के आलोक में सुसंगत धारा 341/ 323/ 307/ 325/ 34 आईपीसी तहत प्रथम पक्ष के अभियुक्त रंग बाबू यादव एवं मनजी यादव और कछवां थाना कांड संख्या 129/23 के आलोक में सुसंगत धारा 341/323/307/ 34 आईपीसी तहत द्वितीय पक्ष के अभियुक्त रमेश यादव एवं उमेश यादव को गिरफ्तार किया गया । थानाध्यक्ष ने बताया कि मारपीट के मामले में दोनों पक्षों की ओर से कुल 10 लोगों के विरुद्ध स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराया गया है । जिस मामले में दोनों पक्षों की ओर से दो-दो यानी चार अभियुक्त को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया ।

# दुर्गा पूजा समिति की बैठक में पूजा आयोजन को लेकर दो गुट आपस में हुए उग्र



**फारबिसगंज** । फारबिसगंज बड़ा शिवालय परिसर में रविवार को बड़ा शिवालय दुर्गा पूजा समिति की बैठक के दौरान पूजा को लेकर दो गुट आमने सामने हो गए और मामला काफी गर्म हो गया।जिसके बाद एसडीओ समेत थाना पुलिस को सूचना दी गई और फिर एसडीओ रोजी कुमारी के निर्देश पर सीओ संजीव कुमार और फारबिसगंज थाना से एसआई गोविंद सिंह पुलिस बलों के साथ मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को शांत कराया। इस दौरान पूजा समिति के सदस्य समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।मौके पर ही फारबिसगंज नगर परिषद की मुख्य पार्षद वीणा देवी, उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि एवं पार्षद उमाशंकर यादव उर्फ बुलबुल यादव,पूर्व मुख्य पार्षद अनूप जायसवाल,पूर्व उप मुख्य पार्षद कृष्ण देव भगत मौजूद थे। दरअसल फारबिसगंज बड़ा शिवालय सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति की पुरानी कमिटी पिछले कई वर्षों से मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा कराते आ रही है।लेकिन आज के बैठक में समाज के कुछ युवा सामने आए और उन्होंने युवाओं के ऊपर पूजा कराने की जिम्मेवारी देने की बात कही।बस इसी बात को लेकर बैठक में शामिल लोग दो गुटों में बंट गए और एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप करते हुए धक्का मुक्की करने लगे। जिसके कारण वहां हंगामा मच गया और फिर देखते ही देखते भारी भीड़ जमा हो गई।जिसके बाद फारबिसगंज एसडीओ रोजी कुमारी समेत फारबिसगंज थानाध्यक्ष आफताब अहमद को हालात बिगड़ने की सूचना दी गई।जिसके बाद फारबिसगंज एसडीओ के आदेश पर मौके पर तुरंत सीओ संजीव कुमार और फारबिसगंज थाना से एसबी इंस्पेक्टर गोविंद सिंह पुलिस बलों के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को शांत करवाया।बाद में सीओ संजीव कुमार ,मुख्य पार्षद वीणा देवी,पूर्व मुख्य पार्षद अनूप जायसवाल, उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि उमाशंकर यादव,पूर्व उप मुख्य पार्षद कृष्ण देव भगत के साथ दोनों पक्षों के साथ संयुक्त बैठक की और दोनों पक्षों से ग्यारह ग्यारह सदस्यों की कमिटी के साथ 11 सदस्यों की निगरानी कमिटी बनाई गई। अलग अलग बनी ग्यारह सदस्यों की कमिटी अपनी ओर से पूजा कमिटी के गठन के लिए निगरानी समिति को नामों का प्रस्ताव देगी।निगरानी कमिटी के ऊपर पूजा कमिटी का गठन कर आपस में शांति और सौहार्द्र के साथ पुरानी परंपरा के अनुसार दुर्गा पूजा मनाने की जिम्मेवारी दी गई। पद और पूजा में विघ्न डालने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई का निर्णय लिया गया।

## आर्थिक हल युवाओं को बल कार्यक्रम पर पंचायतों में एक दिवसीय शिविर आयोजित



**बिक्रमगंज(रोहतास)** । प्रखंड के पंचायत सरकार भवन नोनहर, मानी सहित कई पंचायतों में रविवार को राज्य सरकार के सात निश्चय कार्यक्रम के तहत कौशल विकास योजना अंतर्गत आर्थिक हल युवाओं को बल कार्यक्रम की जानकारी देने के लिए एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य रूप से स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड स्वयं सहायता भत्ता तथा कुशल युवा कार्यक्रम के तहत हुनर सिखाने पर विशेष जानकारी दी गई। डीआरसीसी के राम कृष्णा ने शिविर में उपस्थित छात्र-छात्राओं तथा जनप्रतिनिधियों को सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि सरकार पढ़ने वाले सभी छात्र छात्राओं को स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड देकर लाभान्वित कर रही है। इसके लिए छात्र छात्राओं को आगे बढ़कर लाभ से जुड़ना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार छात्र-छात्राओं को स्वयं सहायता भत्ता भी दे रही है। जिसके लिए निचले स्तर तक जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कहा कि सरकार के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने में स्थानीय मुखिया सभी वार्ड सदस्य और अन्य जनप्रतिनिधि को सहयोग करने की जरूरत है। उन्होंने शिविर में कहा कि आर्थिक हल युवाओं को बल कार्यक्रम का आयोजन वार्ड स्तर पर किया जाए तो इससे काफी लाभ मिलेगा। 4 घंटे के शिविर में कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं को हर एक विषय पर विस्तृत रूप से बताया गया। कार्यक्रम में सेंटर के राम प्रवेश, राजू चौधरी, सुनील चौधरी सहित अन्य वार्ड सदस्य शामिल थे।

## बिजली की अघोषित कटौती बार-बार ट्रिप करने से जल रहे इलेक्ट्रानिक उपकरण





**दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय ,जखनिया गाजीपुर** । भुड़कुड़ा थाना के जलालपुर धनी विद्युत उपकेंद्र से संबंधित 65 गावों में बिजली की अघोषित कटौती से किसान परेशान तो वहीं मुश्किल से तीन घंटे बिजली मिल रही है उसमे ,हर दो मिनट पर ट्रिप होने से कई किसानों उपकरण जल गए। आंधिवासीय अभियंता मनीष कुमार विशाल ने कहा कि किसान सूखे से ग्रसित है ।और लगातार किसान अपने त्युबेल को चालू करके छोड़ दे रहे हैं जिससे लोड बढ़ने से बार बार बिजली ट्रिप हो रही है।

# लोकप्रिय भोजपुरीअभिनेता व सांसद मनोज तिवारी का जनपद में हुआ भव्य स्वागत



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता , सुधाकर पाण्डेय ,गाजीपुर** । भारतीय जनता पार्टी के लोकप्रिय सांसद, भोजपुरी गायक, अभिनेता मनोज तिवारी का आज घोसी उप चुनाव प्रचार के अंतिम दिन वाराणसी से मऊ जाते समय महाराजगंज तिराहे पर भाजपा जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में फुल माला और जोरदार नारेबाजी कर स्वागत अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर मनोज तिवारी ने अपने चिर परिचित अंदाज में लोगों का अभिवादन स्वीकार किया और कहा कि भाजपा सरकार नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के के नेतृत्व में लगातार देश और प्रदेश के विकास,सम्मान एवं जनता के कल्याण के लिए काम कर रही है। मनोज तिवारी के साथ जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह के नेतृत्व में गाजीपुर के पदाधिकारियों का एक जत्था चुनाव प्रचार के लिए घोसी भी रवाना हुआ जो आज चुनाव प्रचार बन्द होने तक वहां घर घर जनसंपर्क कर लोगों को भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने का अनुरोध करेगा। इस अवसर पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रोफेसर शोभनाथ यादव, नगरपालिका अध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता,जिला महामंत्री प्रवीण सिंह दयाशंकर पांडेय, सुरेश बिंद,अच्छेलाल गुप्ता, जितेन्द्र नाथ पाण्डेय, अखिलेश सिंह,जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा, संतोष चौहान,मंडल अध्यक्ष गोपाल राय, प्रवीण त्रिपाठी,संजीत सेवार्थ, मुरली कुशवाहा, अनिल जायसवाल, रंजीत कुमार राम, संजय बिंद,नन्दू प्रधान, कमलेश गुप्ता, अमित जायसवाल, विनोद राय, अरविंद कश्यप, ओमकार सिंह,अरविन्द बिंद, सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता रहे।

### बिक्रमगंज रेलवे स्टेशन के विकास, रेलों के ठहराव और नये रेलों के परिचालन के लिए 'आप' करेगी धरना



**बिक्रमगंज(रोहतास)।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता निर्भय कुमार सिंह के नेतृत्व में बिक्रमगंज में एक बैठक आयोजित की गई । बैठक के दौरान श्री सिंह ने बताया कि रेल अधिकारियों को पत्र लिखकर आरा-रांची-आरा एक्सप्रेस ट्रेन का बिक्रमगंज में ठहराव करने की मांग किया गया था । परन्तु अभी तक ठहराव नहीं दिया गया है । स्टेशन पर यात्री शेड सहित मूलभूत सुविधाएं और आधारभूत संरचना के विकास का काम भी नहीं हो सका है । उक्त दौरान मोहम्मद सरफराज ने बताया कि बिक्रमगंज से नई-दिल्ली, मुंबई जैसे महानगरों को जाने के लिए कोई सीधी रेल सेवा नहीं है । आप नेता निर्भय कुमार सिंह ने रेल अधिकारियों को फिर से पत्र लिखकर तीन सूत्री मांग पत्र भेजा है । जिसमें ट्रेन संख्या 18639/18640 आरा-रांची-आरा एक्सप्रेस का बिक्रमगंज रेलवे स्टेशन पर ठहराव करने , सभी प्लेटफार्मों पर यात्री शेड, आधारभूत संरचनाओं और यात्री सुविधाओं का विकास एवं देश के महानगरों को जाने वाली नये रेलों का बिक्रमगंज से होकर परिचालन शुरू किया जाय । श्री सिंह ने कहा कि अगर इस मांग पत्र पर संतोषजनक कार्रवाई नहीं होने पर आम आदमी पार्टी बिक्रमगंज स्टेशन पर अपनी मांगों को लेकर 19 सितंबर को धरना-प्रदर्शन करेगी । जिस धरना प्रदर्शन में बिक्रमगंज के अन्य सामाजिक कार्यकर्ता और प्रबुद्ध जन भी शामिल होंगे ।

### महावीरी झंडा शोभायात्रा को लेकर सांवलिया कुंज महावीर ठाकुरबाड़ी में बैठक



**फारबिसगंज।** फारबिसगंज में रामायण परिषद की स्थापना को लेकर वर्षों से निकलने वाली महावीरी झंडा शोभायात्रा जुलूस आगामी रविवार 10 सितंबर को निकाला जायेगा।महावीरी झंडा शोभायात्रा जुलूस में विभिन्न मंदिरों और अखाड़े से हजारों की संख्या में श्रद्धालु भाग लेते हैं।राजेंद्र चौक स्थित सांवलिया कुंज महावीर ठाकुरबाड़ी से निकलकर जुलूस पूरे शहर का भ्रमण करती है।इसी जुलूस की सफलता को लेकर रविवार को सांवलिया कुंज महावीर ठाकुरबाड़ी में आयोजन कमिटी के सदस्यों की बैठक हुई।महावीर मंदिर के पुरोहित कौशल दुबे की अगुवाई में हुए बैठक में आगामी श्री कृष्ण जन्मोत्सव,अष्ट्याम संकीर्तन और निकलने वाले महावीरी झंडा शोभायात्रा से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई।

### भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष अफरोज आलम ने मुस्लिम समुदाय से की अपील



**मऊ।** उत्तर प्रदेश भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष अफरोज आलम ने घोसी विधानसभा उपचुनाव में मुस्लिम समुदाय से भाजपा प्रत्याशी दारा सिंह चौहान के समर्थन में वोट करने की अपील की। उन्होंने ये भी कहा कि आप किसी के बहकावे में न आए देश हित में भारतीय जनता पार्टी को वोट करे और मोदी जी के सपने को साकार करने में अपना योगदान दें, भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो बिना किसी भेद भाव के काम कर रही है, जो कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के साथ काम कर रही है। बाकी पार्टियां ने तो मुस्लिमों के साथ सिर्फ धोखा किया है। उनको सिर्फ वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया है, अभी भी वक़्त है सावधान हो जाए और इन बहरूपिये लोगों को पहचाने और अपने समाज को जागरूक करे कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाजपा के साथ जुड़े और अपना अमूल्य वोट भाजपा को देकर देश के तरक्की का भागीदार बने।

### स्वच्छता मिशन की असफलता पर लोग हैं काफी नाराज

**बिक्रमगंज(रोहतास)।** दावथ,सूर्यपूरा क्षेत्र में बिहार सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित शहरी एवं ग्रामीण स्तर पर चलाए जा रहे जल- जीवन हरियाली एवं स्वच्छता मिशन की असफलता से लोग हैं काफी नाराज। ग्रामीणों ने इस बदतर स्थिति के लिए सरकार की असफलता को जिम्मेवार ठहराया, तो वहीं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने स्थानीय प्रशासन एवं जन्म प्रतिनिधियों के उदासीनता को भी जिम्मेवार माना।सुर्यपुरा- अगरेड, भाया डबरिया ,रामपुर पथ पर खुले सडक पर शौच करने से आने जाने वाले को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। खासकर डबरीया- सुर्यपुरा से पश्चिम और अगरेड खुर्द और लखन पुरा की स्थिति काफी खराब है। वहीं दावथ प्रखंड के दावथ पंच मंदिर से बोदाढी की ओर जाने वाले पथ ,जो कभी शुद्ध हवा में टहलने के लिए प्रसिद्ध था ,अब शाम में टहलने वाले लोगों के लिए काफी मुश्किल हो गया है ।क्योंकि सड़क के दोनों और गंदगी का अंबार, मलमूत्र त्यागने कारण देखने को मिलता है। वहीं दावत से उसरी पथ की और भी आप बढ़ाते हैं तो नाक पर कपड़े रखने की मजबूरी हो जाती है। इसी तरह दोनों प्रखंड के ग्रामीण सड़कों पर स्थिति देखी जा सकती है।

**बैठक** | अध्यक्षता कर रहे रामकरण यादव ने विकास खंड क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को लेकर चर्चा शुरू किया

# क्षेत्र पंचायत विकास मंच के तत्वाधान में बैठक का किया गया आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता वीरबहादुर मौर्या, जमानिया।** क्षेत्र के किशुनीपुर गांव स्थित क्षेत्र पंचायत सदस्य पूजा तिवारी के फार्म हाउस पर रविवार को क्षेत्र पंचायत विकास मंच के तत्वाधान में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे क्षेत्र के विकास को लेकर चर्चा कि गई । बैठक की अध्यक्षता कर रहे रामकरण यादव ने विकास खंड क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को लेकर चर्चा को शुरू किया। जिसके बाद क्षेत्र पंचायत सदस्य बसुहारी मिथिलेश कुशवाहा ने कहा कि मनरेगा में कार्य कराने पर 15 प्रतिशत कमीशन मांगा जाता है। यह सभी को ज्ञात है कि मनरेगा का पैसा सीधे मजदूर के खाते में जाता है और गांव के मजदूरों से पैसा मांगना ठीक नहीं है। दाउदपुर के क्षेत्र पंचायत सदस्य श्रीदयाल गुप्ता ने कहा कि मनरेगा के तहत कार्य कराया गया है लेकिन भुगतान नहीं हुआ है। भुगतान कराने के लिए कहने पर 10 से 15 प्रतिशत कमीशन मांगा जाता है। जिस कारण से विकास खंड जाना छोड दिया है। वही मोहम्मद आजाद अंसारी ग्राम पंचायत मलसा का कहना है कि बिना कार्य कराये ही भुगतान करा दिया जा रहा है। बिना जानकारी के कार्य कराये जा रहे है। जिसका प्रस्ताव तक नहीं हुआ है और न ही किसी को कोई इस बाबत जानकारी है। डॉ अशोक कुशवाहा बीडीसी देवरिया का कहना है कि काम कराने के लिए 30-32 प्रतिशत जमा करना पड़ता है। इस दौरान बीडीसी पूजा तिवारी के प्रतिनिधि समाजसेवी चंदन तिवारी ने कहा कि विकास खंड भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। ये नहीं होने दिया जाएगा। कमीशन सिस्टम को बंद किया जाएगा और ग्राम सभा के जिस भाग में कार्य हो वहां के बीडीसी को देख रेख करने की जिम्मेदारी दिया जाना चाहिए। भुगतान को लेकर किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए और विकास खंड के बाबू से लगायत अधिकारी अपनी कार्यशैली में सुधार लाये। विकासखंड में चल रहे कमीशन के खेल को बंद करें। जिस पर क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने रोष जताया और आगामी बैठक में रणनीति तय करने को लेकर सहमती बनी। इस अवसर पर सरफराज खान, श्रीनिवास यादव, हदिशा अंसारी, गोपाल गुप्ता, राम बडाई, निठाली पासवान, भोला यादव, संजय बिंद, जितेंद्र कुमार पांडेय, वीरेंद्र बिंद, राम भरोसे गुप्ता, राम दीवान चौधरी, आदि लोग मौजूद रहे ।

# व्यवस्था परिवर्तन मोर्चा का सम्मेलन संपन्न







**वाराणसी।** जय भारत समानता पार्टी के तत्वाधान में पराड़कर स्मृति भवन में रविवार को आयोजित सम्मेलन में संविधान बढ़ाने का संकल्प लिया गया। इस सम्मेलन में राष्ट्रीय कृषक दल के अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद एडवोकेट, राष्ट्र उदय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूराम पाल, अशोक सेना के अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा, किसान न्याय मोर्चा के उपाध्यक्ष शमीम अहमद मिल्की आदि लोगों ने विचार विमर्श किया। सम्मेलन में हेमंत कुशवाह को जय भारत समानता पार्टी का अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी गई। तय हुआ कि लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिए व्यवस्था परिवर्तन मोर्चा मोर्चा के सभी लोग एक साथ मिलकर कार्यक्रम करें, सम्मेलन में यह भी तय हुआ कि 2 अक्टूबर को रिंग रोड हरबालमपुर वाराणसी में एक विशाल सम्मेलन किया जाएगा, जिसमें पूर्वांचल के सभी जिलों के व्यवस्था परिवर्तन मोर्चा के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता भाग लेंगे। सम्मेलन में मजदूर किसानों को अल्पसंख्यक को व्यापारियों छात्रों मजदूर के विरोधी केंद्र व प्रदेश सरकार को उखाड़ फेंकना होगा तभी लोकतंत्र और संविधान बचेगा। सम्मेलन में उत्तर प्रदेश की लोकसभा की सभी 80 सीटों पर व्यवस्था परिवर्तन मोर्चा ने चुनाव लड़ने का निर्णय लिया। साथ ही साथ यह भी निर्णय लिया गया कि समान विचारधारा वाले दलों से आवश्यकता अनुसार गठबंधन करने का निर्णय लिया गया सम्मेलन में पूर्वांचल के माने जाने गांधी राजेंद्र यादव, धर्मदेव कुशवाहा, विनय मौर्य, वीर बहादुर मौर्य, अशोक प्रजापति, अशोक यादव, आदि लोग उपस्थित थे।

## ख़ास ख़बर

### गाली गलौज करने और धमकी देने की धारा में मुकदमा पंजीकृत

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ बीकापुर अयोध्या।** दुराचार के मामले में सुलह समझौता के बाद पीड़ित द्वारा विपक्षी पर गाली गलौज करने और धमकाने का आरोप लगाया है। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध गाली गलौज करने और धमकी देने की धारा में केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित का आरोप है कि विपक्षी जावेद आलम के बीच एक मुकदमा धारा 376 आईपीसी का स्थानीय बीकापुर कोतवाली में वर्ष 2022 मे पंजीकृत हुआ था। जिसमे गांव के सम्भ्रान्त व्यक्तियो द्वारा समझाने पर सुलह समझौता करने के लिए वह तैयार हो गया। लेकिन विपक्षी जावेद आलम द्वारा दोबारा उनके घर जाकर उनके तथा उनके परिवार के लोगो को गन्दी गन्दी गाली दिया जा रहा है। तथा उनकी पुत्री को उठवा लेने व जान से मार देने की धमकी देता रहता है। जिससे उनकी पुत्री व पत्नी काफी भयभीत है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार राय ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपी जावेद आलम के विरुद्ध गाली गलौज करने और धमकी देने की धारा में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

### जनपद में सभी विधानसभाओं में साइकिल यात्रा का कार्यक्रम

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के निर्देश पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने अयोध्या जनपद में सभी विधानसभाओं में साइकिल यात्रा का कार्यक्रम बनाया है । जिसका नेतृत्व समाजवादी लोहिया वहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव द्वारा किया जा रहा है । सपा जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव के अनुसार समाजवादी साइकिल यात्रा 4 सितंबर 2023 को जनपद अयोध्या सुल्तानपुर की सीमा पर रात्रि विश्राम करेंगे । 5 सितंबर 2023 को कार्तिकेय गेस्ट हाउस चौरे बाजार सीमा से मंगरी होते हुए गोला बाजार से कोछा बाजार से बल्लीपुर बाजार तक विधानसभा गोसाईगंज के सभी पदाधिकारीगण के साथ विधायक अभय सिंह साइकिल यात्रा के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे । बल्लीपुर बाजार से मिल्कीपुर विधानसभा से सपा के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व मंत्री विधायक अवधेश प्रसाद के नेतृत्व में मिल्कीपुर 5 नंबर कोठी तक साइकिल यात्रा चलकर रात्रि विश्राम करेंगे 6 सितंबर 2023 को पांच नंबर पर राष्ट्रीय महासचिव पूर्व मंत्री विधायक के आवास से मिल्कीपुर होते हुए विधानसभा रुदौली के लिए अमानीगंज होते हुए पहुंचेगे । रुदौली में पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव एवं जिला उपाध्यक्ष अनित शुक्ला जिला पंचायत सदस्य मोहम्मद अली, रुदौली चेयरमैन जब्बार अली, मोहम्मद आरिफ डॉक्टर पुष्कर यादव सरफराज नसरुल्लाह एवं सभी पदाधिकारी गण सहयोग करेंगे । रात में रुदौली चेयरमैन जब्बार अली के कार्यालय के पास रात्रि विश्राम करेंगे । रुदौली से 7 सितंबर को बीकापुर विधानसभा के लिए प्रस्थान करेंगे । जिसमें पूर्व विधानसभा प्रत्याशी हाजी फिरोज खान गब्बर वरिष्ठ नेता अनूप सिंह जिला उपाध्यक्ष एजाज अहमद जय सिंह राणा नरेश यादव चेयरमैन रेशमा भारती सहित सभी पदाधिकारी यात्रा में शामिल होकर सफल बनाएंगे ।

### स्वच्छ भारत मिशन में अयोध्या नंबर वन बने - अभिषेक सावंत

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ बीकापुर अयोध्या।** अयोध्या के निवासी और अयोध्या से रामेश्वरम के साइकिल यात्री रामानुगामी अभिषेक सावंत अब एक नयी यात्रा पर है| यात्रा का उद्देश्य अयोध्या को स्वच्छ भारत मिशन में पहले स्थान पर ले जाना है| केंद्र और प्रदेश की सरकार के प्रयास से उपेक्षित रही अयोध्या अब विश्व में पर्यटन के क्षेत्र में अपनी अलख जगाने की ओर अग्रसर है| पर्यावरण के बिना पर्यटन की परिकल्पना अधूरी है| स्वच्छ शहर-स्वस्थ शहर होने से देश विदेश से पर्यटकों का आकर्षण बढ़ता है| प्रदुषण मुक्त अयोध्या अभियान के तहत अभिषेक सावंत अयोध्या को स्वच्छ और स्वस्थ शहर बनाने का मॉडल तैयार कर रहे है| इसी कड़ी में लखनऊ अयोध्या मार्ग सहादतगंज चौराहे पर शहीद रामप्रसाद यादव स्मृति उपवन से प्रदुषण मुक्त अयोध्या अभियान की शुरुवात करेंगे|। 7 सितम्बर 2023 को प्रातः 7 बजे उपवन की साफ़ सफाई के साथ शहर को स्वच्छता का सन्देश देंगे| अभिषेक सावंत कहते है कि बटरफ्लाई गार्डन से मशहूर शहीद रामप्रसाद उपवन इस समय उपेक्षा का शिकार है। सहादतगंज से अयोध्या कैंट शहर और राम की पैड़ी को जोड़ता यह चौराहा आवागमन का व्यस्ततम चौराहा है| मिल रहा सहयोग डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के पुरातन छात्र सभा का सहयोग उपवन की साफ़ सफाई के लिए मिला है| पुरातन छात्र सभा के अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह ने प्रदुषण मुक्त अयोध्या अभियान के लिए अभिषेक सावंत से संपर्क कर यथा संभव मदद करने का आश्वाशन दिया है|

### जानलेवा हमला करने के 2 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो गोंण्डा।** गोंण्डा पुलिस अधीक्षकअंकित मित्तल ने अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना को0नगर पुलिस द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर जानलेवा हमला करने के 02 वांछित अभियुक्तों-01. मो0 लाडले, 02. कज्जन को गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त अभियुक्त ने अपने साथी अभियुक्तों के साथ मिलकर दिनांक 02.09.2023 को पैसे के लेनदेन के चलते वादी सूर्य प्रकाश तिवारी उर्फ राकेश कुमार तिवारी नि0 तिवारी फर्टिलाइजर्स काजीदेवर थाना मोतीगंज जनपद गोण्डा के लडके शुभम तिवारी के ऊपर जानलेवा हमला करते हुए मारा-पीटा था। गिरफ्तार अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना को0 नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष ने नवगठित मुगलसराय इकाई के सदस्यों को दिलाई शपथ

# नैतिक दायित्वों का पालन करें पत्रकार : एडीजे




**पीडीडीयू नगर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन मुगलसराय तहसील इकाई के तत्वावधान में रविवार को नगर के एक होटल के सभागार में शब्द अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान तहसील इकाई के नवनियुक्त पदाधिकारीयो का शपथ ग्रहण भी कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चन्दौली के अपर जिला जज ज्ञान प्रकाश शुक्ला रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकारिता एक दुरुह कार्य है। पत्रकारों को अपने नैतिक दायित्व का पालन करने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। विशिष्ट अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक विनय सिंह ने कहा कि पत्रकारिता वही ठीक है जो सच हो या सच के काफी करीब हो। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ जी ने पत्रकारों को चाटुकारिता से बचने की सलाह देते हुए कहा कि आपका सम्मान आपके हाथों में ही है। पत्रकार एक दूसरे की बुराइयों से बचें। प्रदेश महासचिव महेंद्र नाथ सिंह ने पत्रकारों को उनके दायित्व का बोध कराते हुए जिला प्रशासन से पत्रकारों को सुविधा दिलाने की मांग की। वरिष्ठ पत्रकार विजय विनीत ने कहा कि ग्रामीण पत्रकारों को नित्य नए हो रहे बदलाव की जानकारी रखते हुए खुद को अपडेट रखना चाहिए। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वरिष्ठ पत्रकार डॉ अनिल यादव ने पत्रकारों के नवगठित इकाई को शुभकामना देते हुए उनसे अच्छा कार्य करने की अपेक्षा की। इसके पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सौरभ जी ने तहसील इकाई के सभी सदस्यों को शपथ ग्रहण कराया। कार्यक्रम में कई जिलों से आए वरिष्ठ पत्रकारों को शब्द अलंकरण से सम्मानित किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष आनंद सिंह ने किया ।

**संचालन का दायित्व वरिष्ठ पत्रकार पवन तिवारी ने किया** : वहीं धन्यवाद ज्ञापन मुगलसराय तहसील इकाई के अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में प्रमुखक रूप से शामिल रहे पत्रकारों में राजीव जायसवाल, कमलेश तिवारी, शशि मेनन, तलवार सिंह, चंचल सिंह, अखिलेश तिवारी, सरदार बंता सिंह , आफ़ताब आलम , शाकिर अंसारी आदि मौजूद रहे।

## जन समस्याओं को ज्ञापन के माध्यम से एसडीएम को सौंपा



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ, अयोध्या।** समाजवादी पार्टी महानगर कमेटी ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर अयोध्या के पूरे महानगर क्षेत्र में 9 अगस्त को हुई जन पंचायत के माध्यम से प्रकाश में आई आम जनमानस की जनसमस्याओं को ज्ञापन के माध्यम से पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन जी की मौजूदगी में महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव के नेतृत्व में एसडीएम श्रीमान अशोक सैनी को सौंपा गया महानगर प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया इस मौके पर मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ,महासचिव हामिद जाफर मीसम उपाध्यक्ष श्री चंद यादव, पूर्व प्रमुख राम अचल यादव,मोहम्मद हलीम पप्पू ,उपाध्यक्ष राकेश पांडे, सुरज वर्मा, रियाज अहमद टेनी, नागेश्वर कोरी, संजय सिंह सचिव शक्ति जयसवाल, विजय यादव तौसीफ खान सरकार, मोहम्मद सुहैल, महिला महानगर अध्यक्ष अपर्णा जसवाल, विधानसभा अध्यक्ष रक्षा राम यादव, छात्र सभा अध्यक्ष शिवांश तिवारी लोहिया वाहिनी जिला अध्यक्ष रोहित यादव, पार्षद विशाल पाल, राशिद सलीम घोसी, कृष्ण गोपाल यादव, मंजीत यादव, फरीद कुरैशी, सिकंदर चौधरी, जगन्नाथ यादव, इमरान खान ऋतुराज सिंह, राजनाथ यादव, शमशेर यादव, अजय यादव, वीरेंद्र गौतम, जितेंद्र यादव, सूर्यभान यादव, सुनील तिवारी, अहमद बेग, मोहम्मद शाहबाज लकी, पंकज पांडेय, बंटी तिवारी एवं पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मोटरसाईकिल व भैस चोरी करने के 2 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार




**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो गोंण्डा।** गोंण्डा पुलिस अधीक्षकअंकित मित्तल ने अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश जनपद के समस्त प्र0नि0 थानाध्यक्षों को दिए थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना को0 नगर पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल व भैस चोरी करने के 02 शातिर अभियुक्तगणो-01. अमित विश्वकर्मा उर्फ पंचू, 02. मो0 समीर उर्फ लल्लन को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 01 अदद चोरी की मोटरसाईकिल, 01 अदद पिकअप व भैस चोरी से सम्बन्धित 4900 रू0 बरामद किया गया। उक्त अभियुक्तगणो ने अपने साथी अभियुक्तों के साथ मिलकर दिनांक 08.04.2023 को थाना को0नगर क्षेत्र के रहने वाले मो0 अनवर पुत्र नूर मोहम्मद की 02 भैसों व दिनांक 23.08.2023 को त्रलोकी नाथ पुत्र राधिका प्रसाद की 02 भैसों व 21.08.2023 को मुकेश कुमार की मोटरसाइकिल चोरी किया था तथा दिनांक 06.05.2023 को थाना धानेपुर क्षेत्र के बालक राम पुत्र मेही लाल की 01 भैस को चोरी किया था। गिरफ्तार अभियुक्तों का एक संगठित गिरोह था जो जनपद गोण्डा के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मोटरसाइकिल व भैस चोरी करने का काम किया करते थे। गिरफ्तार अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना को0 नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

# शिक्षामित्रों की तिरंगा यात्रा में उमड़ा जन सैलाब, सांसद को समस्याओं से कराया अवगत



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ, अयोध्या।** शिक्षामित्र का जन सैलाब हनुमान मंदिर सहादतगंज से हाथों में तिरंगा लेकर और तकथी लेकर अपनी मांगों के संबंध में आवाज को बुलंद करते हुए लगभग 1000 की संख्या के साथ जनपद के सांसद लल्लू सिंह जी के आवास पर पहुंची और संगठन के जिला अध्यक्ष दुर्गेश मिश्रा के नेतृत्व मे अपने सभी कर्मठ ब्लॉक अध्यक्ष जिला कार्यकारिणी पदाधिकारी विशेष कर महिलाओं के अभूतपूर्व जन समूह ने सांसद महोदय को अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए संसद सत्र में मांगों को रखने और निस्तारित करने के लिए अपील की। जिसे उन्होंने स्वीकार करते हुए प्रथम बार आश्वासन प्रदान किया है। इस दौरान जिला महामंत्री राम दर्शन यादव ,संतोष तिवारी राजेश तिवारी विनोद यादव डॉक्टर शबनम बानो साधना सिंह, रेखा शुक्ला, श्वेता शुक्ला, अर्चना भारती आरती मौर्य, शोभावती अर्चना पांडेय,डाली सिंह, कंचन मिश्रा, बबीता पाण्डेय ,राजकुमारी, राम शंकर, विजय कुमार राम प्रगट शर्मा, शैलेंद्र प्रताप सिंह ,मनीष वर्मा, विनय मिश्रा, संतोष पांडे, रामराज ईश कुमार वर्मा, ओम प्रकाश यादव ,शिवानंद तिवारी, सविता सिंह , रणजीत तिवारी, रणजीत सिंह,अजीत यादव, मानस तिवारी, राकेश सिंह राणा, राकेश तिवारी, डॉक्टर राम गरीब सहित अभूतपूर्व साथियों शाहिद बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### अयोध्या जनपद में सभी विधानसभाओं में साइकिल यात्रा का कार्यक्रम

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ, अयोध्या।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के निर्देश पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने अयोध्या जनपद में सभी विधानसभाओं में साइकिल यात्रा का कार्यक्रम बनाया है । जिसका नेतृत्व समाजवादी लोहिया वहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव द्वारा किया जा रहा है । सपा जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव के अनुसार समाजवादी साइकिल यात्रा 4 सितंबर 2023 को जनपद अयोध्या सुल्तानपुर की सीमा पर रात्रि विश्राम करेंगे । 5 सितंबर 2023 को कार्तिकेय गेस्ट हाउस चौरे बाजार सीमा से मंगरी होते हुए गोला बाजार से कोछा बाजार से बल्लीपुर बाजार तक विधानसभा गोसाईगंज के सभी पदाधिकारीगण के साथ विधायक अभय सिंह साइकिल यात्रा के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे । बल्लीपुर बाजार से मिल्कीपुर विधानसभा से सपा के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व मंत्री विधायक अवधेश प्रसाद के नेतृत्व में मिल्कीपुर 5 नंबर कोठी तक साइकिल यात्रा चलकर रात्रि विश्राम करेंगे 6 सितंबर 2023 को पांच नंबर पर राष्ट्रीय महासचिव पूर्व मंत्री विधायक के आवास से मिल्कीपुर होते हुए विधानसभा रुदौली के लिए अमानीगंज होते हुए पहुंचेगे । रुदौली में पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव एवं जिला उपाध्यक्ष अनित शुक्ला जिला पंचायत सदस्य मोहम्मद अली, रुदौली चेयरमैन जब्बार अली, मोहम्मद आरिफ डॉक्टर पुष्कर यादव सरफराज नसरुल्लाह एवं सभी पदाधिकारी गण सहयोग करेंगे । रात में रुदौली चेयरमैन जब्बार अली के कार्यालय के पास रात्रि विश्राम करेंगे । रुदौली से 7 सितंबर को बीकापुर विधानसभा के लिए प्रस्थान करेंगे । जिसमें पूर्व विधानसभा प्रत्याशी हाजी फिरोज खान गब्बर वरिष्ठ नेता अनूप सिंह जिला उपाध्यक्ष एजाज अहमद जय सिंह राणा नरेश यादव चेयरमैन रेशमा भारती सहित सभी पदाधिकारी यात्रा में शामिल होकर सफल बनाएंगे । भेलसर चौराहे से चलकर सभी पदाधिकारी के साथ लोहिया पुल पर सपा नेता अनूप सिंह स्वागत करेंगे एवं साइकिल चलाएंगे । बीकापुर विधानसभा पूर्व प्रत्याशी हाजी फिरोज खान गब्बर के नेतृत्व में संपूर्ण विधानसभा में साइकिल चलाएंगे । इसके बाद अयोध्या विधानसभा की सीमा सोहावल के पास साइकिल यात्रा बीकापुर प्रत्याशी हाजी फिरोज खान गब्बर के नेतृत्व में रात्रि विश्राम करेंगे 8 तारीख को अयोध्या विधानसभा के लिए पूर्व मंत्री तेजनारायण पांडेय पवन के नेतृत्व में सभी पदाधिकारी गण साइकिल चलाएंगे । अयोध्या विधानसभा के अंतर्गत शहर की सीमा पर प्रेस वार्ता करेंगे एवं उसके बाद पूरा बाजार होते हुए गोसाईगंज बॉर्डर तक गोसाईगंज विधायक अभय सिंह के नेतृत्व में सीमा पर अंबेडकर नगर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### अखिल भारती मधेशिया वैश्य समाज संत शिरोमणि बाबा जन्मोत्सव पूजन धूमधाम से मनाया गया

**चंदौली।** अखिल भारती मधेशिया वैश्य समाज जनपद चंदौली समाज के कुल देवता संत शिरोमणि बाबा गणिनाथ जी महाराज का वार्षिक जन्म उत्सव पूजन बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा 9 सितंबर को अग्रवाल सेवा संस्थान मुगलसराय में बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा जिसमें कार्यक्रम में आने के लिए अपने समाज के सम्मानित बुजुर्गों से आशीर्वाद लेते हुए कार्यक्रम में आने हेतु आमंत्रण पत्र दिया अग्रवाल सेवा संस्थान मुगलसराय से सुबह 10:00 बजे सुबह यात्रा निकाली जाएगी जिसमें जनपद चंदौली के समस्त स्वर्ण जाति बंधु बूढ़े बुजुर्ग महिलाएं युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में आने का आहान किया गया है उपस्थित रहने वालों में कन्हैया गुप्ता श्याम नगर उपाध्यक्ष वरिष्ठ नगर उपाध्यक्ष श्री संतोष गुप्ता जी अनिल कुमार ओमप्रकाश गुप्ता मेवा गुप्ता भोला गुप्ता दुर्गा प्रसाद राजकुमार गुप्ता है उपस्थित रहे

### जन्माष्टमी पर की जाएगी गौवंशों की पूजा

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** आवारा पशुओं को संरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध प्रदेश की योगी सरकार ने जनपदों में गौशालाओं की स्थापना कराई है, जहां आवारा घूमने वाले गौवंश की देखभाल व चारे का उचित प्रबंध किया जाता है। अयोध्या जनपद में ऐसी ही 37 गौशालाओं की स्थापना कर उनमें 12789 पशुओं को संरक्षित किया गया है। किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले गौवंशों को संरक्षित कर उनको गौशालाओं में रखने के लिए प्रदेश सरकार ने शहर से लेकर गांव तक गौशालाओं की स्थापना कराई है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ जगदीश सिंह ने बताया कि वर्तमान समय में 7288 पशु गौशालाओं में संरक्षित हैं। 2300 पशुओं को प्रजनन के लिए पशुपालकों को दिया गया है। उन्होंने बताया कि सरकार एक पशु के चारा पानी के लिए प्रतिदिन 30 रुपया प्रति पशु खर्च देती है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ जगदीश सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि जन्माष्टमी पर गौशालाओं में संरक्षित पशुओं की माला पहनाकर पूजा की जाय। गोआश्रय स्थलों की साफ-सफाई एवं पेयजल आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करायें।

### संदिग्ध हालत में लावारिस बाइक बरामद



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या, बीकापुर।** कोतवाली क्षेत्र के बल्लीपुर पातूपुर मार्ग के किनारे शुक्लहिया मोड़ के पास शनिवार की रात करीब 10 बजे संदिग्ध हालत में लावारिस बाइक बरामद होने से गांव में हलचल मच गई। ग्रामीणों की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे क्षेत्र पंचायत सदस्य राहुल दुबे द्वारा बीकापुर कोतवाली सूचना दी गई। कोतवाली पुलिस ने बाइक को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू किया है। बाइक किसकी है? और किन परिस्थितियों में यहां खड़ी की गई है? इसकी अभी जानकारी नहीं हो सकी है। मौके पर नीरज शुक्ला, रज्जन शुक्ला, उमाकांत शुक्ला, लक्ष्मीकांत शुक्ला हरिओम शुक्ला शिव बहादुर गौड़ आदि ग्रामीण मौजूद रहे। कोतवाल राजेश कुमार राय ने बताया कि बाइक किसकी है पता लगाया जा रहा है।

**संबोधित** भारतीय किसान यूनियन को मजबूत करना होगा, ताकत का प्रदर्शन करते हुए दबाव बनाना होगा

# सरकार वायदा करने के बाद भी फ्री बिजली नहीं दे रही है, गन्ना मूल्य नहीं बढ़ा रही है:गौरव टिकैत



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** किसानों के समस्याओं के समाधान हेतु तथा स्वाभिमान व सम्मान से जीने के लिए एकजुट होकर भारतीय किसान यूनियन को मजबूत करना होगा और ताकत का प्रदर्शन करते हुए सरकार पर दबाव बनाना होगा। उक्त उद्गार भारतीय किसान यूनियन के युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी गौरव टिकैत ने सर्किट हाउस में भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, गौरव टिकैत ने किसने का आवाहन किया कि गन्ना मूल्य बढ़ाने के लिए, फ्री बिजली हेतु, छुट्टा जानवरों से निजात पाने के लिए, ट्रैक्टर को एनजीटी से बाहर रखने के लिए 18 सितंबर 2023 को इको गार्डन लखनऊ में आयोजित किसान मजदूर महापंचायत में भारी संख्या में पहुंचना होगा। श्री टिकैत ने कहा कि सरकार वायदा करने के बाद भी फ्री बिजली नहीं दे रही है, गन्ना मूल्य नहीं बढ़ा रही है, और अरबों रुपए चीनी मिलों पर बकाया है जिसका भुगतान नहीं कर रही है, छुट्टा जानवरों से खेती को बचाने हेतु कोई कदम नहीं उठा रही है, एक सवाल के जवाब में गौरव टिकैत ने कहा कि 2024 में किसान चाहता है कि सरकार फसलों के लाभकारी मूल्य देवे,एम एसपी गारंटी कानून बनाए, किसानों के कर्ज माफ करें।गौरव टिकैत मंडल के एक-एक ब्लॉक अध्यक्षों से 18 सितंबर को लखनऊ की किसान महापंचायत में कितने कार्यकर्ताओं के साथ कैसे पहुंचेंगे जानकारी लिया और भारी संख्या में पहुंचने के लिए टिप्स भी दिए। कार्यक्रम में बलराम सिंह लंबरदार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, घनश्याम वर्मा राष्ट्रीय महासचिव, अनुज सिंह युवा प्रदेश अध्यक्ष, शालिकराम यादव मध्यांचल जॉन अध्यक्ष, रामकिशोर पटेल, अनिल वर्मा, राम गणेश मौर्य ,विनय वर्मा, अवधेश मौर्य, विशाल मौर्य, अभयराज ब्रह्मचारी, आलोक वर्मा सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भारतीय किसान यूनियन जनपद अयोध्या की तरफ से सभी पदाधिकारी को माला पहनकर तथा अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया। राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा ने गौरव टिकैत को भारतीय संविधान की पुस्तक भेंट किया।

### पीस कमेटी की बैठक हुई संम्पन्न सकुशल त्योहार मनाने को लेकर संम्भ्रान्त नागरिको के साथ की गयी चर्चा



**चकिया चन्दौली।** चकिया कोतवाली परिसर मे रविवार को आगामी त्योहार को सकुशल संम्पन्न कराने को लेकर एडिशनल एसपी की अध्यक्षता मे पीस कमेटी की बैठक संम्पन्न की गयी जिसमे चकिया क्षेत्र के संम्भ्रान्त नागरिकों के साथ जन्माष्टमी व चेहल्लुम दोनो त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने को लेकर संम्भ्रान्त लोगों से बिचार बिमर्श किया गया तथा पर्व मे होने वाली समस्याओं को लेकर वार्ता की गयी तथा एडीशनल एसपी ने लोगों की बातो को सुनकर समस्याओं के निस्तारण को लेकर आश्वस्त किया इस दौरान पीस कमेटी की बैठक मे प्रमुख रुप से एडीशनल एसपी सीओ चकिया चकिया कोतवाली के पुलिसकर्मी व नगर पंचायत चकिया चेयरमेन चकिया समेत चकिया क्षेत्र के संम्भ्रान्त लोग बैठक मे शामिल रहे।

# स्वामीनारायण संप्रदाय के लोग सनातन समाज के संतों महंतों से और अनुयायियों से माफी मांगे



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** श्री राम नगरी के अयोध्या के संतों महंतों ने हनुमान जी महाराज को स्वामीनारायण संप्रदाय के सहजानंद स्वामी के भक्त और दास के रूप में दिखाने पर विरोध प्रकट किया है और अगर स्वामीनारायण संप्रदाय के लोग सनातन समाज के संतों महंतों से और अनुयायियों से माफी नहीं मांगते हैं तो अयोध्या के संत स्वामी नारायण संप्रदाय की जन्मस्थली गोंडा जिले के छपिया नामक स्थान पर पहुंचकर कड़ा विरोध करेंगे। संतों का विरोध प्रदर्शन श्री पंच तेरह भाई त्यागी खाक चौक, संकट मोचन हनुमान किला मंदिर के पीठाधीश्वर महंत परशुराम दास जी महाराज के नेतृत्व में हुआ। श्री महाराज ने कहा कि सहजानंद स्वामी संत हैं और हमारे सनातन धर्म में आने को संत हुए हैं जिसमें संत तुलसीदास स्वामी वाल्मीकि जी महाराज जगतगुरु रामानंदाचार्य जी महाराज सहित सैकड़ो संत हैं जिन्होंने हनुमान जी को अपना आराध्य माना और श्री राम जी के दास के रूप में उनकी पूजा करते हैं ना कि हनुमान जी को अपना दास बनाया ऐसे में सनातन धर्म और संस्कृति का स्वामी नारायण संप्रदाय के लोगों ने एक चित्र के माध्यम से अपमान किया है जो निंदनीय है जिसको कभी क्षमा नहीं किया जा सकता और अगर वह माफी नहीं मांगते हैं और तत्काल इस चित्र को नहीं हटते हैं तो इसका कड़ा विरोध किया जाएगा और स्वामीनारायण की जन्मस्थली छपिया पहुंचकर हम संत जन इसका विरोध करेंगे क्योंकि हम अपने प्रभु श्री राम के अनन्य भक्त हनुमान जी का अपमान अब सनातन संस्कृति के लोग नहीं बर्दाश्त करेंगे और अब कोई भी अगर सनातन संस्कृति पर वार करता है तो इसका कड़ा विरोध किया जाएगा। इस अवसर पर महंत विजय रामदास महंत धर्मदास महंत मंगलदास श्री राम कथा के मर्मज्ञ चंद्रांशु जी महाराज संगीत के मर्मज्ञ मानस दास भोला बाबा दरोगा दास सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## ख़ास ख़बर

### तीन कूख्यात गिरफ्तार

**सीवान संवाददाता**। दरौदा थाना क्षेत्र के तीन कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार कर लिए जाने का मामला सामने आया है ।इस संबंध में बताया जा रहा है कि विभिन्न कांडों में संलिप्त तीन कूख्यात बदमाशों को सिवान पुलिस ने गिरफ्तार कर ली है। जिसको लेकर पुलिस महकमें ने चैन की सांस लेने की बात सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि इन कुख्यात अपराधियों की गिरफ्तारियो को लेकर पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी।

### डिवाइन पब्लिक स्कूल के छात्र ने राष्ट्रीय ओपन ताइक्वांडो में जीता गोल्ड मैडल

**दैनिक शुभ भास्कर, प्रेम रंजन झा, देवघर**। 14वें ओपन नेशनल और दूसरे भगवान बिरसा मुंडा ट्रॉफी 2023 का उद्घाटन समारोह जिसे झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस गौतम कुमार चौधरी और दिव्या चौधरी ने किया। इस ताइक्वांडो प्रतियोगिता में डिवाईन पब्लिक स्कूल की ओर से भाग लेते हुए कक्षा 6 के जयवीर ने अपनी प्रतिभा को दिखाते हुए स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने स्वर्ण पदक जीत कर न केवल डिवाईन पब्लिक स्कूल का बल्कि देवघर और झारखंड का भी नाम रौशन किया है। इस शानदार जीत के लिए उन्हें डिवाइन पब्लिक स्कूल की ओर से ढेरों बधाइयाँ दी गई तथा वह अपने जीवन में और आगे बढ़ते रहे इसकी कामना की गई। जयवीर को प्रशिक्षित करने का काम विद्यालय के ताइक्वांडो प्रशिक्षक प्रवीर कुमार ने किया है। छात्र जयवीर की इस उपलब्धि से पुरे विद्यालय परिवार में हर्ष और उत्साह का माहौल है।विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ममता किरण ने जयवीर के इस उपलब्धि को विद्यालय के अन्य बच्चों के लिए प्रेरणादायक बताया है। उन्होंने बताया की जयवीर की इस जीत ने विद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर ले जाने का काम किया है। इस उद्घाटन समारोह में अजिता भट्टाचार्य सदस्य, झारखंड लोक सेवा आयोग,कुमार गौरव झारखंड राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष, डॉक्टर मधु कांत पाठक झारखंड ओलंपिक संघ के महासचिव,अनिल जायसवाल झारखंड ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष इस अवसर पर विशेष मेहमान थे। ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के अध्यक्ष, ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के महासचिव संजय शर्मा, ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के उपाध्यक्ष उपस्थित थे।

### मधुपुर आरपीएफ ने प्रथम स्वतंत्रता संग्राम एक्सप्रेस ट्रेन से 42 पीस केन बियर किया बरामद



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/देवघर**। मधुपुर आरपीएफ ने ट्रेन संख्या 22197अप प्रथम स्वतंत्रता संग्राम एक्सप्रेस कोच संख्या एस 5 स्लीपर बोगी के बाथरूम के पास रखें एक पिट्ठु बैग से 42 हेवर्ड्स केन बियर 5000 प्रीमियम जब्त किया। जिसका वजन 500 मिलीलीटर मूल्य - 105/- प्रत्येक बीयर कुल मूल्य रु- 4410/- बताया जाता है। आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र प्रसाद ने बताया कि 22197अप प्रथम स्वतंत्रता संग्राम एक्सप्रेस के स्लीपर बोगी के बाथरूम के पास एक पिठु बैग में लावारिस अवस्था में बरामद किया गया । मधुपुर स्टेशन पर ऑन ड्यूटी आरपीएफ के एसआई श्याम सुंदर कुमार, एएसआई डीपी सिंहा समेत आरपीएफ के जवान के द्वारा प्लेटफार्म नंबर दो स्लीपर बोगी के बाथरूम से जब्त किया गया। किसी ने शराब का दावा नहीं किया।वही कानूनी औपचारिकताएं का पालन करने के बाद जब्त की गई केन बियर को आगे की कार्रवाई और निपटान के लिए आबकारी विभाग देवघर को भेज दिया गया है।

### मधुपुर शायर जमुना रागी की काव्य संग्रह ,आईना का लोकार्पण व काव्य संध्या मुशायरा हुआ संपन्न



**दैनिक शुभ भास्कर, मो असलम, मधुपुर/देवघर**। मधुपुर शहर के बंगाल पड़ा मोहल्ला में शायर जमुना रागी की काव्य संग्रह, आईना का लोकार्पण और काव्य संध्या मुशायरा संपन्न हुआ। मौके पर शहर के गणमान्य , कवि , शायर , महिला , पुरुष व बच्चे शामिल हुए। मौके पर जलेस के प्रांतीय सह सचिव,कलमकार धनंजय प्रसाद ने पुस्तक पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आईना , जमुना जी के सतत रचनात्मक संघर्ष का परिणाम स्वरुप सामने आया है । उनकी रचनाओं से प्रतीत होता है कि वो एक रुमानी , जज्बाती व हकपरस्त शायर है । संग्रह में कुल सौ रचनाएं शामिल है । वो अपने को उस्ताद शायर इर्शाद काशिफ के शागिर्द कहते है । जमुना जी के आईना , पर उनहोने एक शेर सुनाया – अंधों की नगरी मे आईना जो बेचता हूं / कौन खरीदेगा यहां भला ,यही तो सोचता हूं । समाजसेवी अरविंद कुमार ने भी पुस्तक की सराहना किये । विधायक प्रतिनिधि अरविंद कुमार यादव समाजसेवी सुरेश गुप्ता , पुर्व वार्ड पार्षद अंजू यादव व शबाना परवीन ने भी सराहना किये। कार्यक्रम का सफल संचालन राजीव चौधरी ने किया । कार्यक्रम के दूसरे सत्र में मुशायरा व काव्य संध्या सम्पन्न हुआ। जिसमें शामिल शायरों व कवियों ने एक से बढ़कर एक फण पेश कर पूरे माहौल को काव्यमय कर दिया।श्रोतागण इसका लुत्फ उठाते रहे और वाह वाही करते रहे । मुशायरे में मुख्य रुप से शायर कैशर ज्या केशर , अजीम मधुपुरी , अजीम शादाब , रजा मधुपुरी , अरुण निर्झर , देवघर के कवी कपील देव राणा ,आलोक गोरखपुरी , ताहीर अनवर , हलीम शम्सी , खेबर चंचल ,शाहिद अलिमी व सुखदेव बर्मन के अलावे समाज सेवी पवन यादव उर्फ पप्पु यादव, राधेश्याम अग्रवाल , पंकज पीयूष ,मनोज कुमार , नंद कुमार पासवान, सुबोध सिंह, , दिलीप यादव, राजेश कुमार , रामसेवक, ,दीप रागी , कन्हैया ,श्रीवास्तव , ज्योति सपना आदि शामिल थे । अन्त मे जमुना रागी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# शिक्षक एक ऐसा व्यक्तित्व है जो असाधारण है , शिक्षक राष्ट्र निर्माता है



**दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी, नाला/जामताड़ा**। यह बातें स्थानीय विधायक सह झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने खैरा मध्य विद्यालय में आयोजित शिक्षक विदाई सह सम्मान समारोह में अपने संबोधन में कहीं। मालूम हो कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार खैरा मध्य विद्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो शिरकत किए। मालूम हो कि कार्यक्रम स्थल पर उनके आगमन होते ही आयोजक समिति के द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ गोपाल कृष्ण झा, जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक कुमार राम के अलावा शिक्षक संघ के वरुण मंडल आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। मालूम हो कि उनके स्वागत को लेकर स्थानीय कलाकार तथा छात्राओं के द्वारा आदिवासी नृत्य तथा गीत के द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। मालूम हो कि कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों के कर कमलों द्वारा विधिवत रूप से दीप प्रज्वलित कर की गई।इस अवसर पर सेवानिवृत शिक्षक संकुल साधन सेवी तथा प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी गिरीश प्रसाद मंडल को बुके तथा शॉल ओढ़ाकर एवं अन्य सामग्री उपहार देकर पुरस्कृत किया गया और सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी वक्ताओं शिक्षक, सेवानिवृत हुए शिक्षक, संकुल साधन सेवी ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी गिरीश प्रसाद मंडल के कार्यकाल में समर्पण भाव से कर्तव्य निष्ठा पूर्वक किए गए कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालन शिक्षक नवीन कुमार तथा समाजसेवी सफीक अंसारी ने संयुक्त रूप से किया। वहीं मंच का सभापतित्व गौर प्रसाद यादव ने किया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद स्थानीय विधायक सह झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने शिक्षक समुदाय तथा उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता होते हैं। शिक्षक अभिभावक की तरह छात्र के सुख-दुख एवं उनके भविष्य को ध्यान में रखते हुए सभी कार्यों का निर्वहन करते हैं। उन्होंने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी गिरीश प्रसाद मंडल के कार्यों की सराहना की। कहा कि सरकारी नियम के तहत आपको निश्चित रूप से मुक्ति भले ही मिली है परंतु समाज में बहुत कुछ करने के लिए आपका योगदान बाकी है। शिक्षक समाज आपके साथ है उन्होंने उनके सुखमय में एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। कहा कि सरकारी सिस्टम के तहत भले ही निवृत्ति हो परंतु वे समाज को सदा मार्ग प्रशस्त करते रहते हैं। उन्होंने शिक्षक समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि आप साधारण व्यक्तित्व के व्यक्ति नहीं है। आप असाधारण व्यक्ति है। साधारण व्यक्ति और असाधारण व्यक्ति दोनों में अंतर है। उन्होंने कहा कि शिक्षक एक ऐसा व्यक्तित्व है जो असाधारण है। कहा कि असाधारण व्यक्ति समाज के तमाम विडंबना तमाम व्यवधान को बर्दाश्त करने की ताकत भी रखते हैं। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में सरकार द्वारा सकारात्मक पहल की जाने की भी बात कही। इस दौरान उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में आगामी दिनों में होने वाले विभिन्न प्रोजेक्ट एवं शिक्षण संस्थान की स्थापना को लेकर बातें कही। कहा कि सेंट्रल स्कूल का प्रोजेक्ट बनने जा रहा है शैक्षणिक व्यवस्था को और ऊपर ले जाने की प्रक्रिया जारी है, आने वाला समय में शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्य से मुक्त किए जाने की भी बात मंथन की जा रही है। इस दौरान गरीब छात्राओं के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदम तथा जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में प्रकाश डाला गया। कहा कि हेमंत सरकार ने पुरानी पेंशन योजना लागू कर सेवा निवृत्त लोगों को बहुत बड़ी सौगात दी है जो कि आज वर्तमान समय में काफी हद तक कारगर साबित हो रही है। इस अवसर पर कार्यक्रम को जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ० गोपाल कृष्ण झा ने शिक्षक समुदाय तथा सेवानिवृत्ति शिक्षकों एवं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम एकता में अनेकता का पंख लगाने का कार्य किया गया है उन्होंने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी गिरीश प्रसाद मंडल के कार्यकाल की प्रशंसा की। कहा कि इनका कार्यकाल प्रसंशनीय रहा। कहा कि यह सिस्टम से निवृत हुए अब से समाज के लिए काम कर सकते हैं कहा कि शिक्षक समाज और सरकार की मजबूत कड़ी है।इस अवसर पर जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक राम ने कहा कि कार्यक्रम बहुत ही अनोखा एवं अनुकरणीय है, शिक्षकों को एक अभिभावक के रूप में कार्य करनी है ताकि ग्रामीण सुदूर क्षेत्र के गरीब छात्र सरकार द्वारा प्रदत्त योजनाओं से वंचित न हो और उनका भविष्य उज्वल हो। इस दौरान पदाधिकारी एवं विधानसभा अध्यक्ष ने शिक्षक से जुड़ी विभिन्न प्रस्तावों को भी सुनी। इस अवसर पर कार्यक्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ० गोपाल कृष्ण झा, जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक राम, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी गिरीश प्रसाद मंडल, राधा विनोद मंडल, विद्यासागर,राजेश यादव,विनोद कुमार, संजय झा, सुखेन मन्ना, प्राथमिक शिक्षक संघ के महासचिव वरुण मंडल, हरीश प्रसाद आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के सफल संचालन में कमल गोरांई,नित्यानंद गोराई, नवीन कुमार ,बृज गोपाल मिश्र,बच्चू सिंह, संजय झा, सत्येंद्र कुमार सिन्हा, मानिक मंडल ,राधा विनोद मंडल, रामकृष्ण हांसदा, विमल कुमार सिंह ,नंदलाल सोरेन ,अनूप कुमार सिंह, विजय कुमार नंदी, हरदेव यादव ,पुनु बाउरी सहित अन्य शिक्षकों की सक्रिय भूमिका रही। मौके पर मंच पर 20 सूत्री सदस्य नदिया नंद सिंह,विधायक प्रतिनिधि वासुदेव हांसदा, 20 सूत्री सदस्य जनार्दन भंडारी, सेवानिवृत्त शिक्षक नवनीकांत गोरांय, शिक्षक नेता वरुण मंडल, विधान गोस्वामी सहित सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे ।

# रसोई गैस की कीमत में कटौती, जनता पर उपकार नहीं, सिर्फ चुनावी स्टंट है : हरिमोहन




**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा**। भ्रष्टाचार और लूट भाजपा के डीएनए में मौजूद है। साढ़े 9 वर्षों के अपने कार्यकाल में लगातार महंगाई बढ़ते रहने, रसोई गैस की दम दोगुनी तक बढ़ाने के बाद आज चुनावी शंखनाद से ठीक पहले महज वोट बैंक की राजनीति के तहत सरकार ने रसोई गैस की कीमत में 200 की कटौती कर फिर से आम लोगों को गुमराह करने का काम किया है। रविवार को कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष हरिमोहन मिश्रा के आवासीय कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में उक्त बातें कही गई। श्री मिश्रा ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार अमीरों को और अमीर, गरीबों को और गरीब बनाने का काम करती आई है। इतने वर्षों के कार्यकाल में एक बार भी जनता की पीड़ा उन्हें याद नहीं आई और अभी चुनाव का दौर शुरू होने से ठीक पहले अपना चुनावी स्टंट दिखाना शुरू कर दिया है। भाजपा शासन काल में रसोई गैस के दाम दोगुनी बढ़ गई। उज्वला योजना के तहत वर्ष 2017 से अब तक हजारों करोड़ की लूट हुई। भाजपा सरकार पहले प्यास से गला सूखाती है फिर दो बूंद पानी डालकर कहती है कि हमने सब की प्यास बुझा दी। 9 वर्षों में कितने दिवाली, होली, रक्षाबंधन और ईद बीत गए पर सिलेंडर का दाम बढ़ता ही गया। आपको बता दें कि पूरी दुनिया में सबसे महंगा सिलेंडर हमारे देश में ही बिकता है। आज जब चुनाव आने को है तो रक्षाबंधन के नाम पर माता बहनों को राहत देने का नाटक किया जा रहा है। चुनाव समाप्त होने के बाद लगातार दाम बढ़ने का जिनका रिकॉर्ड रहा है, वह चुनाव से पहले थोड़ा दाम घटाकर बड़े राहत देने का ढोल पीट रहे हैं । देश की जनता मोदी सरकार के रग रग से वाकिफ हो चुकी है और अब इनके झांसे में आने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि देश में बढ़ती महंगाई चिंता का विषय है। महंगी गैस, महंगा तेल, थोक और खुदरा महंगाई आजादी के बाद आज सर्वोच्च शिखर पर है। सिर्फ सत्ता की भूख में मोदी सरकार आम जनता की कमर तोड़ रही है। खाद्य सामग्री से लेकर अन्य आम जरूरत पर बढ़ती महंगाई ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं लेकिन मोदी सरकार इन सबों को झुठला कर अपना पीठ खुद ठोकने में लगी हुई है। मोदी सरकार के गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश की अर्थव्यवस्था लगातार गर्त में जा रही है। देश की जीडीपी 8.02 से गिरकर 7.02% पर पहुंच गई है। विदेशी मुद्रा भंडार लगातार कम हो रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय व्यापार संतुलन बिगड़ने से आयात पर निर्भरता तेजी से बढ़ रही है। देश पर कुल कर्ज का भार तीन गुना बढ़ चुका है। डॉलर के मुकाबले रुपए का मूल्य 12% से ज्यादा गिर चुका है लेकिन मोदी सरकार का फोकस केवल चंद पूंजी पतियों के मुनाफे पर केंद्रित है । इस प्रेस वार्ता के दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी नेता विजय दुबे, कराली चरण सर्खेल, मधुसूदन चंद्रा, इरशाद उल हक अरसी, विनोद क्षत्रिय, मुस्तफा अंसारी, विमल भैया सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### प्रखंड में विद्युत उपभोक्ताओं की संख्या 18,700 तक हुई, सुविधाएं हुई नदारद

**गुठनी**। प्रखंड में बिजली उपभोक्ताओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है. इसके बावजूद विभाग की उदासीनता से लोगों को असुविधाओं का सामना करना पड़ता है. वही राज्य और केंद्र सरकार की तरफ से बिजली पर किए गए तमाम वादे भी झूठे साबित हो रहे हैं. इस संबंध में बिजली विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जुलाई 2023 तक कुल लगभग 18700 उपभोक्ताओं ने बिजली कनेक्शन लिया है. जिनमें 10 पंचायत और नगर पंचायत के उपभोक्ता शामिल है. इस संबंध में जेई योगेश कुमार का कहना है कि विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा देने का लगातार प्रयास जारी है. इससे संबंधित कमियों को विभाग द्वारा जल्द पूरा कर लिया जाएगा. प्रखंड में उपभोक्ताओं को बिजली सप्लाई मात्र 8 से 10 घंटे ही मिल पा रही है. लोगों की माने तो विगत एक सप्ताह से अधिक से इस तरह की कटौती बिजली कंपनी द्वारा लगातार किया जा रहा है. उपभोक्ताओं की शिकायत पर भी आज तक अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने कोई ठोस पहल नहीं किया. जिससे लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है. उनका कहना था कि लगातार इस तरह की कटौती से काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ता है. जबकि बिजली कंपनी को समय से बिल भी मुहैया करा दी जा रही है. बिजली कंपनी के कार्यपालक अभियंता मुकेश रमन का कहना है की अत्यधिक लोड व कुछ तकनीकी खराबी से बिजली सप्लाई बाधित रहती है. जैसे ही लोड व तकनीकी खराबी ठीक होता है. बिजली सप्लाई को भी चालू कर दिया जाता है.

### हसनपुरा नपं के मासिक बोर्ड की सामान्य बैठक आज

**हसनपुरा (सीवान)**। नपं कार्यालय हसनपुरा स्थित मीटिंग हॉल में आज यानी सोमवार को मासिक बोर्ड की सामान्य बैठक आयोजित की जाएगी। हालांकि इसके पहले क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों को पत्र जारी करके मासिक बोर्ड की सामान्य बैठक में भाग लेने को कहा गया है। जहां जारी पत्र में बताया गया है, कि वित्तीय वर्ष 2023- 24 के तहत गत बैठक की संपुष्टि ( सशक्त स्थायी समिति एवं बोर्ड ), नगर पंचायत हसनपुरा क्षेत्र अंतर्गत एलईडी स्ट्रीट लाइट हाई मास्क लाइट के अधिष्ठापन करने पर विचार विमर्श, योजना पर विचार विमर्श तथा नगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ीकरण हेतु उपकरण की खरीदारी पर विचार विमर्श पर बल दिया जाएगा।

### पूर्व निर्धारित छुट्टी को समाप्त करने को लेकर बैठक संपन्न



**सिवान संवाददाता**। बिहार प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रधान सचिव राम प्रवेश सिंह के नेतृत्व में आज शिक्षकों की समस्याएं संगठन की भूमिका एवं वर्तमान स्थिति पर चर्चा करने हेतु रविवार को सारण प्रमंडल की बैठक सिटी हॉल भगवान बाजार छपरा में की गई। जिसमें राज्य से भी प्रतिनिधि उपस्थित थे। साथ-साथ सिवान छपरा और गोपालगंज के शिक्षक प्रतिनिधि भी उपस्थित हुए ।उसमें छुट्टी कटौती का मुद्दा छाया रहा एवं सिवान जिले में बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ की जो स्थिति है। उसे पर भी विशेष चर्चा की गई। प्रधान सचिव रामप्रवेश बाबु ने भी शिक्षकों के समस्याओं पर बड़ी गंभीरता से राज्य संगठन को विचार करने एवं छुट्टी कटौती पर यथाशीघ्र निर्णायक निर्णय लेने के लिए अपना विचार व्यक्त किया। इसी हफ्ते राज्य संगठन भी अपना विचार कर यथाशीघ्र ऊंट को किसी न किसी करवट जरूर बैठा लेगा। सभी शिक्षक लोगों को संगठन में विश्वास करते हुए आपसी एकता बनाए रखने की अपील की और सिवान जिले में प्रधान सचिव राम प्रवेश सिंह के हौसले को मजबूत बनाए रखने की अपील की गई एवं उनके मार्गदर्शन में आगे बढ़ते रहने की अपील की गई।

### सेवा भारती ने बरसतिया एवं बड़बाद मोहल्ले में लगाया चिकित्सा शिविर




**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/देवघर**। सेवा भारती नगर के सौजन्य से मधुपुर शहर के वार्ड नंबर 23, जनजातीय बहुल ग्राम बरसतियां,बड़बाद में सम्मान्य चिकित्सक देवानंद प्रकाश के द्वारा 25 पुरुष महिलाओं का स्वास्थ्य संबंधी चिकित्सीय परीक्षण कर यथोचित सलाह एवं सुझाव दिया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से लोकेश उपाध्याय,गौतम डालमिया, गोपाल मुर्मू, समाज सेवी किशन बथवाल, अशोक गोंड, वरुण कुमार, राज कुमार सिंह इत्यादि उपस्थित थे।

**गर्व** | राँची के कैम्प में बिहार व झारखण्ड से कुल 570 कैडेट्स ने भाग लिया

# एन0सी0सी के तीन कैडेट्स का हुआ चयन थल सेना कैम्प के लिए



**दैनिक शुभ भास्कर, प्रेम रंजन झा, देवघर**। रमा देवी बाजला महिला महाविद्यालय देवघर की राष्ट्रीय कैडेट कौर की तीन कैडेट्स का चयन थल सेना कैम्प के लिए हुआ है। जो चतुर्थ झारखण्ड गर्ल्स बटालियन एन०सी०सी दुमका के अंतर्गत आता है। चयनित कैडेट्स अंडर ऑफिसर आभा कुमारी,कैडेट रिया राज का मैप रीडिंग में और इलिशमाँ मुर्मू का हेल्थ एंड हाइजीन में चयन हुआ है। ज्ञात हो प्री०थल सेना कैम्प-1 (1 अगस्त से 10 अगस्त तक) एवं प्री०थल सेना कैम्प-2 (10 अगस्त से 19 अगस्त) खेल गाँव राँची में आयोजित किया गया था। जिसमे ये सारे कार्यक्रम मैप रीडिंग, हेल्थ एंड हाइजीन, टेंट फीचिंग, बाधा दौड़, जजिंग डिस्टेंस, फील्ड सिग्नल, राइफल शूटिंग जैसे प्रतियोगिता हुआ। जिसमें आभा कुमारी ने मेप रीडिंग में पहला स्थान प्राप्त की। रिया राज ने मेप रीडिंग में तीसरा स्थान प्राप्त की तथा अलिशमा मुर्मू को हेल्थ एंड हाइजीन में दूसरा स्थान प्राप्त किया। बिहार, झारखण्ड के डायरेक्टर जनरल के पुरस्कृत किया गया। राँची के कैम्प में बिहार व झारखण्ड से कुल 570 कैडेट्स ने भाग लिया जिसमे थल सेना कैप दिल्ली के लिए कुल 91 कैडेट्स का चयन हुआ। जो कि 19 से 30 सितम्बर 2023 से दिल्ली में होने जा रहा है। बिहार, झारखण्ड के डायरेक्टर जनरल ,मेजर जनरल अमनदीप सिंह बजाज के द्वारा पुरुस्कृत किया गया। रमा देवी बाजला महिला महाविद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. सुचिता कुमारी ने कहा कि हमारे महाविद्यालय के लिए गौरव की बात है। एन०सी०सी के तीन कैडेट्स का चयन थल सेना कैम्प के लिए हुआ है। जो दिल्ली में अपना कौशल का चोहर दिखाएगी। और प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने महाविद्यालय के कैडेट्स को सिखाएंगे। इन तीनो कैडेटस से बाकी कैडेट्स को प्रेरणा लेना चाहिए। ए०एन०ओ० रजनी कुमारी ने की एन०सी०सी हमेशा से ही एकता और अनुशासन से जाना जाता है। सभी कैडेट्स समाजहित व राष्ट्रहित के लिए कार्य करता है।

# तीन दिवसीय झारखंड स्टेट रिफ्रेश कबड्डी तकनीकी अधिकारी वर्कशॉप का समापन




**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा**। कबड्डी एसोसिएशन ऑफ़ झारखंड के तत्वाधान में तीन दिवसीय झारखंड स्टेट रिफ्रेश कबड्डी तकनीकी अधिकारी वर्कशॉप का अंतिम दिन रविवार को सुबह 6 बजे से जामताड़ा गांधी मैदान में झारखंड के सभी ऑफिशल्स को कबड्डी में डैशिंग मेकिंग, ऑफीशियली, सिगनलिंग, अलांग विद मैकेनिज्म ऑफ़ ऑफसीटिंग के बारे में विशेष जानकारी दी गई। सुबह नाश्ता के उपरांत 10 बजे से उनका डिस्कशन का रूल्स विद डिफरेंट सिचुएशंस एंड क्लीयरिंग का डाउट्स का ऑफिशल्स के बारे में बताया गया। इसके साथ ही पूरा ऑफिशल्स का उनकी जो भी समस्या थी उनके बारे में अच्छी तरह से जानकारी दिया गया ।सभी ऑफिशल्स के बीच आज दोपहर 1 बजे से उनका लिखित परीक्षा लिया गया। जिसमें कबड्डी खेल से संबंधित जितनी भी जानकारी उन्हें बताया गया था। उनसे जुड़ा सवाल उनसे परीक्षा के रूप में लिया गया। साथ ही साथ उनके परीक्षा का परीक्षाफल उनके ग्रेड के अनुसार उन्हें दिया गया तथा प्रशिक्षण प्रमाण पत्र दिया गया । इस वर्कशॉप में अंतरराष्ट्रीय कबड्डी कोच के. जगमोहन सर एवं अंतर्राष्ट्रीय रेफरी राना रंजीत सर के द्वारा वर्कशॉप दिया गया। संध्या 4 बजे से समापन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जामताड़ा नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष सह भाजपा नेता वीरेंद्र मंडल , सेंत एंथोनी स्कूल के चिप पैटर्न डॉ. डी.डी. भंडारी सर उपस्थित थे। इस वर्कशॉप में झारखंड राज्य के सभी जिलों से 170 कबड्डी के तकनीकी अधिकारी आए हुए थे। मौके पर कबड्डी एसोसिएशन आफ झारखंड के अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा, कबड्डी एसोसिएशन आफ झारखंड के महासचिव विपिन कुमार सिंह, कबड्डी एसोसिएशन आफ झारखंड के कबड्डी कोच तेज नारायण माधव, जामताड़ा जिला कबड्डी संघ के सचिव रोहित कुमार, आयोजन सचिव अरविंद ओझा,करन कुमार राऊत, आसिफ, रोहित ओझा, राहुल आदि उपस्थित थे।

## ख़ास ख़बर

### थोड़ी बारिश से गर्मी से मिली राहत

**सिवान संवाददाता** । सिवान जिला मुख्यालय समेत जिले के विभिन्न प्रखंडों में लगातार हो रही गर्मी से जहां लोग लगातार परेशान थे वहीं शाम को बारिश होने से थोड़ी सी राहत की सांस लोगों ने ली है। बताते चलें कि लगातार बेटा आशा गर्मी तथा धूप तथा कभी-कभी बारिश होने के कारण लोगों के तबीयत खराब होने की का सिलसिला लगातार सिवान जिले में जारी है सिवान सदर अस्पताल में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है हालांकि वायरल फीवर की समस्या से निजात पाने के लिए लगातार चिकित्सक लगे हुए हैं। वही संध्या लगभग चार पांच बजे हुई बारिश से थोड़ी सी मौसम में करवट ली है तथा लोग ठंडा महसूस कर रहे हैं।

### अभी अभी रघुनाथपुर के टारी बाजार में चली गोली

**सीवान** । जिला के रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के टारी बाजार में आरा मशीन मालिक व उनके लड़के को निशाना बनाते हुए एक बाइक पर सवार तीन सवार अपराधियो ने गोली चलाई है जिसमे उमेश शर्मा व पुत्र सोनू शर्मा बाल बाल बच गए है आक्रोशित व्यवसाययों ने विरोध में टारी बाजार को बंद किया गया।

### समाजसेवी को मिली जान से मारने की धमकी

**गुठनी/सीवान** । जिला के गुठनी के जिला पार्षद अवध बिहारी सिंह को मिली जान से मारने की धमकी मिली है। इस संबंध में अवध बिहारी सिंह फोन पर मिली जान से मारने की धमकी के संबंध में नजदीकी गुठनी थाने में दिया आवेदन और जिला प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। गुठनी थाना नहीं आवेदन मिलने के बाद मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### दिशा की बैठक में शौचालय में अवैध वसूली के आरोपी को बर्खास्तगी की उठी मांग

**सीवान** । जिले के मैरवा प्रखंड में शौचालय योजना में अवैध वसूली के आरोपी को बर्खास्त करने की मांग दिशा की बैठक में प्रमुख वीरेंद्र भगत ने उठाया है। जिलाधिकारी से शिकायत करने के बाद प्रखंड स्तर से मामला को दबाने का आरोप प्रमुख ने लगाया है। उन्होंने कहा है की शौचालय विभाग में आये दिन कोई न कोई शौचालय पास कराने के नाम पर अवैध वसूली की शिकायत करने आता है। आरोपी इंगलिश पंचायत के पर्वेक्षक अरुण कुमार व ब्लाक कोडिनेटर चंदन कुमार है। अरुण कुमार अवैध वसूली मामले में एक बार कार्यमुक्त हो चुके है। जब कोई जांच आता है। तो प्रखंड स्तर से इस मामले को दबा दिया जाता है। उन्होंने यह भी कहा है की 7 जुलाई की हुई पंचायत समिति की बैठक में बीडीसी सदस्य रीमा देवी ने शौचालय में अवैध वसूली करने का आरोप लगायी थी। उन्होंने अध्यक्ष महोदय से इस मामले में गंभीरता बरतते हुए उचित करवाई की मांग किया है। मैरवा में शौचालय पास कराने के नाम पर अवैध वसूली का मामला तूल पकड़ लिया है। प्रमुख ने डीएम को पत्र भेजकर करवाई की मांग किया था। जिसके बाद डीडीसी ने 24 अगस्त को बीडीओ को पत्र भेजकर करवाई करते हुए जांच प्रतिवेदन की मांग किया था। बीडीओ के द्वारा पत्र प्राप्ति के 9 दिन बाद जांच प्रतिवेदन नही भेजे जाने पर प्रमुख ने इस मामले को दिशा की बैठक में कार्यवाई की मांग किया है और बीडीओ पर अवैध वसूली मामले में लीपापोती करने का आरोप लगाया है। हालांकि इस मामले में प्रखंड स्तर से कोई कार्यवाई क्यो नही किया जा रहा है। यह जांच का विषय है।

### पूर्व मंत्री विक्रम कुंवर को मिली जान से मारने की धमकी

**रघुनाथपुर, सीवान** । बिहार सरकार के पूर्व मंत्री व रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के फुलवरिया निवासी विक्रम कुमार को भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने पर जान से मारने की धमकी मिली है। जिसकी शिकायत उन्होंने नगर थाना अध्यक्ष सिवान से की है दिए आवेदन में उन्होंने बताया है कि रविवार को दोपहर के 2 बजकर 21 मिनट पर किसी अज्ञात शख्स का मोबाइल नंबर 9334383038 से पूर्व मंत्री के मोबाइल नंबर 9934039970 पर एक फोन आया। फोन करने वाले ने भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। साथ ही उसने कहा कि अपने आप को बहुत बड़ा नेता बनते हो, भ्रष्टाचार की बात करते हो, भ्रष्टाचार की बात न्यूज़ में बोलते हो, तुम्हें जान से मार देंगे या मरवा देंगे सुधर जाओ वरना अंजाम भुगतने को तैयार रहो। इसके बाद श्री कुंवर ने कहां कि धमकी से मैं डरने वाला नहीं हूं हमेशा से भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाता रहा हूं और आगे भी आवाज उठाता रहूंगा। उन्होंने पुलिस को आवेदन देकर आरोपी को जल्द से जल्द पड़कर कार्रवाई करने की बात कही।

### मधनिषेध थाना अध्यक्ष के नेतृत्व में भारी मात्रा में शराब किया गया बरामद



**रघुनाथपुर, सीवान** । सीवान जिला के रघुनाथपुर मधनिषेध थाना को रविवार को एक बड़ी सफलता मिली। थानाक्षेत्र के आंदर-संठी रोड पर मधनिषेध थानाध्यक्ष अनुप कुमार के नेतृत्व में एक स्कॉर्पियो जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर BR31PA 3806 तथा एक टाटा टीगोर जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर BRO6CF 6704 से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। जिसके बाद दोनों गाड़ियों को चालक सहित मधनिषेध थाना लाया गया। गाड़ियों सहित शराब की कीमत लगभग 30 लाख रुपए बताई जा रही है।

# राजनीति नारे से नही विचार की दृष्टि से चलेगा देश - जगदानंद सिंह



**पटना** । राष्ट्रीय जनता दल के शिक्षक प्रकोष्ठ के द्वारा शिक्षक दिवस के पूर्व रविवार 3 सितंबर 2023 को 11 बजे से शिक्षक सम्मान समारोह एंव संगठन प्रमाण-पत्र प्रदान पटना के कर्पूरी सभागार, प्रदेश कार्यालय में किया गया है। जिसमें विश्वविद्यालय, हाविद्यालय एंव विद्यालय के शिक्षकों को सम्मानित एंव नव-मनोनीत प्रदेश पदाधिकारी, विश्विद्यालय एंव जिला पदाधिकारी को राष्ट्रीय जनता दल के शीर्ष नेतृत्व के द्वारा संगठन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस कार्यकर्म को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्री जगदानंद सिंह ने कहा कि शिक्षा को समावेशी होना चाहिए जिससे गरीबों के भी बच्चे समावेशी शिक्षा के अंतर्गत आ सके। राजनीति नारों से नही, विचार की दृष्टि से देश चलेगा। शिक्षक को परिवर्तन का वाहक बनना होगा। पुरखों के विचार को हिफाजत करना होगा। बिहार के सभी प्रखंड स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर संवाद करे। लोकतंत्र का ताकत संवाद है। शिक्षक राजनीति नही करेगा, तो क्या मंदिर के पुजारी करेगा। इसलिए समाज के अगुवा शिक्षक को बनना होगा। संविधान बदलने वाले को बदलने के लिए समाज को जागरूक करना होगा। अब्दुल बारी सिद्दकी ने संबोधित कहते हुए कहा कि शिक्षक प्रकोष्ठ सबसे ऊपर का है। शिक्षक संघ मजबूत संगठन है। उनका बहुत मांग जायद है। शिक्षक प्रकोष्ठ संकल्प ले कर शैक्षणिक माहौल बनाने में सहयोग करे। छात्र और शिक्षक समस्या को पार्टी तक पहुँचाकर शिक्षक का विश्वास जितने के लिए तत्पर रहना होगा। शिक्षक प्रकोष्ठ को पार्टी ने महत्वपूर्ण अंग माना है। समय समय पर शिक्षक समस्या को लेकर पदाधिकारी से लेकर शिक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री तक मिले। हर तीन माह पर विद्यालय स्तर पर छात्र शिक्षक अभिभावक मिलन समारोह आयोजित कर एक पहल करे। जयप्रकाश यादव ने कहा कि शिक्षा हमारी धरोहर है। कभी बिहार के शिक्षा व्यवस्था का डंका बजता था। आज शिक्षा व्यवस्था में औद्योगिकरण हो गया है। ग्रमीण स्कूल का काफी महत्व था। आज शिक्षा नही धन पर ध्यान दिया जा रहा है ताकि गरीब के बच्चे नहीं पढ़े । उदय नारायण चौधरी ने कहा कि सावित्री बाई फूले ने समाज को शिक्षित किया उसी तरह लालू यादव चरवाहा विद्यालय खोलकर किया। पढ़ो और मरो का नारा दिए। प्रो. डॉ.चंद्रदीप ने कहा कि नई शिक्षा नीति गरीब विरोधी नीति है । पूरे देश में 43796 कॉलेज 1113 विश्वविद्यालय है। जिसमें निजी 78.06 प्रतिशत और 21. 94 प्रतिशत सरकारी संस्थान है ।प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी डॉ.सुमंत राव उर्फ बबलु सम्राट ने कहा कि एक चाणक्य ने सत्ता परिवर्तन कर दिया था। यहां तो हजारों चाणक्य शिक्षक प्रकोष्ठ में है जो गरीब और जन विरोधी सरकार बदलने का ताकत रखते है। इस कार्यक्रम में माननीय प्रदेश अध्यक्ष श्री जगदानंद सिंह, प्रो.डॉ.कविता सिंह, चंदन ठाकुर, प्रियरंजन ठाकुर, हरि ओम यादव, निशांत कुमार मुख्य रूप से शामिल थे।

# सिवान का नाम देश प्रथम राष्ट्रपति डाक्टर राजेंद्र प्रसाद के नाम नहीं हो सकता?




**सिवान** । जब मुगलसराय का नाम बदल सकता हैं तो, क्या इस अमृत काल महोत्सव पर सिवान का नाम देश प्रथम राष्ट्रपति डाक्टर राजेंद्र प्रसाद के नाम नहीं हो सकता? उन्होंने इस सिवान की धरती पर मांग किया कि सिवान का नाम देशरत्न डाक्टर राजेंद्र प्रसाद रखने का मांग किया । उक्त बातें रविवार को कलावती मैरेज हाल मे आयोजित ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस मिलन समारोह को संबोधित करतें हुए ग्लोबल कायस्थ कान्फ्रेंस के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने कहा। उन्होंने अपराजित राजा कायस्थ महाप्रतापी राज लालितादित्य, कायस्थ विभूति स्वामी विवेकानंद से लेकर देश आजादी में कायस्थों की भूमिका उसके बाद जय प्रकाश नारायण सहित अन्य कायस्थ विभूतियों की भूमिका की चर्चा किया। उन्होंने बताया कायस्थ की आबादी भारत के लगभग सभी हिस्सों मे निवास करती हैं। उन्होंने कहा कि हम संख्या मे इतना तो जरूर है कि हम एमपी, विधायक की सीट जीत सकते हैं या किसी को हरा भी सकते हैं। उन्होंने चित्रगुप्त वंशजो को आह्वान किया कि आप अपनी पूर्व की पीढ़ी को पहचाने और उस बुलंदियों के तरफ बढ़ाने के तरफ अग्रसर हो। उन्होंने कहा आप अपने समाज, भाई-बंधु को सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक रूप से मजबूत करें । उन्होंने आह्वान किया कि आगामी दिल्ली के रामलीला मैदान दिल्ली मे होने वाली विशाल कायस्थ सम्मेलन मे अधिक से अधिक संख्या मे शामिल हो। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर व भगवान चित्रगुप्त के तैलीय चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। उसके बाद भगवान चित्रगुप्त की आरती किया गया। वहीं आगत मुख्य अतिथि ग्लोबल कायस्थ कान्फ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह प्रदेश अध्यक्ष दीपक अभिषेक सहित अन्य अतिथियों को अंगवस्त्र, मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। अध्यक्षता एडवोकेट विपेंद्र बर्मा व संचालन रविरंजन ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष निलेश रंजन, बिहार उपाध्यक्ष निलेश रंजन, बिहार उपाध्यक्ष दिलीप कुमार सिन्हा, राष्ट्रीय सचिव दीप. श्रेष्ठ, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कला सास्कृतक अनिल कुमार दास, बिहार संगठन मंत्री वलिराम श्रीवास्तव, कार्यकारी अध्यक्ष लीगल सेल डाक्टर



हर्षवर्धन, प्रदेश सचिव आलोक कुमार बर्मा, महामंत्री धनंजय प्रसाद, महिला प्रदेश अध्यक्ष नंदा जी, जिलाध्यक्ष निलेश बर्मा निल, एडवोकेट ठाकुर ज्वाला प्रसाद, वाम देव प्रसाद, विकास आनंद मोनू, प्रशांत श्रीवास्तव, राकेश सहाय, विनोद श्रीवास्तव, सुधिर श्रीवास्तव, सुभ्रांसू, अक्षत नील बर्मा, अतुल कुमार श्रीवास्तव, अमित कुमार, सुनील कुमार श्रीवास्तव, मृत्युंजय कुमार, धिरज, राकेश श्रीवास्तव सहित काफी संख्या मे चित्रांश महिला-पुरुष उपस्थित थे।

### अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने आग से बचाव को लेकर दी जानकारी

**मैरवा** । में सीवान के अग्निशमन विभाग के कर्मियों द्वारा आग एवं उसे बुझाए जाने के उपाय को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। अग्नि शमन विभाग के कर्मियों ने मैरवा के कई जगहों पर लोगों को एकत्रित कर आग लगने के विभिन्न प्रकार के कारणों एवं तरीकों तथा उसे बुझाने जाने के तरीकों के बारे में बताया। कर्मियों ने बताया कि विभिन्न प्रकार की वातुओं में लगने वाली आग को अलग-अलग तरीकों से काबू में किया जा सकता है। इसके लिए सावधानी और सतर्कता की विशेष जरूरत है। घरों में गैस सिलेंडर से लगने वाली आग एवं उसे बुझाने के तरीकों को बताते हुए इस जानकारी को सबके लिए आवश्यक बताया।

### मुर्गा व्यवसाई से लूट मामले में थाने में प्राथमिकी दर्ज

**हुसैनगंज, एक संवाददाता**। थाना क्षेत्र के सीवान-सिसवन मुख्य मार्ग पर शुक्रवार की देर शाम मुर्गा व्यवसाई से हथियार के बल पर हुई लूट मामले में हुसैनगंज थाने में पीड़ित के पिता के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। थाना क्षेत्र के रफीपुर निवासी मुकेश कुमार श्रीवास्तव ने थाने में आवेदन देकर बताया कि वो एक मुर्गा सप्लायर हैं। उनके दो पुत्र अभिनव कुमार एवं अनुभव कुमार हसनपुरा बाजार से मुर्गा सप्लाई का पैसा वसूली करके शुक्रवार की देर शाम को वापस आ रहे थे। इसी बीच सहुली सती मई मंदिर के समीप ही मुख्य मार्ग पर दो अपाची सवार चार युवकों ने जबरन उनकी बाइक को रोक लिया। साथ ही पिस्टल व चाकू निकालकर पिस्टल से दो हवाई फायर किया और वसूली का 60 हजार रुपया बैग समेत छीन लिया। उसमे हिसाब किताब से संबंधित बही खाता भी था। लूटपाट के बाद चारों अपाची सवार युवक सहुली की तरफ भाग गए।

### कचहरी सरपंचो द्वारा धरना प्रदर्शन को ले कि गयी बैठक

**हसनपुरा(सीवान)** । प्रखंड के सभी पंचायतों के ग्राम कचहरी सरपंचो द्वारा आगामी 5 सितंबर को प्रखंड मुख्यालय परिसर पर धरना प्रदर्शन किया जाना है जिसको लेकर रविवार को ग्राम कचहरी के हरपुरकोटवा पंचायत के सरपंच विनोद सिंह की अध्यक्षता में बैठक की गई। जो कि श्री सिंह के ही नेतृत्व में उक्त तिथि को अपनी 11 सूत्री मांगों को ले प्रखंड मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान सभी ने सर्वसम्मति से निर्णय लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज कर अपनी मांगों को ले प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर नन्हे अली, आमोद कुमार द्विवेदी, तौहीद रजा, रामपूजन यादव, सुरेंद्र राम, मिरैन खान, मोहम्मद तारिक़ इकबाल, कन्हैया साह, रज़िया खातुन, लक्ष्मी देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

### बरामदे से बाइक चोरी की प्राथमिकी दर्ज

**हुसैनगंज**। थाना क्षेत्र के माहपुर खजरौनी से बरामदे में रखी बाइक चोरों द्वारा चोरी कर ली गई है। इस संबंध में माहपुर खजरौनी निवासी नकी इमाम ने हुसैनगंज थाने में आवेदन देकर बताया कि प्रत्येक दिन की भांति उन्होंने अपनी बाइक 25 अगस्त को भी बजाज पल्सर को रात में अपने आवास के बरामदे में लॉक करके रखा था। सुबह उठे तो उनकी बाइक गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का सुराग नहीं मिला। इस संबंध उनके आवेदन पर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

### प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का नाम भी सरकारी स्कूलों से कटेगा

**पटना** । राज्य में प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के नाम सरकारी स्कूलों से करेंगे। ऐसे छात्र-छात्राओं की ट्रैकिंग होगी। योजनाओं का लाभ लेने के लिए राज्य के सरकारी स्कूलों में नाम लिखाकर प्रदेश एवं दूसरे राज्यों के प्राइवेट संस्थानों में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं के नाम भी करेंगे। वहीं, स्कूल में लगातार 15 दिन अनुपस्थित रहने वाले छात्र-छात्राओं का नामांकन रद्द किया जाएगा। इससे संबंधित निर्देश शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक ने सभी जिलाधिकारियों को दिया है। दरअसल, एक जुलाई से राज्य में सरकारी स्कूलों के लिए मॉनीटरिंग की व्यवस्था लागू है। इसके तहत राज्य भर में सरकारी स्कूलों का निरीक्षण चल रहा है। जुलाई से अब तक 50% से कम उपस्थिति वाले स्कूलों की संख्या घट रही है। फिर भी लगभग 10 प्रतिशत स्कूल ऐसे हैं, जहां छात्र उपस्थिति 50 प्रतिशत से कम है। अपर मुख्य सचिव के निर्देश के अनुसार हर जिले के डीईओ एवं डीपीओ पांच-पांच स्कूल एडॉप्ट करेंगे। आरडीडीई भी जिला मुख्यालय के कम से कम पांच स्कूल एडॉप्ट करेंगे। जिस डीपीओ के कार्यक्षेत्र में 50 फीसदी से कम छात्र उपस्थिति वाले स्कूल नहीं हैं, तो उन्हें कार्यक्षेत्र के बाहर के स्कूल दिए जाएंगे। एडॉप्ट स्कूलों मैं अधिकारी हर दिन जाएंगे।

### किसान न्याय मोर्चा के तत्वाधान में किसान संगोष्ठी का हुआ आयोजन



**वाराणसी**। किसान न्याय मोर्चा के तत्वाधान में रविवार को सथवा में किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए किसान न्याय मोर्चा के प्रदेश संयोजक महेंद्र यादव (एडवोकेट) ने कहा कि वैदिक सिटी योजना एवं वर्ल्ड एक्सपो सिटी योजना और काशी द्वारा योजना के तहत जो सरकार जमीन का अधिग्रहण करना चाह रही है। आवास विकास परिषद के लिए किसानों की जमीन लेना चाह रहा है, किसान इस योजना का विरोध कर रहे हैं तथा यह योजना राज्य सरकार वापस ले। आगे किसान संगोष्ठी को संबोधित करते हुए किसान न्याय मोर्चा प्रदेश महासचिव अशोक प्रजापति ने कहा यह सरकार किसानों की जमीन को हड़पने के लिए अनेक अनेक योजनाएं ला रही है, इसका उद्देश्य किसानों की जमीन पर डाका मारना और पूंजी पत्तियों को देना। इसलिए किसान भी किसी कीमत पर अपनी जमीन सरकार को नहीं देंगे, आने वाले दिनों में किसान सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे और जिला अधिकारी को अपना ज्ञापन भी देंगे। उक्त संगोष्ठी बाबूराम पाल, सुषमा पटेल इत्यादि लोग उपस्थित रहे ।संगोष्ठी का संचालन अशोक प्रजापति ने किया।

लोकतांत्रिक | सुनील कुमार ने जो भी कहा है वह एकदम सत्य कहा है

# लोकतांत्रिक पदाधिकारी घोषित किए गए केके पाठक



**शसीवान संवाददाता** । बिहार के शिक्षक सुनील कुमार जो मध्य विद्यालय,मथुरापुर खगड़िया मैं पदस्थापित हैं । उनके निलंबन की निंदा करते हुए बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ सिवान के जिला अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने बिहार के शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के के पाठक को अलोकतांत्रिक पदाधिकारी करार दिया है। उन्होंने शिक्षक के साथ लगातार दुर्व्यवहार तथा लोकतांत्रिक तरीके से दंडात्मक कार्रवाई करने को लेकर शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव को अलोकतांत्रिक व्यक्ति बताया है। उन्होंने निलंबन की कार्रवाई पर दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि यह दमनात्मक करवाई है तथा सुनील कुमार ने जो भी कहा है वह एकदम सत्य कहा है। श्री सिंह ने कहा है कि सुनील कुमार ने जो भी कहा है वह उनकी वेदना है । उनकी पीडा है। उन्होंने कहा है कि पूर्व निर्धारित रक्षाबंधन के छुट्टी को रद्द करने वाले पदाधिकारी को अलोकतांत्रिक, अमर्यादित नहीं कहा जाएगा तो क्या कहा जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को बेइज्जत करना शिक्षकों के साथ इस तरह का बर्ताव करना के के पाठक का यह कार्य निंदनीय है। उन्होंने केके पाठक को अलोकतांत्रिक व्यक्ति करार दिया है तथा कहा है की किसी भी व्यक्ति को किसी भी पदाधिकारी को शिक्षक के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग करना गाली देना तथा अव्यवहारिक रुप से पेश आना अच्छा नहीं है। यह निंदनीय है। उनका यह काम शिक्षा हित में और जनहित में नहीं है। इस लोकतंत्र में यदि कोई भी अव्यावहारिक और मर्यादित काम करता है वह कितना भी बड़ा पदाधिकारी हो तो अगर अमर्यादित काम करता है तो हमारा पुनीत कर्तव्य बन जाता है कि हम इसका पुरजोर विरोध करें। उन्होंने कहा कि बहुत सा काम केके पाठक के द्वारा और व्यावहारिक और मर्यादित तथा और लोकतांत्रिक है। उन्होंने कहा है कि हम पूर्वाग्रह से ग्रसित इस पदाधिकारी को अभी उनके पद से हटाने की मांग करते हैं।

# आरा मिल के मालिक व बेटे पर अपराधियों ने चलाई गोलीयां बाल-बाल बच्चे व्यवसायी पिता व पुत्र



**रघुनाथपुर, सीवान** । सीवान जिले के रघुनाथपुर थाना क्षेत्र अंर्तगत टारी बाजार में रविवार की दोपहर अपराधियों ने आरा मिल के मालिक तथा उनके लड़के पर गोलियां चलाकर बाजार व आसपास के इलाकों में दहशत फैला दिया। बताया जा रहा है कि टारी बाजार निवासी उमेश शर्मा जो कि आरा मिल तथा आभूषण व बर्तन की दुकान चलाते हैं और उनके पुत्र सोनू शर्मा पर रविवार की दोपहर लगभग 12 बजे के आसपास मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए 3 अपराधियों ने पांच राउंड गोली चलाई। जिसमें उमेश शर्मा तथा सोनू शर्मा बाल-बाल बच गए। उमेश शर्मा एक व्यवसायी के साथ-साथ पूर्व मुखिया प्रत्याशी भी रह चुके हैं वर्तमान में उनकी बहू टारी पंचायत की वार्ड सदस्य है। बाजार में व्यवसायी पर अज्ञात अपराधियों द्वारा हुए जानलेवा हमले को लेकर बाजार के सभी व्यवसाईयों ने अपनी-अपनी दुकान बंद कर दी है साथ ही टारी बाजार में आने जाने वाले सभी रास्ते को भी बंद कर दिया गया है। गोलीबारी की घटना के बाद बाजार एवं पूरे इलाके में भय व दहशत का माहौल बना हुआ है। लोगों का कहना है कि बाजार में दहशत फैलाने के उद्देश्य से अपराधियों ने गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया है। ज्ञातब्य हो कि रघुनाथपुर थानाक्षेत्र सहित टारी बाजार के इलाके में पिछले कुछ महीनो में लगातार आपराधिक घटनाएं घटित हुई है जिससे लोगों में लगातार भय वह दहशत बढ़ता जा रहा है।

## ख़ास ख़बर

### सावधानी बरतने पर वायरल फीवर से मिलेगी निजातः अधीक्षक



**सकलडीहा।** सकलडीहा कस्बा सहित प्राइवेट हास्पीटल व जांच सेंटरों पर मलेरिया टाईफाइड के मरीजों की भरमार लगी है। वायरल फीवर के कारण लोग परेशान है। सकलडीहा सीएचसी अधीक्षक डा. संजय यादव ने बताया कि थोड़ी सी सावधानी बरतने पर वायरल फीवर से लोगों को निजात मिलेगा। इसके साथ ही वायरल फीवर की चपेट में आने पर मरीजों को उबाल कर पानी को ठंडा कर पीने को बताया। आजकल बरसात की पानी छत पर छोटी छोटी डिब्बा में जमा होने या गाड़ी के टायर कहीं रखा है, गंदा पानी होने के कारण तेजी से मच्छरों का लारवा जन्म लेते है। यहां तक की कूलर के साफ पानी और गंदा नाला के पानी में मच्छरों का लारवा बढ़ता है। जिसके कारण वायरल फीवर तेजी से होता है। सीएचसी अधीक्षक डा. संजय यादव ने बताया कि वायरल फीवर से घरबराने की जरूरत नही है। थोड़ी सी सावधानी बरतने व साफ सफाई का ख्याल रखने पर इन समस्याओं से निजात मिल जायेगा। बुखार, सरदर्द और कमजोरी महसूस होने व भूख न लगने पर सरकारी अस्पताल के डाक्टर से संर्पक करके उचित परामर्श ले। डाक्टर द्वारा बताये गये दवा की पूरी डोज ले। आरो नही होने पर पानी को उबाल कर पीये। घर के आसपास साफ सफाई का विशेष ख्याल रखे। इस बाबत सीएचसी अधीक्षक डा. संजय यादव ने बताया कि वायरल फीवर होने पर सीएचसी के डाक्टरों से संपर्क करके बीमारी से निजात मिल सकता है।

### पुजारी नीलू तिवारी का 55 वर्ष के उम्र में आकस्मिक हृदय गति रुकने से निधन



**दरियापुर** । जिले के शक्ति सिद्ध स्थल सुप्रसिद्ध मंदिर मां अंबिका भवानी मंदिर का पुजारी नीलू तिवारी का 55 वर्ष के उम्र में आकस्मिक हृदय गति रुकने से निधन हो गया ।जिससे उनके चाहने वालों में शोक का लहर दौर परी। विदित हो कि सारण जिले के दिघवारा छपरा मुख्य पथ पर स्थित आमी गांव में निर्मित मां अंबिका भवानी मंदिर के मुख्य पुजारी में शुमार वहां के स्थानीय गांव निवासी नीलू बाबा का गुरुवार के दिन हर साल रक्षा बंधन पर आयोजित होने वाले पूजा में शामिल होने मंदिर जा रहे थे।जहा दर्जनों पुजारी और सैकड़ों श्रद्धालु के उपस्थिति में पूजा का तैयारी चल रहा था। इसी क्रम में रास्ते में अचेत होकर गिर गए लोग जुटे और समझे तब तक उनका निधन हो चुका था। उनके परिजन व ग्रामीणों के द्वारा आनन फानन में दिघवारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने देखते हैं मृत घोषित कर दिया। बताते चले कि नीलू बाबा एक सुलझे हुए व्यक्ति थे जिनको चाहने वालों में सामान्य व्यक्ति से लेकर हाई कमान के लोग भी उनको मानते व पूजते थे। जैसे ही उनके निधन की समाचार लोगों तक पहुंची सुनते ही लोगों में शोक की लहर दौड़ परी ।शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में पूर्व विधायक भाजपा नेता विनय सिंह,डॉक्टर युवराज सिंह, डॉक्टर के एन सिंह,रामपरवेश सिंह उर्फ राय जी, पत्रकार विपिन कुमार शर्मा, मुखिया सुनील कुमार यादव, पत्रकार दिनेश चंद द्विवेदी मुखिया राहुल सिंह, ए एस आई राजीव रंजन सिंह थाना अध्यक्ष मसरख,ए एस आई धर्मेंद्र कुमार, आदि लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उनके परिवार को ढांढस बंधाया है।

### समाजसेवी ने गरीब छात्रा का बीए में दिलाया प्रवेश



**सकलडीहा।** दिघवट गांव की एक गरीब छात्रा को समाज सेवी दुर्गेश सिंह ने भीक्षाटन कर सकलडीहा पीजी कॉलेज में प्रवेश दिलाया। समाजसेवी के इस पहल का प्राचार्य प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडेय ने सराहना किया है। समाजसेवी द्वारा लगातार गरीब बच्चों को शैक्षणिक कार्य को बढ़ावा देने के लिये अग्रसर रहते है। दिघवट गांव की गरीब छात्रा श्वेता भारती का मेरिट के आधार पर बीए में काउंसिलिंग अगस्त माह में होगया था। लेकिन पैसे के अभाव में छात्रा बीए में प्रवेश लेने से वंचित थी। इसकी जानकारी समाजसेवी दुर्गेश सिंह को होने पर छात्रा के परिजनों से मिलकर प्रवेश दिलाने का भरोशा दिया। महाविद्यालय पहुंचकर समाज सेवी ने छात्रा का भीक्षाटन के पैसे से दाखिला दिलाया। इसके साथ ही हर संभव सहयोग का भरोशा दिया। प्राचार्य प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडेय ने समाज सेवी के इस पहल का सराहना किया है। समाजसेवी लम्बे समय से भीक्षाटन कर गरीब बच्चों को सर्व शिक्षा अभियान और निपुण भारत के मुहिम को गति देने में जुटे है। इस मौके पर छात्र संघ अध्यक्ष ऋषिकेश भारती, प्रीति गौतम,आकाश,अनुपम पांडेय, मीना राय, पवन कुमार, सोहराब अली, शुभम सिंह सहित अन्य छात्र मौजूद रहे।

# टेमा युक्त पानी से किसानों के फसल बर्बाद, किसानों पर आफत



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता नरकटियागंज।** खेती किसानी करना आज के समय के बड़ा ही कठिन हो गया है। खेती करने वाले किसान पहले तो मौसम की मार झेलकर किसी तरह घर मे रखे जमापूंजी लगाकर अपने फसलों को उपजाते है। लेकिन जब उनकी आँखों के सामने फसल बर्बाद हो तो उनकी तकलीफ का अंदाजा नही नही लगाया जा सकता है। खबर के मुताबिक नरकटियागंज में 27 अगस्त को बाढ़ आयी थी। बाढ़ के पानी के में हरिनगर चीनी मिल द्वारा टेमा युक्त पानी छोड़ दिया गया जो किसानों के खेत मे पहुचकर आफत की पहाड़ तोड़ दी है। टेमा के पानी से नरकटियागंज प्रखंड के बनवरिया पंचायत अंतर्गत चतुर्भुजवा गांव के दर्जनों अन्नदाताओ का लगभग सैकड़ो एकड़ खेत की फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गया है। जिससे किसानों में काफी आक्रोश है। किसान फरियाद अली,शेख बबलू,उमेश चौरसिया,छोटेलाल दास,रामचंद्र यादव,समेत दर्जनों किसानों का आरोप है की विते 27 अगस्त को आई बाढ़ मे हरीनगर सुगर मील द्वारा रामरेखा नदी मे टेमा का पानी छोड़ दिया। जिससे बाढ़ के पानी के साथ टेमा का पानी भी फसलों तक पहुच गया जिससे खेत मे लगे फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गया है। खेतों मे चारों तरफ रसायन युक्त जहरीली पानी दिख रहा है। अब किसानों के सामने आफत बनकर टूट पड़ा है। अपने खेत मे फसलों की स्तिथि को देख कर किसान खून के आशु रोने को मजबूर है।किसानों ने हरीनगर सुगर मिल प्रशासन के खिलाफ विरोध जताते हुए प्रशासन से मुआवजे की मांग किया हैं। किसानों का कहना है कि विगत 20 वर्षों से हरिनगर सुगर मिल के द्वारा रामरेखा नदी मे रसायन युक्त टेमा का पानी छोड़ दिया जाता है। जिससे प्रत्येक वर्ष सैकड़ों एकड़ मे लगी फसल बर्बाद हो जाता है। आक्रोशित किसानों ने सरकार से हरीनगर सुगर मील पे उचित कार्रवाई करने के साथ साथ मुआवजे की मांग किया है।

## इसबार बिहार के युवा और नियोजित शिक्षक महागठबंधन के खिलाफ वोट करेंगे- मंजूर आलम



**मधुबनी संवाददाता।** राजद जब चुनाव लड़ रही थी तो अपने मेनीफेस्टो में बिहार के 10 लाख युवाओं को रोजगार देने की बात और नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा के साथ पुरानी पेंशन जैसे मुद्दों को समाहित किया था और कहा था पहली कलम से ही करेंगे ये उनका चुनावी जुमला था जिसे बिहार के युवा और 6 लाख की संख्या में कार्यरत नियोजित शिक्षक ने सच मानकर चुनाव में भारी बहुमत दिया। निश्चित रूप से बिहार के युवा और करीब 6 लाख की संख्या में कार्यरत नियोजित शिक्षक ठगा महसूस कर रहे हैं । युवा और नियोजित शिक्षक इस बार सरकार को धूल चटाने चुनाव में पटखनी देने के मुड में हैं। बिहार सरकार ने नियोजित शिक्षकों को हमेशा से प्रताड़ित करने का काम किया है नियोजित शिक्षकों के आंदोलन को यह कहके खत्म कर दिया के मानसून सत्र समाप्ति के बाद शिक्षक संघों से राज्यकर्मी के मुद्दे पर बात करेगी लेकिन संघों से बात न करके नियोजित शिक्षकों को धोखा दिया जिस वजह से नियोजित शिक्षक ठगा महसूस कर रहे हैं,और इस बार की चुनाव में सब हिसाब किताब बराबर करना चाहते हैं। दूसरी तरफ हम सभी के चहेते आदरणीय श्री प्रशांत किशोर जी ने वादा किया है कि अगर हमको जनता ने समर्थन दिया तो बिहार में रोजगार का बहार होगा। भरोसा रखिए आप ठगा महसूस नहीं करेंगे।इस लिए सभी युवाओं और नियोजित शिक्षकों सेअपिल है कि जन सुराज को अपना पूर्ण समर्थन दें, धन्यवाद।

## समाज के समुचित विकास से ही जयसवाल व कलवार समाज का होगा समाजिक उत्थान



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा।** जयसवाल व कलवार समाज की समुचित विकास एवं समाजिक उत्थान के लिए रविवार को बगहा दो स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समाज को और भी मजबूत करने को लेकर कई अहम फैसले लिए गए। सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लिया गया,कि जयसवाल समाज के कुलदेवता श्री राज राजेश्वर सहस्त्रार्जुन जी का विधिवत पूजा समारोह दिनांक 27 नवंबर 2023 दिन सोमवार को किया जाएगा।जिसको लेकर सभी जयसवाल कलवार समाज के सभी सम्मानित सदस्यों से निवेदन किया गया कि इस पूजा को तन मन से सम्मिलित होकर सफल बनावे। इस अवसर पर अशोक जयसवाल,संजय जयसवाल, रवि जयसवाल, सुधीर जयसवाल, दीपक जयसवाल, विशाल जयसवाल, गौरीशंकर जयसवाल, मनोज जयसवाल, अमित जयसवाल, श्रवण जयसवाल, राकेश जयसवाल, महेश जयसवाल समेत दर्जनों की संख्या में जयसवाल व कलवार के लोग मौजूद रहे।

## सर्वदलीय समिति के अध्यक्ष व प्रधान महासचिव का चुनाव संपन्न



**सन्हौला।** प्रखंड के जिला परिषद कार्यालय डाक बंगला में श्री प्रवीण कुमार राणा की अध्यक्षता में सर्वदलीय समिति सन्हौला का दूसरे दिन बैठक आहूत किया गया । इस बैठक में कहलगांव प्रखण्ड के सर्वदलीय समिति के अध्यक्ष श्री पवन कुमार भारती मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। बैठक मोहम्मद जुनाव आलम को सर्वदलीय समिति के अध्यक्ष चुना गया वहीं प्रधान महासचिव श्री राहुल कुलकर्णी एवं मीडिया प्रभारी श्रीकांत कुमार दास तथा कोषाध्यक्ष श्री रविंद्र यादव को सर्व समिति से चुना गया । कमेटी के बिस्तार पर भी विचार किया गया बैठक शांति प्रिय हुई । इस बैठक में साह अनवर आलम, शेख गुलाम रब्बानी, मोहम्मद इदरीश, शेख गुलाम रब्बानी, कृष्णानंद सागर मुखिय, अब्दुल, फिरोज, मोहम्मद अमजद, राहुल कुलकर्णी, सुबोध कुमार दास, मोहम्मद अंसारी, श्रीकांत कुमार दास, ब्रह्मदेव यादव, मोहम्मद आरिफ, चंद किशोर महतो, धनंजय मंडल, प्रवीण ठाकुर, गौतम कुमार, इलियास, रविंदर यादव, पिंटू कुमार, नियाजउद्दीन, एजाज अहमद, विलास कुमार चौधरी, मोहम्मद साजिद हुसैन, मोहम्मद आलम, मोहम्मद इरशाद आलम, मोहम्मद इस्माइल के अलावा दर्जनों सदस्य उपस्थित थे।

## 8 सितंबर को फैज़ान आला हज़रत कांफ्रेंस सुन्नी रजा कमिटी की तैयारी ज़ोरों पर रेयाज खान कादरी साहब



**मधुबनी संवाददाता मो सालिम आजाद।** उर्स रिज़वी के अवसर पर, सुन्नी रज़ा कमेटी फैजुल्लाह खान दरभंगा द्वारा आयोजित तीसरा वार्षिक फैज़ान आला हज़रत कांफ्रेंस 8 सितंबर, 2023 को आयोजित किया जाएगा। कॉन्फ्रेंस की सरपरस्ती पीरे तरीकत रहबरे शरीअत हजरत अल्लामा मौलाना अल्हाज सैयद शम्सुल्लाह जान मिस्बाही बाबू हुजूर खानकाहे समरकंदिया फरमाएंगे कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता हज़रत मौलाना मुफ्ती जलालुद्दीन नुरी फरमाएंगे। मौलाना आसिफ रजा निजामी पटना मंच संचालन करेगें कान्फ्रेंस की कयादत रियाज़ ख़ान क़ादरी करेगें कॉन्फ्रेंस को संबोधित करने के लिए हजरत मौलाना मुफ्ती सुल्तान रजा कादरी सिवान मौलाना सलमान अहमद रजवी मुफ्ती तहसीन रजा मिस्बाही मौलाना वारिश अली मौलाना तकी रजा खान मौलाना कामरान अहमद ख़ान मुफ्ती हामिद रजा मौलाना अब्दुल अल्लाम मिस्बाही मौलाना अख़्तर रजा मिस्बाही मौलाना रजा उल मुस्तफा मिस्बाही मौलाना अशरफ रजा कादरी मुफ्ती कुतुबुद्दीन मिस्बाही कारी अनवर साहब मुफ्ती फूल मोहम्मद मौलाना मोशाहिद रजा मौलाना मोहम्मद रजा मौलाना अजमत रजा मौलाना फैसल रजा बरकाती मौलाना अहसान रजा मौलाना हशमत रजा मिस्बाही हाफिज मोजाहिदुल इस्लाम मौलाना बशीरुल होदा तशरीफ ला रहे हैं नाते पाक की खुशबू बिखेरने के लिए शायरे इस्लाम शाहबाज रजा नूरी कोलकाता इकबाल साबरी समस्तीपुरी सरफराज रजा फैजी आमिर आजम अफजाल हैदर अजमत राजा के इलावा काफी मकामी नात ख्वान तशरीफ ला रहे है कॉन्फ्रेंस को कामयाब करने के लिए सुनी रजा कमेटी के अध्यक्ष डाक्टर अहमद रहमानी और सचिव मौलाना अमन नवाज खान मौलाना फैसल रज़ा बरकाती (उपाध्यक्ष)हाफिज सरफराज रज़ा (मेम्बर)हाफिज आज़म रज़ा (मेम्बर)हाफिज जीलानी (मेम्बर) हाफिज सय्यद करीम खां (मेम्बर)कैफ खान कादरी (मेम्बर) सैफ खान कादरी मेम्बर मो विक्की (मेम्बर)हमजा ख़ान (मेम्बर)अफ़ज़ाल हैदर (मेम्बर)मंजारूल इस्लाम (मेम्बर)अजमत रज़ा (मेम्बर)राशिद पुट्टू (मेम्बर)आमिर सुबहानी (मेम्बर)साहिल शहबाज़ (मेम्बर)दानिश खान(मेम्बर) हाफिज मोबश्शीर खान (मेम्बर) काफी मेहनत कर रहें है

### अलग-अलग मामले में दो गिरफ्तार गया जेल

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो बेतिया।** साठी पुलिस ने कार्यवाही करते हुए गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार को अलग अलग जगहों से छापेमारी कर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। वही इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष उदय कुमार ने बताया कि शराब के मामले में जहीर अहमद पिता फिदा शेख बाजार बेलवा निवासी जो की 2014 से फरार चल रहे थे जिनको गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। वही जुगनू मियां पिता स्वर्गीय सूकट मियां साठी निवासी को शराब पीकर हो हल्ला करने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार दोनों व्यक्ति को रविवार को बेतिया न्यायालय भेज दिया।

### लोड शिडिंग के नाम पर बिजली कटौती गरीबों के साथ मजाक



**दैनिक शुभ भाष्कर, अजमल अख्तर।** ग्रामीण क्षेत्रों में बीते कई दिनों से बिजली की हालत बद से बदतर हो गया है जिसको लेकर लोगों में आक्रोश व्याप्त है। रात में हर एक घन्टे पर लोड शिडिंग के नाम पर बिजली कट करके रखा जाता है जिसको लेकर उपभोक्ताओं ने नाराजगी जताई है। इलाके के गरीब किसानों का कहना है कि हम गरीबो को बिजली क्या सिर्फ देखने के लिए मिला है, ग्रामीण क्षेत्रों में हम लोगों को रात में बिजली चाहिये जबकि यहां रात में रात रात भर बिजली काट के रखा जाता है यह गरीब किसानों के साथ सरकार का भद्दा मजाक नही तो क्या है। क्या इस भीषण गर्मी में रात रात भर लोड शिडिंग के नाम पर बिजली काटना उचित है। आपको बता दें की इससे पूर्व भी लोड शिडिंग लिया जाता था पर अब रात रात भर लोड शिडिंग के कारण उपभोक्ताओं ने जनप्रतिनिधियों के खिलाफ भी आक्रोश है। जबकि लगातार बिजली नही रहने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी की घटनाएं भी बढ़ गया है। जहां दुनिया एक तरफ चांद का शेयर कर रहा है तो वही किशनगंज में आज भी बिजली को लेकर लोड शिडिंग का रोना चल रहा है।

**सूची जारी** — कार्यकर्ताओं ने कहा कि नई पंचायत अध्यक्षों की मनोनीत से पंचायतों में बूथ स्तर मजबूत होगी

# बगहा कांग्रेस कमेटी ने प्रखंड बगहा एक के 24 पंचायतों के अध्यक्षों की सूची जारी की



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता पंचानन सिंह बगहा पश्चिमी चंपारण।** बगहा कांग्रेस कमेटी ने शनिवार को प्रखंड बगहा एक के 24 पंचायतों के अध्यक्षों की सूची जारी की है। बगहा विधानसभा सभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड बगहा एक के मंगलमय मैरेज हॉल बड़गांव में प्रखंड बगहा एक कांग्रेस अध्यक्ष हरि पंडित की अध्यक्षता में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश के बाद नई सूची जारी की गई। जहां पूरे कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने कहा कि नई पंचायत अध्यक्षों की मनोनीत से पंचायतों में बूथ स्तर मजबूत होगी। बैठक में जिसमें ऐतसाम आलम महीपुर भतौड़ा पंचायत, रामप्रसाद पंडित परसा बनचहरी, विक्की साह बड़गांव, अहमद मियां चखनी रजवटिया, धर्मनाथ तुरहा पिपरिया सिंगाड़ी, जितेंद्र पंडित भैसही पाड़रखाप,बालकिशुन यादव मेहुड़ा,रुक्मणि देवी नड्डा,जीवन कुमार चौहान भैरोगंज,चंदन साह बांसगांव मंझरिया, मुन्ना अंसारी चंद्रपुर रतवाल, राजेश तुरहा पतिलार, त्रिलोकी साह लगुनाहा चौतरवा, सुनील कुमार साह कोल्हुआ चौतारवा, राकेश पटेल हरदी नदवा, जनाब तजमुल्ला हुसैन बसवरिया, अंगद शाह बीबी बनकटवा, त्रिलोकी ठाकुर मजौआ, अमर प्रसाद गुप्ता सलाहा बरियारवा, मुन्ना साह सिसवा बसंतपुर, मनोज ठाकुर रायबारी महुअवा, सुभाष महतो चंद्राहा रूपौलिया, धंधर यादव टेसरहिया बथुवरीया आदि पंचायत अध्यक्षों की सूची जारी की गई। मौके पर पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी सह कांग्रेस नेता जयेश मंगल सिंह उर्फ जय सिंह, प्रदेश सचिव पिछड़ा शेषनाथ यादव, शत्रुघ्न शाह जिला अध्यक्ष पिछड़ा, मुकेश प्रसाद जिला अध्यक्ष पिछड़ा, मुन्ना साह जिला अध्यक्ष पिछड़ा, सुजीत कुमार सोनी युवा कांग्रेस अध्यक्ष, हेमराज व्यावसायिक जिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष, भुवनेश्वर मिश्रा, मनजीत शर्मा, मोहन चौधरी,जय प्रकाश यादव आदि समेत दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मुखिया व रोजगार सेवक के कमीशन नही देने पर उन्नीस लाख से ज्यादा रूपए का हुआ बंदरबाट




**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो बेतिया।** साठी रोजगार युवक हुआ बेरोजगार। पंचायत में फंसे पैसे के लिए दर-दर भटक रहा है। अधिकारियों और पदाधिकारीयों एवं जनप्रतिनिधियों से अपने दिए हुए रॉ मटेरियल के भुगतान के लिए प्रखंड से लेकर जिला तक चक्कर लगा रहा है। मामला लौरिया प्रखंड के धमौरा पंचायत अंतर्गत वार्ड नंबर 1 का है। रविवार की दोपहर वार्ड नंबर 1 निवासी आलम फेवर ब्लॉक सर्विस के संचालक मामूर आलम ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि कोरोना काल के दौरान 2019 में बैंक से रोजगार को लेकर 10 लाख रुपया कर्ज लिया। जिसे अन्य लोगों को रोजगार दिलाने के उद्देश्य से फेबर ब्लॉक बनाने की मशीन और रॉ मैटेरियल खरीदा। उसी दरमियान पंचायत के मुखिया ललिता देवी के पति कमलेश यादव एवं रोजगार सेवक वीरेंद्र बैठा ने मिलकर कई योजनाओं के तहत 19 लाख 97 हजार का रॉ मैटेरियल धमौरा पंचायत के सोलिंग एवं अन्य काम कराने के लिए लिया था। जिसमें सात निश्चय योजना के तहत दो योजनाओं का भुगतान करा दिया गया था। बाद में मैं अपने लेबर और मटेरियल देकर 2020 से 22 तक जो मैंने कार्य कराया था। उसका भुगतान जब मैं मांगने रोजगार सेवक और मुखिया पति से गया तो कमीशन की मांग किया गया जब मैं मांग पूरा नहीं किया तो मांग को लेकर विवाद बढ़ गया और मेरा भुगतान फसा दिया गया। इस मामले में रोजगार सेवक और मुखिया पति द्वारा मेरे ऊपर एससी-एसटी का केस भी कर दिया गया। जिसमें मुझे जेल भी जाना पड़ा। भुगतान को लेकर मैं प्रखंड तथा जिला यहां तक कि मुख्यमंत्री के पास भी पत्राचार किया। लेकिन मेरा जांच रिपोर्ट फाइलों में ही सीमित कर रह गया। उन्होंने बताया कि रोजगार सेवक और मुखिया पति की मिली भगत से पंचायत में लूट खसोट मची हुई है। मुखिया अपने आप को दबंग आदमी बताते हैं और धमकी देते हैं कि कहीं भी आवेदन देगा तो मेरा कुछ नहीं होगा। मैं बहुत जल्द वर्तमान जिलाधिकारी को आवेदन देकर अपने भुगतान के लिए न्याय का गुहार लगाऊंगा। पैसा भुगतान नहीं होने के चलते फबेर ब्लॉक का मशीन बंद हो गई है। और मजदूर भी काम छोड़कर चले गए हैं। वहीं बैंक का कर्ज़ बढ़ता जा रहा है। मेरा पूरा परिवार भुखमरी के कगार पर है। बच्चों का पठन पाठन भी बंद हो गया है। मैं रोजगार रहते हुए भी बेरोजगार हो गया हूं। यह कहां का न्याय है।

## ख़ास ख़बर

### शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या ब्रह्माकुमारियों ने 21 शिक्षको को किया सम्मानित

**आरेराज, अशोक वर्मा**। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय अरेराज सेवा केंद्र मे शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर अति प्रभावशाली कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में 21 शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उत्तर बिहार की वरिष्ठ राजयोगिनी बीके मीना दीदी ने कहा कि शिक्षक ही सही शिल्पकार होते हैं उनके द्वारा व्यक्तित्व निर्माण किया जाता है। उन्होंने शिक्षकों का आहवान किया कि बदलते दौर में तथा समय के नाजुकता को देखते हुए छात्र के अंदर मूल्य निष्ठ शिक्षा देने की आज विशेष जरूरत है। उन्होंने ब्रह्माकुमारी एवं अन्नामलाई यूनिवर्सिटी के संयुक्त रूप से पत्राचार द्वारा दी जाने वाली मूल्य निष्ठ शिक्षा जिसमें पीजी डिप्लोमा तथा पीजी डिग्री है की पूर्ण जानकारी दी । सम्मानित होने वाले शिक्षकों में मुख्य रूप से कृष्णा मिश्रा, राधे कृष्णा गणपत राय ,अमरेंद् कुमार ,बृजभूषण, अर्चना, सोनाली, लक्ष्मी ,दीनानाथ गुप्ता आदि थे। कार्यक्रम में भाग लेने वालों में मुख्य रूप से विकिपीडिया का बीके रेखा अभिमन्यु के प्रिंस बीके योगी भाई आते थे।

### किशनगंज के शतरंज खिलाड़ियों को मिलेगा हर संभव सहयोगः दफ्तरी

**किशनगंज 3 सितम्बर (अली रेजा सिद्दिकी)**। जिला शतरंज संघ के कार्यकारी अध्यक्ष डॉक्टर राजकरण दफ्तरी ने कहा कि किशनगंज जिले के प्रतिभावान शतरंज खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। रविवार के दिन जिला शतरंज संघ द्वारा स्थानीय इंडोर स्टेडियम में एक निःशुल्क ओपन शतरंज प्रतियोगिता के आयोजन का, जिसमें अपने जिले के 4 दर्जन से अधिक बालक-बालिका खिलाड़िगण आपस में प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। इन खिलाड़ियों में से सौरभ कुमार एवं मुकेश कुमार संयुक्त चैंपियन घोषित किए गए। बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए श्री दफ्तरी ने मौके पर उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए आगे कहा कि बच्चों के मानसिक विकास हेतु शतरंज एक बेहतरीन खेल है। अतः निश्चित रूप से सभी बच्चों को इस खेल में रुचि लेना चाहिए । संघ के मानद महासचिव शंकर नारायण दत्ता एवं वरीय संयुक्त सचिव तथा कार्यक्रम के संयोजक कमल कर्मकार ने आगे जानकारी दी कि सौरभ-मुकेश के बाद अगले स्थान पर क्रमशः रोहन कुमार ,आयुष कुमार, धान्वी कर्मकार, अथर्व राज, अमन कुमार गुप्ता, मोहम्मद अमानुल्लाह, रूद्र तिवारी, ऋत्विक मजूमदार, पलचीन जैन, रिया कुमारी, श्रेया कुमारी, रमित जैन, हिमांश जैन ,पूर्ण दोकानिया, ग्रंथ जैन, नव्या कुमारी, सार्थक आनंद, सुरोनोय दास, आयुष आनंद एवं अन्य ने जगह बनाई। इस प्रतियोगिता के शीर्ष विजेता खिलाड़ियों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर दफ्तरी ने पुरस्कृत किया। मौके पर संघ के उपाध्यक्ष बासुकी नाथ गुप्ता, संयुक्त सचिव सुधांशु सरकार, निरोज खान, खिलाड़ियों के अभिभावकगण एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### डुमरी विधानसभा उपचुनाव में सदर विधायक फूंक रहें हैं जान, एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में बुलंद कर रहे हैं नारा





**संवाददाता / हज़ारीबाग सोहैल किरमानी**। डुमरी विधानसभा उपचुनाव में एनडीए समर्थित भाजपा के प्रत्याशी यशोदा देवी के पक्ष में हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल पिछले करीब एक सप्ताह से सघन चुनाव प्रचार में जुटें हैं। लगातर क्षेत्र में सघन जनसंपर्क के माध्यम से खूब पसीना बहा रहें हैं। सुबह से लेकर रात्रि तक निरंतर डुमरी क्षेत्र की जनता के बीच एनडीए के अन्य नेताओं के साथ चुनावी सभाएं साझा कर रहें है तो लोगों के बीच चौपाल लगाकर और बैठकें करके उनसे एनडीए समर्थित उम्मीदवार के पक्ष में मतदान की अपील कर रहें हैं। एक तरीके से विधायक मनीष जायसवाल ने एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में डुमरी उपचुनाव में जान फूंक दिया है । विधायक मनीष जायसवाल लगातर चुनाव प्रचार के दौरान डुमरी विधानसभा क्षेत्र में मिल रहे जनता का अपार समर्थन से बेहद खुश हैं और विश्वास जता रहे हैं कि इस बार डुमरी विधानसभा उपचुनाव में बदलाव की बयार बह रही है। जनता ने एनडीए के पक्ष में मतदान का पूर्ण मन बना लिया है ।

# हजारीबाग का बहुमुखी विकास मोदी जी और कमल का कमाल हैः सांसद

**संवाददाता /हज़ारीबाग सोहैल किरमानी**। सांसद जयंत सिन्हा जी ने 3 सितंबर को हजारीबाग व कटकमदाग का दौरा किया। वे यहां विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। सर्वप्रथम उन्होंने सिद्धू कान्हू चौक स्थित ज्ञान ज्योति कॉलेज में आयोजित युवा उत्सव में शामिल होकर युवाओं से संवाद किया। इस कार्यक्रम में प्रतियोगिताओं के जरिए युवाओं का ज्ञानवर्धन किया और उनसे प्रश्नोत्तर व चर्चा की। वे देश से जुड़े मुद्दों पर युवाओं के प्रश्नों के जवाब देकर प्रसन्न हुए और उपस्थित सभी युवाओं को उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं। इसके उपरांत सांसद जयंत सिन्हा ने कटकमदाग के ग्राम पकरार के निवासी सीआईएसएफ में कार्यरत स्व. सतीश प्रसाद कुशवाहा जी, जो 2019 में नवी मुंबई स्थित ओएनसीजी प्लांट में हुई घटना में शहीद हो गए थे, उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। साथ ही उनके पूज्य माता पिता जी को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सतीश जी पर देश को गर्व है। मैं उनके परिजनों को नमन करता हूं जिन्होंने अपने पुत्र के रूप में देश को ऐसा वीर दिया। सतीश जी सदैव युवाओं को राष्ट्र प्रेम के लिए प्रेरित करते रहेंगे। तत्पश्चात सांसद जयंत सिन्हा ने ग्राम बानादाग के पहाड़ी समीप सांसद मद से बन रहे सीढ़ी निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। सांसद मद की 7 लाख की राशि से यह निर्माण किया जाएगा। साथ ही इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों संग जनसंवाद कर लोगों की समस्याओं को सुना और उनके निवारण हेतु अधिकारिओं को निर्देश दिए। अंत में सांसद जयंत सिन्हा ने ग्राम बेस में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बन रहे आवासों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में हर जरूरतमंद के लिए मोदी सरकार आवास मुहैया करवा रही है। यह मोदी जी और कमल का कमाल है। ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री जी और अपने सांसद के प्रति आभार प्रकट किया।





# समाजवादी नेता प्रमोद कुमार सिंह की 26वीं पुण्य स्मृति दिवस मनाई गई





**मोतिहारी। अशोक कुमार।** नगर के जमला रोड मे जिले के जाने-माने समाजवादी नेता एवं विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी प्रमोद कुमार ,सिंह की 26 वीं पुणय स्मृति दिवस बड़े ही स्नेह आदर सम्मान और प्यार पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा नेता लाल बाबू सिंह एवं अन्य अतिथि गणों ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रेड क्रॉस सोसाइटी के जिला सचिव विभूति नारायण सिंह ने कहा कि राजनीति में तो विधायक बनने के लिए विभिन्न दलों में लंबी लाइन लगी हुई है लेकिन प्रमोद कुमार सिंह जिस तरह से लोगों के दर्द को अपने सीने में लेकर चले तथा गांव-गांव गली गली जाकर समस्याओं की सूची बनाकर उसका समाधान किया करते थे वैसा ही जनप्रतिनिधि होना चाहिए। लेकिन किसी की नजर उनपर लग गई और वे समय के पहले ही चले गए। उनका आदर्श सिद्धांत आज भी जिंदा है। पूर्व विधान परिषद बबलू गुप्ता ने कहा कि प्रमोद सिंह में जरा भी घमंड नहीं था। एक व्यवसाय के सिलसिले में हम लोग आमने-सामने हुए थे लेकिन उन्होंने कहा कि आप तो मेरे छोटे भाई है आप ही आगे रहिए ।वे हमेशा अपने से छोटों को आगे बढ़ाते में थे ।यह उनकी विशेषता थी। अध्यक्षीय भाषण में भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल बाबू सिंह ने कहा कि आज से 26 वर्ष पूर्व किसी ने नहीं सोचा था कि इतना होनहार नेता हम लोगों के बीच से चला जाएगा। वह हर पल गरीबों और जरूरतमंदों के लिए खड़ा रहते थे, यहां तक अपना भोजन तक भी दूसरे को खिलाकर बिना भोजन किये सो जाते थे। ऐसा था मेरा प्रमोद कुमार। लेकिन प्रकृति के आगे किसी की नहीं चलती है शायद भगवान को भी अच्छे लोगों की ज्यादा जरूरत है इसलिए उन्होंने 26 वर्ष पूर्व प्रमोद भाई को बुला लिया ।उन्होंने कहा कि 1995 में प्रमोद कुमार चुनाव लड़े थे। उनकी राजनीतिक यात्रा पर उन्होंने कहा कि विभिन्न दलों से वे हुए जुड़े रहे लेकिन समाजवादी खेमा के ही रहे। अंतिम दम तक वे उस सिद्धांत को लेकर चले । श्रद्धांजलि समारोह में काफी लोगों ने विचार व्यक्त किये। संबोधित करने वालों में रुदल सिंह, शेख मोहम्मद वकील, मंसूर आलम, सुभाष सिंह, लालबाबू सिंह के अलावा काफी अन्य लोग थे। सभी ने एक स्वर से प्रमोद कुमार को अति संवेदनशील एवं जनता की लड़ाई लड़ने वाला बताया। वक्ताओं ने यह भी कहा कि पिता के विरासत को उनके पुत्र सुभाष सिंह आगे बढ़ा रहे हैं और जिस तरह प्रमोद सिंह ने जनता की सेवा की उनके पुत्र भी उस विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं , ऐसा लगता है कि प्रमोद जी हमारे बीच आज भी मौजूद है। कार्यक्रम को अन्य कई लोगों ने संबोधित किया। लेकिन जब प्रमोद सिंह के पुत्र सुभाष सिंह माइक पर आए तो इतने अधिक भावुक हो गए कि बोल भी नहीं पाए और उनका गला अवरुद्ध हो गया और आंखों में आंसू छलक गए, दो शब्द ही उन्होंने कहा कि मेरे पिता मुझे बचपन में ही छोड़ कर चले गए , मैं सेवा करता रहूंगा और उनके अधूरे कार्यों को पूरा करूंगा। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने प्रमोद कुमार सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### कटिहार के सिरंडा पुल के पास मो मुन्ना हत्याकांड मामले में चार गिरफ्तार, एसपी ने प्रेस वार्ता कर किया खुलासा





**दैनिक शुभ भास्कर, जिला ब्यूरो चीफ, रूपेश मिश्रा ।** 12 अगस्त को प्राणपुर थाना क्षेत्र के सिरंडा पुल के पास मो मुन्ना की गोली मार कर हत्या कर दिया गया था। इस मामले में एक नामजद व अन्य अज्ञात अपराध कर्मियों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया गया था। इस मामले का कटिहार पुलिस ने खुलासा कर लिया है। रविवार को नगर थाना में प्रेस वार्ता के माध्यम एसपी जितेंद्र कुमार ने इस मामले का उद्बेदन करते हुए बताया कि इस मामले में उद्बेदन को लेकर मो शेरु उर्फ उमर फारूक को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ के क्रम में उन्होंने बताया कि मोहम्मद मुन्ना की हत्या को लेकर 5 लाख की सुपारी मोहम्मद इरशाद एवं मोहम्मद आजम लेकर अपने अन्य सहयोगी कुमोद कुमार यादव और विश्वजीत कुमार उर्फ विश्वा के साथ मिलकर हत्या किया था। इस मामले में चार अभियुक्त गिरफ्तार हो चुके हैं। उनके पास दो देशी पिस्तौल, आठ गोली, दो मोबाइल और स्कॉर्पियो भी बरामद किया है। मोहम्मद इरशाद की गिरफ्तारी घटना वाले ही रात पुलिस ने कर ली थी।

### जनता दल यूनाइटेड हज़ारीबाग सदर प्रखंड का विस्तार किया गया



**संवाददाता/ हज़ारीबाग सोहैल किरमानी।** हज़ारीबाग होटल रॉयल फैमिली रेस्टोरेंट अमृत नगर में जनता दल यूनाइटेड सदर प्रखंड का विस्तार किया गया। प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद कुशवाहा की अध्यक्षता में संगठन विस्तार करते हुए प्रखंड उपाध्यक्ष अशोक प्रसाद एवं महावीर प्रसाद को बनाया गया। प्रखंड सचिव सहदेव उरांव एवं किशोर राम को बनाया गया। जिला अध्यक्ष श्री प्रभु दयाल कुशवाहा की उपस्थिति में चयन किया गया । प्रभु दयाल कुशवाहा ने चयनित दोनों उपाध्यक्ष और दोनों सचिव को बधाई दी और उनके कार्य और दायित्व का बोध कराया । प्रभु दयाल कुशवाहा ने आगे कहा की सभी प्रखंडों में प्रखंड कमेटी जल्द ही बना ली जाएगी। बैठक में प्रदेश सचिव मिथलेश सिंह उपस्थित थे । उपाध्यक्ष राकेश ठाकुर, उपाध्यक्ष अविरल बिहारी लाल, महिला अध्यक्ष खुशबू कुमारी, नजरुल्लाह अंसारी, सुजाता सिंह, रीना देवी ,संतोष प्रसाद ,जगदीश महतो, अशोक प्रसाद, सहदेव उरांव, रहमान जी, साबिर खान, छोटन पासवान और पार्टी के कई वरीय नेता और कार्यकर्ता और सक्रिय सदस्य उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद कुशवाहा ने किया।

### शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या ब्रह्माकुमारियों ने 21 शिक्षको को किया सम्मानित



**आरेराज, अशोक वर्मा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय अरेराज सेवा केंद्र मे शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर अति प्रभावशाली कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में 21 शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उत्तर बिहार की वरिष्ठ राजयोगिनी बीके मीना दीदी ने कहा कि शिक्षक ही सही शिल्पकार होते हैं उनके द्वारा व्यक्तित्व निर्माण किया जाता है। उन्होंने शिक्षकों का आहवान किया कि बदलते दौर में तथा समय के नाजुकता को देखते हुए छात्र के अंदर मूल्य निष्ठ शिक्षा देने की आज विशेष जरूरत है। उन्होंने ब्रह्माकुमारी एवं अन्नामलाई यूनिवर्सिटी के संयुक्त रूप से पत्राचार द्वारा दी जाने वाली मूल्य निष्ठ शिक्षा जिसमें पीजी डिप्लोमा तथा पीजी डिग्री है की पूर्ण जानकारी दी । सम्मानित होने वाले शिक्षकों में मुख्य रूप से कृष्णा मिश्रा, राधे कृष्णा गणपत राय ,अमरेंद् कुमार ,बृजभूषण, अर्चना, सोनाली, लक्ष्मी ,दीनानाथ गुप्ता आदि थे। कार्यक्रम में भाग लेने वालों में मुख्य रूप से विकिपीडिया का बीके रेखा अभिमन्यु के प्रिंस बीके योगी भाई आते थे

### क्षेत्र में पौधा वितरण करते समाजसेवी सी के पाण्डेय



**संवाददाता /हज़ारीबाग सोहैल किरमानी।** बरकट्ठाः मानव विकास संस्था के सहयोग से बरकट्ठा प्रखण्ड वासियों/किसानों को पौधा वितरण करते समाजसेवी व जिला परिषद प्रतिनिधि बरकट्ठा सी के पाण्डेय। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि चेचकप्पी डेगलाल साव, समाजसेवी सुरेश कुमार पाण्डेय, पंचायत समिति चेचकप्पी, रिंकू माली, अभिषेक पाण्डेय, श्याम मोदी, अर्जुन दास, दुर्गा सिंह, दीपक कुमार, विकास दास, रोहित टुडू, विकास मंडल व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**बैठक** प्रतियोगिता को लेकर आयोजन समिति की बैठक, अबतक की तैयारियों से सदस्यों को कराया गया अवगत

# साइक्लिंग प्रतियोगिता में नहीं होगा ऑन स्पॉट एंट्री, दो दिन पहले तक होगा रजिस्ट्रेशन




**मोतिहारी, अशोक वर्मा।** पूर्वी चंपारण जिला साइक्लिंग संघ द्वारा आयोजित होने वाले दो दिवसीय (9-10 सितंबर) तृतीय जिलास्तरीय रोड साइक्लिंग प्रतियोगिता को लेकर रविवार को स्थानीय नकछेद टोला स्थित निगम पार्षद व आयोजन समिति अध्यक्ष धीरज जयसवाल के निवास पर बैठक हुई। अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष ने की। मौके पर दो दिवसीय प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर अबतक की हुई तैयारियों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर सुरक्षा एवं स्वागत समिति का गठन किया गया। संघ के सचिव सिद्धार्थ वर्मा ने बताया कि यूथ, सब जूनियर, जूनियर और सीनियर (बालक- बालिका) वर्ग की होने वाली प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न निजी, सरकारी विद्यालयों व महाविद्यालयों से करीब 200 प्रतिभागी होंगे। कहा कि प्रतियोगिता में मोतिहारी शहरी क्षेत्र के कई सरकारी व निजी विद्यालयों के अलावा कई महाविद्यालयों, बंजरिया, अरेराज, तुरकौलिया, हरसिद्धि, सुगौली, मधुबन, चकिया, चिरैया, घोड़ासहन, लखौरा व कई अन्य प्रखंडों से बच्चों की भागीदारी होगी। आयोजन समिति अध्यक्ष श्री जयसवाल ने कहा कि सरकारी छुट्टी को देखते हुए प्रतियोगिता के आयोजन तिथि से दो दिन पहले तक एंट्री फॉर्म जमा होगा। प्रतियोगिता स्थल पर एंट्री फॉर्म नहीं लिया जाएगा। कहा कि प्रतियोगिता के दौरान सभी प्रशासनिक व सुरक्षा इंतजाम रहेंगे। मौके पर उपस्थित सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने के लिए कई सुझाव दिए। बैठक में एसोसिएशन के उपाध्यक्ष शैलेंद्र मिश्र बाबा, संरक्षक में अरविंद कुमार व राजेश कुमार, कोषाध्यक्ष सुधीर कुमार, मीडिया प्रभारी पंकज वर्मा उपस्थित थे।

### पूर्वी चंपारण जिला शतरंज संघ ने स्कूलों में त्रैमासिक फ्री चेस ट्रेनिंग प्रोग्राम की शुरुआत की

**मोतिहारी, अशोक वर्मा।** पूर्वी चंपारण जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष धनंजय कुमार ने अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग प्राप्त खिलाड़ी रामचरण जी के साथ राज्यस्तरीय खिलाड़ी संजय मिश्रा को खिलाड़ियों को प्रशिक्षण प्रभारी बनाया । दोनो प्रशिक्षकों ने खिलाड़ियों को चेस की ट्रेनिंग के साथ-साथ शतरंज के क्षेत्र में कैरियर की संभावनाओं की जानकारी दी। जिला शतरंज संघ के सेक्रेटरी शशिनंद कुमार ने बच्चो को चेस के नोटेशन और एवम चेस के मोहरो के वैल्यूएशन की जानकारी दी। मौके पर एम. एस. मेमोरियल पब्लिक स्कूल के प्राचार्य श्री सतनाम सिंह जी ने बच्चो को संबोधित करते हुए कहा कि शतरंज में कैरियर की असीम संभावनाएं हैं और साथ ही छात्रों के मानसिक के साथ-साथ बहुमुखी विकास के लिए भी शतरंज बहुत लाभदायक है। अंत में कंक्लूड करते हुए पूर्वी चंपारण जिला शतरंज संघ प्रेसिडेंट धनंजय कुमार ने कहा कि यह ट्रेनिंग अगले 3 महीने तक चलेगी और आगामी 11 सितंबर से आर्या विधा पीठ स्कूल में भी फ्री ट्रेनिंग चेस ट्रेनिग की शुरुआत की जाएगी !

# किशनगंज के शतरंज खिलाड़ियों को मिलेगा हर संभव सहयोगः दफ्तरी



**किशनगंज, (अली रेजा सिद्दिकी)**। जिला शतरंज संघ के कार्यकारी अध्यक्ष डॉक्टर राजकरण दफ्तरी ने कहा कि किशनगंज जिले के प्रतिभावान शतरंज खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। रविवार के दिन जिला शतरंज संघ द्वारा स्थानीय इंडोर स्टेडियम में एक निःशुल्क ओपन शतरंज प्रतियोगिता के आयोजन का, जिसमें अपने जिले के 4 दर्जन से अधिक बालक-बालिका खिलाड़िगण आपस में प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। इन खिलाड़ियों में से सौरभ कुमार एवं मुकेश कुमार संयुक्त चैंपियन घोषित किए गए। बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए श्री दफ्तरी ने मौके पर उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए आगे कहा कि बच्चों के मानसिक विकास हेतु शतरंज एक बेहतरीन खेल है। अतः निश्चित रूप से सभी बच्चों को इस खेल में रुचि लेना चाहिए । संघ के मानद महासचिव शंकर नारायण दत्ता एवं वरीय संयुक्त सचिव तथा कार्यक्रम के संयोजक कमल कर्मकार ने आगे जानकारी दी कि सौरभ-मुकेश के बाद अगले स्थान पर क्रमशः रोहन कुमार ,आयुष कुमार, धान्वी कर्मकार, अथर्व राज, अमन कुमार गुप्ता, मोहम्मद अमानुल्लाह, रूद्र तिवारी, ऋत्विक मजूमदार, पलचीन जैन, रिया कुमारी, श्रेया कुमारी, रमित जैन, हिमांश जैन ,पूर्ण दोकानिया, ग्रंथ जैन, नव्या कुमारी, सार्थक आनंद, सुरोनोय दास, आयुष आनंद एवं अन्य ने जगह बनाई। इस प्रतियोगिता के शीर्ष विजेता खिलाड़ियों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर दफ्तरी ने पुरस्कृत किया। मौके पर संघ के उपाध्यक्ष बासुकी नाथ गुप्ता, संयुक्त सचिव सुधांशु सरकार, निरोज खान, खिलाड़ियों के अभिभावकगण एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## ख़ास ख़बर

### किसानों और दुकानदारों ने अपनी लड़ाई जीती -महेंद्र प्रसाद यादव

**डीडीयू नगर।** चंदौली से सैदपुर मार्ग के चौड़ीकरण से प्रभावित किसान और दुकानदारों ने अंतोगत्वा संघर्षों के बदौलत अपनी लड़ाई जीत ली ।किसान न्याय मोर्चा के प्रदेश संयोजक महेंद्र प्रसाद यादव एडवोकेट उपाध्यक्ष शमीम मिल्की एवं प्रदेश महामंत्री इंद्रजीत शर्मा ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि पिछले 4 महीना से आंदोलन कर रहे प्रभावित किसानों ने जंग जीत कर या बता दिया है की एकता में बहुत बड़ा बल है। कल किसानों एवं प्रशासन में समझौता के तहत चार गुना मुआवजा देने पर सहमति बनी तथा विस्थापित लोगों को पुनर्वासन की भी सुविधा दी गई। इससे प्रभावित किसानों दुकानदारों एवं क्षेत्रीय जनता में हर्ष व्याप्त है किसानों को जीत की बधाई देने वालों में रोहित यादव ,सुशील यादव ,केदार यादव, हीरावती देवी मन्नू यादव ,धर्मदेव कुशवाहा ,श्रवण कुशवाहा, राकेश मौर्य, कृष्णकांत यादव आदि शामिल रहे।

### ग्रापए मुगलसराय तहसील से तीन दर्जन पदाधिकारी व सदस्यों ने दिया सामूहिक इस्तीफा

**डीडीयू नगर(जनवार्ता)।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के चंदौली जनपद के मुगलसराय तहसील से तीन दर्जन पदाधिकारी व सदस्यों ने दिया सामूहिक इस्तीफा,संगठन के कार्यशैली से छूब्ध होकर सभी पदाधिकारी व सदस्यों ने सामूहिक इस्तीफा दिया इसके संबंध में आज दिनांक 3 /9/ 2023 को शास्त्री पार्क में सभी सदस्यों और पदाधिकारी के द्वारा एक बैठक की गई बैठक के दौरान सभी ने मिलकर यह निर्णय लिया कि बीते कई वर्षों से संगठन से जुड़े रहकर संगठन में काम करने के बाद भी पुराने संगठन के पदाधिकारी व सदस्यों को दरकिनार किया गया, जिसे छूब्ध होकर बड़ी संख्या में पदाधिकारी और सदस्यों ने ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन से इस्तीफा दिया। विनोद पाल (वाराणसी मंडल पूर्व महामंत्री), संतोष शर्मा (वाराणसी मंडल पूर्व उपाध्यक्ष), धर्मेंद्र प्रजापति (वाराणसी मंडल संगठन मंत्री), अखिलेश श्रीवास्तव (मुगलसराय इकाई संरक्षक), अमित कुमार गुप्ता (मुगलसराय इकाई अध्यक्ष), उमेश कुमार (पूर्व अध्यक्ष), प्रदीप शर्मा, राकेश दुबे, धर्मेंद्र कुमार, शैलेंद्र शर्मा, श्वेता सिद्धिदात्री, अंजनी नंदन तिवारी, सरदार रोशन सिंह, नागेंद्र कुमार प्रजापति, सुजीत कुमार, जितेंद्र कुमार, संदीप कुमार, निलेश कुमार गौतम, रवि प्रकाश शर्मा, मनोज कुमार गोंड, श्रीकांत सागर, अमित कुमार विश्वकर्मा, तुलसी चंदेल, मनीष जायसवाल, मनीष कुमार द्विवेदी, सुनील कुमार शर्मा, अनिल कुमार, कुवर संजय, सुनील कुमार शर्मा, आरके तिवारी, भानु चंदेल, अमित कुमार, श्रीकांत सागर, विकास शर्मा ( मंडल उपाध्यक्ष ), सुजीत कुमार, मनीष जायसवाल, जय तिवारी, प्रमोद सिंह ने लिखित इस्तीफा दे दिया।

### बिजलीं कटौती का जबाब जनता देगी चुनाव में अधिकारी बारिश होने का कर रहे है इंतजार

**चहनियां। चंदौली।** चहनियां क्षेत्र में अघोषित बिजलीं कटौती से जनता त्रस्त है । उमस भरी गर्मी में लोगो का हाल बेहाल है और अधिकारी बारिश का इंतजार कर रहे है । जबकि अन्य जनपदों में ग्रामीण इलाकों में भी सप्लाई भरपूर मिल रही है । इस बार जनता चुनाव में जबाब देगी । बिजलीं कटौती को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश दिख रहा है । चहनियां कस्बा के रहने वाले ब्यापार मण्डल अध्यक्ष भानु प्रताप यादव का कहना है कि चहनियां क्षेत्र में बिजलीं कटौती से कस्बा के लोग परेशान है । बिजलीं मिलने का कोई रोस्टर ही नही रह गया है । इस सरकार में बिजलीं विभाग के अधिकारी मनमाने ढंग से कार्य कर रहे है । रोस्टर के अनुसार हर तीन घण्टे पर कटौती ऊपर से फाल्ट होने पर पूरी रात की कटौती से लोगो का हाल बुरा है । और अधिकारी बारिश होने का इंतजार कर रहे है । क्या बिडम्बना है ऐसा आज तक नही हुआ । कैथी गांव के पप्पू सिंह का कहना है कि सरकार 18 घण्टे बिजलीं की सप्लाई देने का दावा कर रही है । मुख्यमंत्री खुद आकर अपना दावा देख ले कि अधिकारी कैसे सप्लाई दे रहे है । जनता से पूछे तो सच्चाई सामने आ जायेगी । इस बार इसी बिजलीं,सड़क,पानी के मुद्दे पर चन्दौली जनपद में सरकार की किरकिरी होगी । सराय गांव के रहने वाले सौरभ पाण्डेय का कहना है कि भाजपा सरकार में केवल लॉलीपॉप दिखाने का कार्य होता है । इस उमस भरी गर्मी में लोगो का हाल बुरा है और एमडी से लेकर विभागीय अधिकारी खुद एसी में बैठकर बारिश होने का फरमान जारी कर रहे है । यहां जेई से लेकर अन्य अधिकारी शाम होते ही बनारस आवासों पर जाकर आराम फरमाते है और फोन करने पर फोन उठता नही है । रामगढ़ के रमेश चन्द्र पाण्डेय का कहना है कि इस उमस भरी गर्मी में जहां महिलाएं,बच्चो,बुजुर्गों का घरों से निकलना मुश्किल है वही बिजलीं की कटौती भी अंधाधुंध हो रही है । हर तीन घण्टे पर चार घण्टे के लिए सप्लाई गायब हो जा रही है । ब्रेक डाउन होने पर पूरी रात सप्लाई गायब । कोई भी कर्मचारी बनाने का नाम नही लेता है । इस बार चुनाव में जनता जबाब देगी ।

### सर्प दंश से वृद्धा की मौत

**चहनियां। चंदौली।** बलुआ थाना क्षेत्र के रमदत्तपुर गाँव में बीते शनिवार की देर रात को घर में सोते समय सांप के काटने से 70 वर्षीय जगतम्बा देवी पत्नी स्व0 शिवचंद कुशवाहा की मौत हो गयी। वहीं परिजनों ने रास्ता के अभाव में इलाज के लिए ले जाने के दौरान देरी हो जाने को जिम्मेदार मानते हुए हो हल्ला मचाया। ग्राम पंचायत रमदत्तपुर के राजस्व गांव मैनुद्दीनपुर में आजादी के इतने दिनों बाद भी आवागमन के लिए रास्ते का अभाव बना हुआ है। जिससे लोगों के बीमार होने, शादी विवाह होने, प्रसव पीड़ा होने के बाद करीब एक किलोमीटर की दुरी खेतों से होकर तय करनी पड़ती है। जिससे कभी कभी लोगों को इलाज में देरी के कारण जान भी गवाना पड़ जाता है। यही स्थिति शनिवार की रात में हुयी जब सर्प दंश के बाद बुजुर्ग महिला को गाँव के सामने टांडा रोड पर खड़ी एम्बुलेंस तक चारपाई पर लादकर ले आने तक उनकी मौत हो गयी। नाराज परिजनों द्वारा हो हल्ला किये जाने पर ग्राम प्रधान व अन्य के हस्तक्षेप पर उक्त महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया।

# निषाद आरक्षण संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए किया बैठक

**डीडीयू नगर।** निषाद आरक्षण संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए क्षेत्र का लगातार दौरा विकासशील इंसान पार्टी के पदाधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। इसी कड़ी में नियमताबाद ब्लॉक स्थित ग्राम सभा गंगेहरा व विलारीडीह में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष साहनी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी के संस्थापक और पूर्व मंत्री मुकेश साहनी लगातार निषाद आरक्षण की मांग उठाते रहे हैं अब हम सभी मिलकर पार्टी को मजबूत करें। पार्टी का लक्ष्य उन गरीबों को हक दिलाना है जो समाज के मुख्य धारा में अब तक नहीं जुड़ पाए हैं 100 दिन की इस यात्रा में उत्तर प्रदेश बिहार और झारखंड के 80 जिलों से होकर यह यात्रा गुजरेगी। यात्रा के दौरान लोगों के घर-घर जाकर उन्हें निषाद आरक्षण का संकल्प दिलाया जाएगा उन्होंने कहा कि आरक्षण नहीं तो गठबंधन नहीं गठबंधन नहीं तो वोट नहीं के नारे के साथ पार्टी के कार्यकर्ता लोगों के घरों तक जाएंगे। जिला संयोजक चंदौली सौरभ बिंद ने कहा कि निषाद आरक्षण संकल्प यात्रा जिले में 10 तारीख को आएगी जिसमें जनपद के वरिष्ठ पदाधिकारी के साथ-साथ कार्यकर्ता भी सम्मिलित होंगे इस अवसर पर मिथिलेश बिंद प्रदेश उपाध्यक्ष, शिवचरण बिंद जिला अध्यक्ष चंदौली, धनंजय बिंद,जय गोपाल,राजेश, रामवृक्ष आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



**अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए सीओ ने दिए निर्देश-** डीडीयू नगर(जनवार्ता)। स्थानीय रेलवे स्टेशन के सरकुलेटिंग एरिया से बच्चा चोरी की घटना के बाद से जीआरपी सतर्क हो गई है। इसी क्रम में सीओ जीआरपी कुंअर प्रभात सिंह की देख रेख में स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया गया। सीओ ने अप और डाउन की ट्रेनों में संदिग्धों की तलाश की। वहीं स्टेशन के सभी प्लेटफार्म, फुट ओवर ब्रिज, सरकुलेटिंग एरिया में यात्रियों को सतर्कता का पाठ पढ़ाया। इसके पूर्व उन्होंने कोतवाली का निरीक्षण किया और जीआरपी कर्मियों को अपराध पर अंकुश लगाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। रात दस बजे सीओ रेलवे सर्किल वाराणसी कुंअर प्रभात सिंह डीडीयू जीआरपी पहुंचे। यहां उन्होंने जीआरपी कोतवाली का निरीक्षण किया। वहीं जीआरपी कर्मियों की गणना ली। उन्होंने अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए अधिक से अधिक सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। इस दौरान 29 अगस्त की रात सर्कुलेटिंग एरिया से बच्चा चोरी की घटना का जल्द से जल्द खुलासा करने का निर्देश दिया। इसके बाद संदिग्धों की तलाश में स्टेशन पर जांच पड़ताल की। इस मौके पर अतिरिक्त निरीक्षक प्रवेश कुमार सिंह, निरीक्षक विपिन यादव, निरीक्षक अवधेश मिश्रा, एसआई मुन्ना लाल, अरुण कुमार, संदीप राय आदि रहे।

**किसानों और दुकानदारों ने अपनी लड़ाई जीती _महेंद्र** - डीडीयू नगर(जनवार्ता)।चंदौली से सैदपुर मार्ग के चौड़ीकरण से प्रभावित किसान और दुकानदारों ने अंतोगत्वा संघर्षों के बदौलत अपनी लड़ाई जीत ली ।किसान न्याय मोर्चा के प्रदेश संयोजक महेंद्र प्रसाद यादव एडवोकेट उपाध्यक्ष शमीम मिल्की एवं प्रदेश महामंत्री इंद्रजीत शर्मा ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि पिछले 4 महीना से आंदोलन कर रहे प्रभावित किसानों ने जंग जीत कर या बता दिया है की एकता में बहुत बड़ा बल है। कल किसानों एवं प्रशासन में समझौता के तहत चार गुना मुआवजा देने पर सहमति बनी तथा विस्थापित लोगों को पुनर्वासन की भी सुविधा दी गई।

## चार किलो से अधिक अवैध गांजा लेकर जा रहे दो युवक गिरफ्तार



**अशोक कुमार जायसवाल, चंदौली ।** जिले की सदर कोतवाली पुलिस ने जांच के दौरान पंडित कमला पति त्रिपाठी संयुक्त जिला चिकित्सालय के पास से बाइक से जा रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया तथा जांच करने पर उसके पास से चार किलो 100ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त बिहार के रहने वाले हैं। तथाउनके ऊपर अपराध के कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार ने अपराध की रोकथाम के लिए जांच तथा क्षेत्र में लगातार निगरानी करते रहने के लिए जनपद की पुलिस टीम को निर्देशित किया है। उसी के तहत सदर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह के निर्देशानुसार उप निरीक्षक अमित कुमार मिश्रा थाना चन्दौली तथा उ0नि0 रामदरश यादव थाना चन्दौल मोहित शर्मा थाना चन्दौली जनपद चन्दौली एवं सर्विलांस/एसओजी टीम जनपद चन्दौली । ने शनिवारकी देर रात में जिला चिकित्सालय के पास सर्विस रोड पर जांच करते हुए साहेब जमा खान उर्फ पठान पुत्र आलमगीर निवासी ग्राम बड़ी तकिया थाना चैनपुर जिला कैमूर भभुआ बिहार तथा दूसरा बबलू चौधरी पुत्र विक्रमा चौधरी निवासी ग्राम सरैया थाना दुर्गावती जिला कैमूर भभुआ बिहार के निवासी हैं। इनके पास से गांजा के साथ एक एपाघे बाइक बरामद की गई है। साथ ही दोनों के ऊपर बिहार में कई मुकदमे भी दर्ज हैं। दोनों को जेल भेज दिया गया।

## अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए सीओ ने दिए निर्देश

**डीडीयू नगर।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के सरकुलेटिंग एरिया से बच्चा चोरी की घटना के बाद से जीआरपी सतर्क हो गई है। इसी क्रम में शुक्रवार की रात दस बजे सीओ जीआरपी कुंअर प्रभात सिंह की देख रेख में स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया गया। सीओ ने अप और डाउन की ट्रेनों में संदिग्धों की तलाश की। वहीं स्टेशन के सभी प्लेटफार्म, फुट ओवर ब्रिज, सरकुलेटिंग एरिया में यात्रियों को सतर्कता का पाठ पढ़ाया। इसके पूर्व उन्होंने कोतवाली का निरीक्षण किया और जीआरपी कर्मियों को अपराध पर अंकुश लगाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। रात दस बजे सीओ रेलवे सर्किल वाराणसी कुंअर प्रभात सिंह डीडीयू जीआरपी पहुंचे। यहां उन्होंने जीआरपी कोतवाली का निरीक्षण किया। वहीं जीआरपी कर्मियों की गणना ली। उन्होंने अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए अधिक से अधिक सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। इस दौरान 29 अगस्त की रात सर्कुलेटिंग एरिया से बच्चा चोरी की घटना का जल्द



से जल्द खुलासा करने का निर्देश दिया। इसके बाद संदिग्धों की तलाश में स्टेशन पर जांच पड़ताल की। इस मौके पर अतिरिक्त निरीक्षक प्रवेश कुमार सिंह, निरीक्षक विपिन यादव, निरीक्षक अवधेश मिश्रा, एसआई मुन्ना लाल, अरुण कुमार, संदीप राय आदि रहे।

## बाबा कीनाराम की जमीन से अतिक्रमण हटाने के लिए कार्यवाही शुरू

**चहनियां। चंदौली।** मारूफपुर स्थित बाबा कीनाराम वैष्णो मठ रामशाला मारूफपुर के भूमिधरी में अवैद्य कब्जा जमाये दर्जनों अतिक्रमण कारियों को बेदखल कराने को लेकर मठ ट्रस्ट प्रबंधन ने कार्यवाही शुरू कर दिया है। जिससे अवैद्य कब्जा धारियों में खलबली मच गया है। बाबा कीनाराम वैष्णो मठ रामशाला मारूफपुर की भूमिधरी नदेसर आराजी नंबर 189 व मझीलेपुर आराजी नंबर 4 सहित हसनपुर, भूसौला व अन्य राजस्व गाँवो में है। जिसमें मझिलेपुर व नदेसर की भूमिधरी पर आस पड़ोस के दर्जनों लोग अवैध रुप से कब्ज़ा जमाकर पक्के कमरों का निर्माण तक करा लिए है। मठ सरंक्षण के



लिए बने ट्रस्ट द्वारा बाबा कीनाराम की जमीन को खाली किये जाने के अनुरोध का कोई प्रभाव इन अवैध कब्ज़ा धारियों पर न पडता देख ट्रस्ट प्रबंधन द्वारा न्यायालय में बेदखली का वाद दाखिल किया गया। वहीं जिलाधिकारी सहित जनपद व तहसील के सभी सक्षम अधिकारीयों को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की गयी। जिसपर लेखपाल वैभव सिंह अपनी टीम के साथ मठ में पहुंचकर स्थलीय भौतिक सत्यापन किया। जिससे अवैध कब्ज़ाधारियों में खलबली मच गयी है। इस सम्बन्ध में मठ ट्रस्ट प्रबंधक रामकृष्ण सिंह ने कहा कि लोग स्वार्थ में इतने अंधे हो गये है कि धार्मिक स्थल की जमीन पर भी अतिक्रमण कर बैठे है। जिसे खाली कराने के लिए हर संभव विधिक प्रयास किया जा रहा है। जिसके लिए कुछ लोग धमकियाँ भी दे रहे है जिसकी शिकायत पुलिस में कर दी गयी है। वहीं लेखपाल ने बताया कि उच्चधिकारीयों के निर्देश पर अवैध कब्ज़ा के सम्बन्ध में स्थलीय भौतिक सत्यापन किया गया है। जिसकी जाँच आख्या रिपोर्ट उच्चधिकारीयों को भेज दी जाएगी।

### अयोध्या में सखी चालिहा साहब के उपलक्ष्य में पूज्य संतजादा साई मोहन लाल जी का शुभ आगमन





**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** अयोध्या में सखी चालिहा साहब के उपलक्ष्य में पूज्य संतजादा साई मोहन लाल जी का शुभ आगमन गुरुवार की संध्या को अयोध्या की पावन धरती पर हुआ जहां सर्व प्रथम पूज्य साई जी ने ॐ शिवालय मंदिर परिसर में विराजमान महादेव के दिव्य दर्शन कर जलभिषेक द्वारा उनका पूजन अर्चन कर प्रभु का आशिर्वाद लिया शिवालय परिवार की माताओं और बहनों द्वारा आरती पुष्प वर्षा कर साई जी का भव्य स्वागत किया गया शिवालय परिवार के महंत श्री गणेश राय दास ने पूज्य साई जी को अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया इस अवसर पर सिंधी सेंट्रल पंचायत के मुखिया ओम प्रकाश अंदानी, राजकुमार जिवानी, राजकुमार मोटवानी, पंचायत के उपमुखिया कैलाश साधवानी जी ने साई जी को ऋतुफल भेट किया बहन दृष्टी राय ने साई जी को रखी बाधकर उनका आशीर्वाद लिया इस दिव्य अवसर के सूत्रधार उत्तर प्रदेश सिंधी समाज के अध्यक्ष ओम प्रकाश ओमी जी का पूज्य महंत जी ने आभार जताया इस दिव्य अवसर पर युवा महंत कान्हा राय,राजेश जसवानी,नरेश खत्री,प्रकाश रुपानी,संजय सहता,गोल्डन,काजल खत्री,कोमल लखमानी,मनीषा खत्री,माला खत्री,आशा सहता,अंजली सहता,हेमा वरयानी समेत अनेकों भक्त उपस्थित रहे

### एसडीएम ने अभियान चलाकर निराश्रित गोवंशों को पकड़ा



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, गोंडा।** रविवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा के निर्देशानुसार उपजिलाधिकारी करनैलगंज द्वारा तहसील करनैलगंज के आसपास राजमार्गों व अन्य स्थानों पर घूम रहे निराश्रित गोवंशों को पकड़ने का अभियान चलाया। उन्होंने अपनी टीम के साथ सभी गोवंशों को पड़कर गौशालाओं में संरक्षित किया गया। और संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि राजमार्गों एवं बाजारों में घूम रहे निराश्रित गोवंशों पर विशेष ध्यान दिया जाय। और इनको तत्काल पड़कर गौशालाओं में संरक्षित किया जाए ताकि यह रोड पर या बाजार में घूमने ना पायें।

### चोरी करने का आरोपी अभियुक्त गिरफ्तार, माल बरामद



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो गोंडा।** गोंडा पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चोरो वांछित अभियुक्तों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश जनपद के समस्त प्र0नि0 थानाध्यक्षों के दिए थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान चोरी करने के आरोपी अभियुक्त विष्णु गुप्ता उर्फ आदेश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी के 2000 रू0 व 01 पैन कार्ड बरामद किया गया। उक्त अभियुक्त ने दिनांक 07.04.2023 की रात्रि शेखर होमियोपैथिक हॉस्पिटल के दुकान का ताला तोड़कर चोरी की थी। जिसके सम्बन्ध में थाना नवाबगंज में अभियोग पंजीकृत हुआ था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

### पुलिस अधीक्षक चन्दौली डॉ0 अनिल कुमार द्वारा जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की

**चन्दौली।** पुलिस अधीक्षक चन्दौली डॉ0 अनिल कुमार द्वारा जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा अपराधियों, वांछित/वारंटियों की गिरफ्तारी एवं अराजकतत्वों के विरुद्ध कार्रवाई हेतु समस्त अधिकारी एवं थाना प्रभारीगण को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। जिसके क्रम में चलाए गए वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के दौरान आज दिनांक 03/09/2023 को जनपद के विभिन्न थानों द्वारा 07 वारंटियों को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक चन्दौली के निर्देशानुसार ऐसी कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी तथा प्रत्येक आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों एवं अराजकतत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**थाना बलुआः** महेन्द्र पुत्र प्यारेलाल नि0 सर्वनानन्दपुर थाना बलुआ जनपद चन्दौली। राजाबाबू पुत्र सभापति नि0 ग्राम रमौली थाना बलुआ जनपद चन्दौली।

**थाना मुगलसरायः** अजीत यादव पुत्र रामकृत यादव निवासी ग्राम सहजौर थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली। रामकृत यादव पुत्र स्व0 विक्रमादित्य निवासी सहजौर थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली।

**थाना सैयदराजाः** द्वारिकानाथ विश्वकर्मा पुत्र रामनरायन विश्वकर्मा निवासी वार्ड नं 9 आजाद नगर थाना व कस्बा सैयदराजा जनपद चन्दौली ।

**थाना धीनाः** रामभजन राम पुत्र स्व0 बाबूनन्दन राम ग्राम एकौनी थाना धीना चन्दौली। अच्छेलाल गुप्ता पुत्र सम्पत गुप्ता निवासी कमालपुर थाना धीना चन्दौली।

निरीक्षण | मुख्य अतिथि विधायक रमेश जायसवाल व विशिष्ट अतिथि शेषपाल गर्ग ने दीप प्रज्वलित कर की

## अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का 30 वां स्थापना दिवस मना





**चंदौली।** जिले में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जिला इकाई के नेतृत्व में रविवार 3 सितंबर को 30 वां व्यापारी स्थापना दिवस सदर क्षेत्र के नूर पैलेस लान में मनाया गया, इसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल व विशिष्ट अतिथि शेषपाल गर्ग ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया इस दौरान जिले से आए व्यापारियों व काशी क्षेत्र से आए पदाधिकारियों को जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्रम देकर सम्मानित किया इस बाबत पर मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल ने कहा कि व्यापारी समाज हमारा अभिन्न अंग है समाज में इसकी सहभागिता सर्वोपरि है व्यापारी समाज हमेशा से हर विषम परिस्थितियों में खड़ा रहता है इस देश में व्यापारियों की समाज में मुख्य भूमिका होती है वहीं जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने बताया कि व्यापारी हमेशा अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करता आ रहा है समाज में उनकी एक अलग भूमिका रहती है पूरे देश के व्यापारी वर्ग अर्थव्यवस्था को चलाते रहते हैं व्यापार मंडल का संगठन हमेशा मजबूत रहा है लोगों के सुख-दुख में हमेशा खड़ा रहता है जिले के हर व्यापारी लोगों के बीच अपने ईमानदारी से व्यापार को बढ़ावा देता है व्यापारी बंधु अपने लगन और मेहनत के बदौलत अपने कार्यों का निर्वहन करते आ रहे हैं इस बैठक में प्रमुख रूप से पदाधिकारी में वाराणसी मंडल से श्रुति जैन, मोती जायसवाल ,जिला महामंत्री अनिरुद्ध जायसवाल ,जिला कोषाध्यक्ष गणेश मद्धेशिया ,जिला महिला अध्यक्ष अर्चना देवी ,पूर्व चैयरमैन अरविंद कुमार ,शीला गुप्ता ,शीला देवी ,घूरेलाल कन्नौजिया ,अमिय पांडे, बबलू सोनी, हरजीत सिंह ,शेरू खान ,दानिश ,प्रीतम जायसवाल ,मकबूल आलम अब्दुल कलाम अंसारी, महेंद्र गुप्ता ,मंजू जायसवाल ,आभा चौरसिया आदि कई व्यापारी सहित पत्रकार बंधु शामिल रहे?

## बबुरी पोखरे पर दिखा विशाल जंगली जानवर, हड़कंप





**अशोक कुमार जायसवाल, चंदौली/बबुरी।** शनिवार को सोशल मीडिया पर, बबुरी कस्बा स्थित तालाब के किनारे टहलते हुए एक विशाल तेंदुए जैसे दिखने वाले जानवर की फोटो वायरल होने से लोगो मे हड़कंप मच गई । लोगो कि कहना है कि शुक्रवार की देर रात जानवर को तालाब के किनारे देखा गया है । सुबह इसकी जानकारी होते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई ।बताया जा रहा है कि देर रात किसी व्यक्ति ने पोखरे के घाट पर तेंदुए की तरह दिखने वाले जानवर को टहलते हुए देखा और उसकी फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर डाल दिया । देखते ही देखते जानवर की फोटो वायरल हो गई । जिससे क्षेत्र में भय समाया हुआ है । लोग दिन में भी पोखरे के आस पास बड़ी झाड़ियों के पास जाने से कतरा रहे हैं । ग्रामीणों की सूचना पर शनिवार की दोपहर वन विभाग की पांच सदस्यीय टीम ने बबुरी ग्राम सभा में पहुंच कर संभावित जगहों पर निरीक्षण किया । इस दौरान डिप्टी रेंजर छविनाथ त्रिपाठी ने कहा कि वायरल फोटो में दिख रहा जंगली जानवर स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि तेंदुआ है या फिर बाघ या इसी प्रजाति का कोई अन्य हिंसक जीव , इसलिए हमारी ग्रामीणों से अपील है कि जब तक इस जंगली जानवर को पकड़ने में सफलता नहीं मिलती है । तब तक लोग अपने पालतू जानवरों तथा छोटे बच्चों को लेकर सतर्क रहें । रात में अकेले घूमने फिरने से बचें ।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324
सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।